* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

12 जनवरी, 2023
माघ, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 85

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


शिबू सोरेन और बाबूलाल मरांडी का जन्मदिन राज्य में धूमधाम से मना






FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)

Admission OPEN 2023-24

PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available

NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM

Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com


## चाइबासा में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान में हुआ धमाका

# पांच जवान घायल, चार जवानों को लाया गया रांची

- मेडिका अस्पताल में घायल जवानों का इलाज चल रहा है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज है। पश्चिमी सिंहभूम के चाइबासा में नक्सलियों ने धमाका किया। इस धमाके में पांच जवान घायल हो गये। इनमें चार जवानों को रांची रेफर किया गया । मेडिका अस्पताल में घायल जवानों का इलाज चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना चाइबासा के टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका की है। सुरक्षा बल पूरे इलाके में सर्च अभियान चला रहे थे, इसी दौरान यह धमाका हुआ। इस ब्लास्ट में चाइबासा पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन के जवान चपेट में आये हैं। विस्फोट की जानकारी मिलते ही पुलिस मुख्यालय एक्टिव हो गया। घायलों को तत्काल रांची एयरलिफ्ट किया गया। घटना स्थल पर अतिरिक्त फोर्स भेजी गयी।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा कि नक्सलियों से मुठभेड़ चल रही है। इलाके में सर्च ऑपरेशन के दौरान ही यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों और मिसिर बेसरा दस्ते के नक्सलियों के बीच इस दौरान मुठभेड़ भी हुई। घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया गया, जहां मेडिका अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। जहां धमाका हुआ वहां पुलिस अब भी सर्च अभियान चला रही है। पूरे इलाके को घेर लिया गया है। हांलाकि नक्सली घने जंगल का फायदा उठा कर जंगल में प्रवेश कर गये हैं। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की नाकेबंदी कर दी है। फिलहाल सभी जवान सुरक्षित हैं। किसी को गंभीर चोट नहीं आयी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार आइइडी विस्फोट में घायल कोबरा के चार जवानों को हेलीकाप्टर से रांची लाया गया। चारों जवानों को खेलगांव स्थित स्टेडियम में बने हेलीपैड पर उतारा गया। वहां से एंबुलेंस से मेडिका अस्पताल ले जाया गया। घायल जवानों में अजय लिंडा (29), शाहरुख खान (27), भरत सिंह राय (26) और मुकेश कुमार सिंह (38) हैं। सीआरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि दो अन्य जवानों को भी हेलीकाप्टर से रांची लाया जायेगा। घायलों में अलोक दास और एक अन्य जवान है।

### कांके में उग्रवादियों ने वाहन को जलाया

कांके। कांके थाना क्षेत्र के सुकुरहुट्टू स्थित आइटीबीपी कैंप के पास स्टोन चिप्स माइंस में टीपीसी के उग्रवादियों ने जम कर उत्पात मचाया है। उग्रवादियों ने माइंस में लगे वाहन को आग के हवाले कर दिया। घटना मंगलवार की देर रात की है। उग्रवादियों ने गार्ड की पिटाई की और उसका मोबाइल छीन कर ले गये। बताया जाता है कि उग्रवादियों ने स्टोन माइंस संचालक से लेवी की मांग की थी। लेवी नहीं देने पर धमकी भी दी थी। इसी बीच देर रात करीब 15 की संख्या में आये उग्रवादियों ने गार्ड की कनपट्टी में पिस्तौल सटा कर मालिक का पता पूछा। इसके बाद वहां लगे एक हाइवा को आग के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी बुधवार की सुबह पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी हुई है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला लेवी को लेकर अंजाम देने का प्रतीत होता है। घटना को टीपीसी ने अंजाम दिया है।

## राज्य स्तरीय पोलिटिकल अफेयर्स कमिटी की बैठक

# कांग्रेस ने बनायी सशक्त रणनीति, रामगढ़ उपचुनाव में जीत होगी सुनिश्चितः अविनाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ की विधायक ममता देवी की सदस्यता खत्म हो चुकी है। रामगढ़ विधानसभा में उपचुनाव होना तय हो चुका है। कांग्रेस एक बार फिर उपचुनाव में इस विधानसभा सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता रणनीति तैयार कर रही है। इसी क्रम में बुधवार को रामगढ़ के जिमखाना क्लब में राज्य स्तरीय पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक हुई। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए झारखंड कांग्रेस के प्रभारी ने कहा कि रामगढ़ चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित है। बैठक में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। संगठन की मजबूती के साथ-साथ गठबंधन के मुद्दों पर भी काफी गंभीरतापूर्वक चर्चा हुई। रामगढ़ उपचुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनायी गयी।

### हाथ से हाथ मिलाओ यात्रा की होगी शुरुआत

अविनाश पांडे ने कहा कि देश में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की थी। कश्मीर से कन्याकुमारी तक चलने वाली इस यात्रा का समापन 30 जनवरी को कश्मीर में होने वाला है। झारखंड में भी उप यात्रा की एक बड़ी उपलब्धि रही है। इसलिए अब उसके दूसरे चरण में हाथ से हाथ मिलाओ यात्रा की शुरूआत होगी। झारखंड में 9 फरवरी से इस यात्रा की शुरुआत होगी।





### गैर भाजपाई विधायकों पर कार्रवाई सवाल खड़े कर रहे

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने कहा कि रामगढ़ जिले की जुझारू विधायक ममता देवी से भी जेल में मुलाकात की गयी। जन आंदोलन से जुड़े नेताओं को कोर्ट ने जितनी गंभीर सजा सुनायी है वह न्यायोचित नहीं है। झारखंड में गैर भाजपाई विधायकों को जिस तरीके से सजा सुनायी गयी, वह भी कई सवाल खड़े कर रहे। कांग्रेस कमेटी न्यायपालिका से अपील करती है कि जन आंदोलन से जुड़े नेताओं को सजा देने के लिए पूरे देश और सभी राज्यों में एक जैसे प्रावधान होने चाहिए। कांग्रेस पार्टी ममता देवी को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव कार्य करेगी।

### नियोजन नीति में सुधार कर युवाओं को दिया जायेगा लाभ

पांडे ने कहा कि 1932 के खतियान, पेशा कानून, जल, जंगल, अधिकार, नियोजन नीति का लाभ किस तरह झारखंड के लोगों को मिले, इस पर विचार किया गया। नियोजन नीति में थोड़ी खामी रही, इसमें सुधार कर जल्द ही उसे दोबारा लागू किया जायेगा। सरना कानून को पास कराने के लिए कांग्रेस कमेटी का एलिवेशन केंद्र सरकार से भी मिलेगा, ताकि उसे जल्द से जल्द पारित करा कर झारखंड वासियों को इसका लाभ दिया जा सके।

### बैठक में ये थे शामिल

कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे के अलावा प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, मंत्री रामेश्वर उरांव, सुबोधकांत सहाय, मंत्री बादल पत्रलेख, मंत्री बन्ना गुप्ता, सुखदेव भगत, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, सांसद गीता कोड़ा, प्रदीप यादव, फारूक अंसारी, केएन त्रिपाठी, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, संजयलाल पासवान, भीम कुमार, कालीचरण मुंडा सहित कमिटी के कई सदस्य शामिल थे। इसके अलावा जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, बजरंग महतो, बलजीत सिंह बेदी, पंकज प्रसाद तिवारी, राजकुमार यादव, संजय साव सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।


नामांकन जारी सत्र : 2022-2023
उषा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
D.C ऑफिस के पीछे, बड़ा कांकड़ा, सरायकेला
Regd. Under : Health Education & Family Welfare department Govt. of Jharkhand
Recognized by : Pharmacy Council of India (PCI) Govt. of India
Affiliated by : Kolhan University, Chaibasa, Jharkhand.
Course: B.PHARM
(Bachelor in Pharmacy)



Note : BUS & Hostel Facility
Duration : 4Yrs.
Eligibility: 10+2 With PCB/PCM
For more details Contact :
TATA NAGAR INSTITUTE OF PARA MEDICAL TECHNOLOGY
Shere Punjab Chowk, Main Road, Adityapur
Cont. 9334635208, 9472786354


### हेराफेरी के आरोपी अफसर का अनुबंध खत्म

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य खनिज विकास निगम (जेएसएमडीसी) ने 76.54 लाख रुपये की हेराफेरी के आरोपी अधिकारी अशोक कुमार का अनुबंध समाप्त कर दिया है। वह बालू और कोयला प्रभारी थे। अशोक कुमार को पूर्व खनन सचिवों के श्रीनिवासन और पूजा सिंघल का चहेता माना जाता है। पिछले साल 23 सितंबर को अशोक कुमार के खिलाफ जारी मेमो में उन पर खरसोता और पचडूमर बालू घाटों से बालू खनन चालान जारी करने में अनियमितता करने का आरोप लगाया गया था। दोनों बालू घाट गढ़वा जिले में हैं। जेएसएमडीसी ने नोटिस मिलने के 15 दिनों के भीतर राशि वापस नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी थी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि जेएसएमडीसी उक्त राशि अशोक कुमार से वसूल कर पायी है या नहीं और उसके खिलाफ प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की गयी। इस बारे में अशोक कुमार ने दावा किया है कि उन्होंने नोटिस का जवाब दिया, जिससे निगम संतुष्ट है। अशोक कुमार पर आरोप है कि खरसोता बालू घाट से उठाव के लिए घाट सुपरवाइजर ने परमिट के लिए आवेदन करने की कोई मांग नहीं की थी। लेकिन अशोक कुमार ने पिछले साल जनवरी से मार्च के दौरान अवैध रूप से 32 लाख सीएफटी का 'परमिट अप्लाई' कर दिया। इसके बाद खनन के लिए इ-चालान निकाला गया। बालू का खनन हुआ, लेकिन वह नियमानुसार जेएसएमडीसी के स्टॉक यार्ड में जमा नहीं किया गया। इससे निगम को करीब 76 लाख रुपये का नुकसान हुआ।

## सुखाड़ पर केंद्रीय टीम ने झारखंड के कृषि मंत्री के साथ की बैठक

# किसानों को केंद्र से मुआवजा मिलेः बादल

- राज्य सरकार ने 226 प्रखंड को घोषित किया है सूखाग्रस्त
- केंद्रीय संयुक्त सचिव एस रुक्मिणी ने कहा, समीक्षा कर देंगे रिपोर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्र की टीम राज्य में सूखे की स्थिति का आकलन करने आयी है। टीम में शामिल अधिकारियों की कृषि मंत्री बादल के साथ बैठक हुई। नेपाल हाउस में हुई बैठक में कृषि मंत्री ने केंद्रीय टीम को राज्य के सूखाग्रस्त इलाकों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हालात को देखते हुए केंद्र सरकार किसानों को मुआवजा दे। उधर, केंद्रीय टीम का नेतृत्व कर रही संयुक्त सचिव एस रुक्मिणी ने कहा कि हम धरातल पर हालात की समीक्षा कर रिपोर्ट देंगे। इसके बाद केंद्र सरकार फैसला लेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य के 226 प्रखंड सुखाड़ की चपेट में आये हैं। केंद्रीय टीम को सभी बिंदुओं से अवगत करा दिया गया है। उम्मीद है कि केंद्रीय टीम जो रिपोर्ट देगी, उस पर केंद्र सरकार सकारात्मक निर्णय लेगी।



### राज्य सरकार ने 3500 रुपये मुहैया कराया है


कृषि विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2022 में कम बारिश होने की वजह से राज्य में सूखा की स्थिति बन गयी थी। किसानों को काफी नुकसान हुआ। राज्य सरकार ने पूर्वी सिंहभूम और सिमडेगा को छोड़ कर झारखंड के 22 जिलों के 226 प्रखंड सूखाग्रस्त घोषित किया है। राज्य सरकार ने केंद्र से सूखा राहत सहायता मद से नौ हजार करोड़ की मांग की है। फिलहाल राज्य सरकार की तरफ से सहायता राशि के रूप में 3500 रुपये प्रति किसान परिवार मुहैया कराया जा रहा है।

केंद्रीय टीम की नेतृत्वकर्ता एवं संयुक्त सचिव एस रुक्मिणी ने कहा कि हमने रांची के चान्हो प्रखंड में जायजा लिया है। साथ ही सात जिले में जाकर हमारी टीम सूखे की स्थिति का आकलन करेगी। उन्होंने कहा कि टीम के सदस्य 13 जनवरी तक विभिन्न प्रखंडों का जायजा लेंगे। इसके बाद अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार की उप समिति को भेजेंगे। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि केंद्रीय कमेटी सकारात्मक निर्णय लेगी।

### केंद्रीय टीम में ये अधिकारी हैं शामिलः

दिल्ली से आयी इस टीम में कुल दस सदस्य हैं। इनमें डॉ मान सिंह, नीति आयोग के एससी मीणा, निदेशक करण चौधरी, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सलाहकार डी राजशेखर, पशुपालन विभाग के निदेशक वीआर ठाकरे, ग्रामीण विकास के डिप्टी सेक्रेटरी यूके नैयर, जल संसाधन विभाग के निदेशक प्रमोद नारायण, डिपार्टमेंट ऑफ एक्सपेंडिचर के निदेशक महेश कुमार, खादी एवं जन वितरण विभाग के सहायक निदेशक बृजमोहन सिंह शामिल हैं।


KUNDAN MARBLE & SANITATIONS



HOUSE OF :
Marbles, Tiles Granites, Kota Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5", 6" Boring

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802


## रूपेश को पीट-पीट कर मार डालने का लगा था आरोप

# बुंडू के रूपेश स्वांसी हत्याकांड में तत्कालीन डीएसपी को क्लीन चिट

**अजय शर्मा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** बुंडू के चर्चित रूपेश स्वांसी हत्याकांड में तत्कालीन डीएसपी पवन कुमार वर्णवाल को क्लीन चिट मिल गयी है। उनके खिलाफ चल रही विभागीय कार्रवाई के संचालन पदाधिकारी विनोद कुमार ने इसकी अनुशंसा की है। उन्होंने लिखा है कि इस प्रकरण में डीएसपी की भूमिका का प्रमाण नहीं मिल पाया है। पूरी फाइल पुलिस मुख्यालय को भेजे जाने की तैयारी की गयी है। तत्कालीन डीएसपी को इस मामले में कोर्ट से भी राहत मिली है। बता दें कि डीएसपी पवन कुमार वर्णवाल के अलावा राहे के तत्कालीन थाना प्रभारी अशोक कुमार, दशम फॉल थाना के तत्कालीन प्रभारी पंकज तिवारी और डीएसपी के बॉडीगार्ड रितेश पर रूपेश को पीट-पीट कर मार डालने का आरोप लगा था।

### क्या है मामला

7 जुलाई, 2016 को हथियार तस्करी के आरोप में बुंडू निवासी रूपेश स्वांसी को पुलिस ने हिरासत में लिया था। आरोप है कि उसे दशम फॉल थाना में रखा गया और रात भर पिटाई की गयी थी, जिससे 8 जुलाई को उसकी मौत हो गयी। उसके बाद से ही यह मामला चर्चित हुआ। उस समय बड़े पैमाने पर आंदोलन भी हुआ था। सीआइडी की जांच में आरोपी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आरोप सही पाये गये थे, लेकिन धीरे-धीरे क्रमवार अब सभी निर्दोष साबित हो रहे हैं।

### रांची के डीआइजी अनीश गुप्ता जायेंगे सीबीआइ में

रांची। रांची के डीआइजी अनीश गुप्ता को विरमित करने से संबंधित मंतव्य देने के लिए गृह विभाग ने एक पत्र पुलिस मुख्यालय को भेजा है। डीआइजी अनीश गुप्ता सीबीआइ में डीआइजी होंगे। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में जाने के लिए उनके अनुरोध को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मान लिया है। अब सीबीआइ के लिए विरमित करने से संबंधित मंतव्य पुलिस मुख्यालय को देना है।

### सभी जिलों में होंगे ट्रैफिक डीएसपी

रांची। झारखंड में चार जिलों में अभी ट्रैफिक डीएसपी का पद है। इनमें रांची, जमशेदपुर, बोकारो और धनबाद शामिल हैं। अब सरकार ने यह फैसला लिया है कि सभी जिलों में ट्रैफिक डीएसपी का पद होगा। फिलहाल यह व्यवस्था की गयी है कि किसी दूसरे डीएसपी को फिलहाल ट्रैफिक डीएसपी का प्रभार संबंधित जिला के एसपी सौंपेंगे। इस संबंध में पत्र सभी जिला के एसपी को भेजा गया है।

आजाद सिपाही
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 52,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 73,500 रु./प्रति किलो |



## 2024 में कांग्रेस के सामने 210 का बड़ा सवाल, चार राज्यों की इन सीटों में से महज पांच सीटें हैं कांग्रेस के पास

# इस बार इन राज्यों में भाजपा के साथ आठ क्षेत्रीय दल बनेंगे चुनौती

**दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में आम चुनाव ऐसा राजनीतिक आयोजन है, जो हर बार नयी चुनौती, नये मुद्दे और नया रोमांच लेकर आता है। भारत में अगला लोकसभा चुनाव 2024 के मध्य में होगा, लेकिन उसको लेकर अभी से ही राजनीतिक दलों की तैयारी शुरू है। इस तैयारी के बीच अब तक इस सवाल का जवाब नहीं मिला है कि आखिर पीएम मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा। विपक्षी दलों के बीच क्या कोई गठबंधन होगा, इसको लेकर भी सवाल है। साथ ही क्या सीटों को लेकर बात आसानी से बन जायेगी। इन तैयारियों के बीच देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस न केवल राजनीति की मुख्य धारा में वापसी के लिए प्रयासरत है, बल्कि इसके नेता राहुल गांधी इस समय भारत जोड़ो यात्रा के अंतिम चरण में हैं। कांग्रेस की इन कोशिशों के बीच उसके सामने ह्य210ह्ल एक ऐसी संख्या बन कर उभरा है, जिसने उसकी पूरी रणनीति पर सवाल खड़ा कर दिया है। यह संख्या चार बड़े राज्यों में लोकसभा की सीटों की कुल संख्या है, जिन पर जीत हासिल किये बिना दिल्ली की सत्ता हासिल करना असंभव माना जाता है। कांग्रेस के पास इन 210 में से अभी महज पांच सीटें हैं। दूसरी बात यह है कि इन चार राज्यों में हरेक में कांग्रेस के सामने भाजपा के अलावा दो-दो क्षेत्रीय दलों की चुनौती होगी। राहुल गांधी की यात्रा भी इन 210 सीटों में से महज 23 को कवर कर सकी है। ऐसे में यह सवाल तो बनता ही है कि कांग्रेस 2024 में इन 210 सीटों पर जीत के लिए क्या करेगी। इन तमाम सवालों को जवाब दे रहे हैं *आजाद सिपाही* के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

देश में 18वें आम चुनाव में अभी डेढ़ साल का समय बाकी है, लेकिन राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी चुनावी मशीनरियों को दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। देश भर की 543 सीटों पर होनेवाला यह चुनाव हर बार जहां नये मुद्दे और नया गणित लेकर आता है, वहीं नये राजनीतिक समीकरण बनाता-बिगाड़ता भी है। इस बार का चुनाव अधिक रोमांचक इसलिए होगा, क्योंकि भाजपा लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने के उद्देश्य से मैदान में होगी, जबकि आजादी के बाद देश के राजनीतिक क्षितिज पर सबसे ज्यादा राज करनेवाली कांग्रेस के लिए इस बार का चुनाव अस्तित्व बचानेवाला होगा। कांग्रेस के सामने करो या मरो की स्थिति है। कांग्रेस यह जानती भी है और इसलिए अभी से ही उसने कवायद शुरू कर दी है। पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दावा कर रहे हैं कि इस बार पार्टी जरूर जीतेगी, तो दूसरी तरफ राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के अंतिम चरण में हैं। लेकिन कांग्रेस के सामने सबसे बड़ा सवाल उन 210 सीटों का है, जो देश के चार बड़े राज्यों में हैं। इस सवाल के बीच यह सच है कि भारत जोड़ो यात्रा को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी उत्साहित है। यात्रा के बीच राहुल गांधी को लेकर कुछ अच्छी खबरें भी सामने आती हैं। कुछ दलों की ओर से यह बात कही जाती है कि आगामी लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी विपक्षी दलों की अगुवाई कर सकते हैं। अभी लोकसभा चुनाव से पहले नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव भी है। लेकिन कांग्रेस इन 210 सीटों की पहेली को हल नहीं कर पा रही है। वैसे भारत जोड़ो यात्रा से उत्साहित कांग्रेस की ओर से एक संदेश विपक्षी दलों को देने की कोशिश हुई। कुछ दिन पहले पार्टी के महासचिव की ओर से कहा गया है कि भाजपा का राष्ट्रीय स्तर पर एकमात्र विकल्प उनकी पार्टी है और यह नामुमकिन है कि विपक्षी एकता के नाम पर कांग्रेस अगले लोकसभा चुनाव में सिर्फ दो सौ सीट पर लड़े। कांग्रेस की ओर से जो बात कही गयी है, उसमें एक बात यह भी है कि त्याग के लिए केवल कांग्रेस ही नहीं है। दूसरे दलों को भी इस बारे में सोचना होगा। कांग्रेस की ओर से जो बात कही गयी है, उससे पहले कांग्रेस को भी 210 सीटों का जवाब खोजना होगा। इन सीटों को जीते बिना दिल्ली का सफर असंभव ही होता है।

**पार्टी को सबसे पहले खोजना होगा इस सवाल का जवाब**



### क्या है 210 सीटों का गणित, इन चार राज्यों से निकलेगा हल

वर्तमान समय में लोकसभा की कुल 543 सीटें हैं। इन 543 सीटों में से 210 सीटें केवल चार राज्यों से आती हैं। लोकसभा की सबसे अधिक सीटें उत्तर प्रदेश में हैं। यहां कुल 80 सीटें हैं। इसके बाद महाराष्ट्र का नंबर है, जहां 48 सीटें और तीसरे नंबर पर पश्चिम बंगाल है, जहां से लोकसभा की 42 सीटें हैं। इसके बाद इस सूची में चौथे पायदान पर है बिहार, जहां 40 सीटें हैं। पूर्व के चुनावों में यह देखने को मिला है कि जो भी दल इन राज्यों में बढ़त बनाने में कामयाब हुआ, उसकी दिल्ली की राह आसान हो गयी। भाजपा की दो बार से शानदार जीत के पीछे भी इन चार राज्यों का काफी योगदान है। अब कांग्रेस को भी इन 210 सीटों का जवाब खोजना होगा और रही बात चुनाव से पहले गठबंधन की, तो सीटों को लेकर यहां मामला जरूर अटकेगा, क्योंकि इन चार राज्यों में से प्रत्येक में दो-दो मजबूत क्षेत्रीय दल कांग्रेस के सामने चुनौती बन कर खड़े हैं।

सबसे पहले बात देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की। यहां लोकसभा की कुल 80 सीटें हैं, जो किसी भी राज्य से कहीं अधिक हैं। पिछले चुनाव की बात की जाये, तो यहां कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हार गये। पूरे प्रदेश में कांग्रेस को सिर्फ एक सीट मिली, वह भी रायबरेली की। यहां से सोनिया गांधी जीत हासिल करने में कामयाब हुईं। इस बार 2024 से पहले कोई गठबंधन विपक्षी दलों के बीच होता है, तो उसमें समाजवादी पार्टी और बसपा का स्टैंड बहुत मायने रखता है। भाजपा के बाद प्रदेश में सपा का दूसरा सबसे बड़ा जनाधार है। उसके बाद बहुजन समाज पार्टी है। पिछले साल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का क्या हश्र हुआ, सबने देखा। वर्तमान राजनीतिक समीकरण को देखा जाये, तो यहां विपक्षी दलों के बीच अखिलेश की ही चलेगी। ऐसे में कौन समझौता करेगा, यह देखने वाली बात होगी। हालांकि यह सब कुछ गठबंधन पर निर्भर करेगा।

यूपी के बाद सबसे अधिक लोकसभा सीटें महाराष्ट्र में हैं। यहां पर लोकसभा की कुल 48 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में इस राज्य से भी कांग्रेस के खाते में केवल एक सीट आयी। हालांकि महाराष्ट्र में इस बार राजनीतिक समीकरण अलग है। पिछली बार शिवसेना और भाजपा का गठबंधन था, लेकिन अब मामला अलग है। महाराष्ट्र में अब विपक्षी दलों की बात की जाये, तो इसमें उद्धव ठाकरे की पार्टी है। शरद पवार की एनसीपी है और कांग्रेस को इन दोनों से बात करनी होगी। हालांकि राज्य में इन तीन दलों का मुख्य गठबंधन है और एकनाथ शिंदे के अलग होने से पहले इनकी ही राज्य में सरकार थी। अब 2024 में इन तीन दलों के बीच गठबंधन होता है, तो कौन कितनी सीटों पर लड़ेगा, यह देखने वाली बात होगी।

तीसरे नंबर पर पश्चिम बंगाल है और यहां पर लोकसभा की कुल 42 सीटें हैं। यहां पिछले चुनाव में मुख्य मुकाबला टीएमसी और भाजपा के ही बीच देखने को मिला था। कांग्रेस को इस राज्य में केवल दो सीटों से ही संतोष करना पड़ा। सीटों के लिहाज से यह राज्य काफी अहम है। कांग्रेस के सामने इन दोनों दलों के अलावा माकपा भी है। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भी विपक्षी दलों की नेता बनने के लिए कोशिश कर रही हैं और इस राज्य में कांग्रेस और टीएमसी के बीच क्या कोई गठबंधन होगा, यह भी देखना काफी दिलचस्प होगा। विपक्षी दलों में कांग्रेस और टीएमसी के अलावा वामदल भी हैं। इन तीनों का गठबंधन हुआ, तभी सही मायने में विपक्ष का गठबंधन माना जायेगा।

अब बारी बिहार की, जहां की जनता सियासी तौर पर काफी जागरूक मानी जाती है। बिहार चौथा राज्य है, जहां लोकसभा की सीटें अधिक हैं। यहां कुल 40 सीटें हैं। इस राज्य में भी समीकरण इस बार अलग है। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा-जदयू का गठबंधन था और इस गठबंधन ने शानदार जीत हासिल करते हुए 40 में से 39 सीटों पर कब्जा जमाया था। एक सीट कांग्रेस के खाते में गयी थी। लेकिन इस बार अब राजद-जदयू दोनों साथ हैं। इन दोनों के अलावा कांग्रेस भी है। ऐसे में यह देखने वाली बात होगी कि जदयू और राजद के बीच कांग्रेस की यहां कितनी चलती है। हालांकि यह गठबंधन पर ही निर्भर करेगा।

इस परिदृश्य में यह साफ है कि कांग्रेस के लिए 210 की पहेली को सुलझाना आसान नहीं होगा। ऐसे में यह भी जानना दिलचस्प है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जिन दो सौ से अधिक सीटों से होकर गुजरी है, उनमें से महज 23 ही इस 210 में शामिल हैं। इन दो सौ सीटों पर कांग्रेस का सीधा मुकाबला भाजपा से है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस इन तमाम पहेलियों को कैसे सुलझाती है।

## लोहरदगा में पठारी जंगल उजाड़ कर वन भूमि पर अतिक्रमण, बन रहे मकान

# रैयती भूमि की आड़ में जंगल की अवैध कटाई

सत्यकाम

**लोहरदगा।** पश्चिमी सुदूरवर्ती पश्चिमी पठारी जंगलों का लगातार गंभीर दोहन करने से पठारी वन का अस्तित्व अब मिटने लगा है। ताजा मामला पाखर पठारी वनों का है। पठारी ग्रामीण जंगल काटकर वन भूमि को साफ कर दिया और उसमें कच्चा मकान बनाया जा रहा है। सूचना पर 10 जनवरी मंगलवार को वन विभाग की टीम ने पहुंच कर कार्रवाई की है। पठारी ग्रामीणों द्वारा जंगल काटकर अतिक्रमित की गयी वन भूमि को मुक्त कराने का दावा वन विभाग ने किया है। सरकारी, गैर सरकारी स्तर पर वनों की अवैध अंधाधुंध कटाई रोकने का दावा जमीनी स्तर पर खोखला है। विभागीय मिलीभगत से लकड़ी तस्कर और पठारी ग्रामीण जंगलों को काटकर पूरी तरह उजाड़ करने में लगे हैं। निजी हित पोषण के लिए स्थानीय पठारी जंगलों का दोहन दुस्साहस के साथ लगातार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार किस्को प्रखंड के पाखर पठारी जंगल में ग्रामीणों ने कई एकड़ में खड़े साल के वृक्षों को एक साथ काट दिया है। वन भूमि साफ कर आवास बनाने का काम चल रहा है। काटे गये हजारों पेड़ का घर बनाने में उपयोग किया जाएगा। सूचना पर वन विभाग की टीम ने पाखर पहुंचकर मामले में कार्रवाई की है। बताया गया कि वन अधिकार पट्टा लेने की आड़ में सुरक्षित वनों को काटा गया है। जिन्हें वन अधिकार पट्टा नहीं मिला वे भी वनों की कटाई कर वन भूमि को कब्जाने में लगे हैं। मामले में डीएफओ अरविंद कुमार ने बताया कि जंगल काटने की सूचना पर कार्रवाई की गयी है। ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमित की गयी वन भूमि को मुक्त करा लिया गया है। उनसे दोबारा वन भूमि पर कब्जा नहीं करने का बांड लिखवाया गया है। बताया गया कि, स्थानीय पठारी जंगलों में ग्रामीणों और कथित लकड़ी तस्कर लगातार सक्रिय हैं। विभागीय मिलीभगत से स्थानीय पठारी जंगलों का जमकर दोहन किया जा रहा है। सभी जगह मामला सेट है। मामले में पूछताछ करने पर विभागीय अधिकारी सैद्धांतिक पक्ष बताकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। इससे लगभग दो-तीन सप्ताह पूर्व सेन्हा प्रखंड के सुदूरवर्ती हेनदेहास व पहाड़डाडु के पठारी जंगलों में जमकर लकड़ी माफियाओं द्वारा तांडव किया गया। बड़ी संख्या में मोटे और विशाल सखुआ पेड़ों की कटाई की गयी। सूचना पर वन विभाग के कर्मियों ने स्थल निरीक्षण किया और काट कर लॉट में रखें दो सखुआ बोटा को वनरक्षी पंकज सिंह, सुमित उरांव, आदित्य ने नमूने के रूप में जब्त कर लाया। बावजूद पूरे मामले को रफा दफा कर सलटा दिया गया। दरअसल, रैयती भूमि में विभागीय अनुमति लेकर पेड़ की कटाई दिखायी गयी, जबकि अनुमति वाले क्षेत्र के निकट के जंगलों की भी जम कर कटाई कर उसे वैध बना दिया गया और विभाग उसे मान भी लिया। गंभीर पहलू यह है कि, उपरोक्त एरिया में लगातार लकड़ी तस्करी की शिकायत होती आयी है। बावजूद, जंगल के बीच में रैयती भूमि से पेड़ कटाई की अनुमति विभाग ने कैसे दी। इस संदर्भ में पेशरार हेसाग के उप परिसर पदाधिकारी राजेंद्र उरांव ने लोहरदगा के वन क्षेत्र पदाधिकारी को 12 दिसंबर को पत्र प्रेषित कर अपत्ति दर्ज की है। फिलहाल विभिन्न स्तरों पर स्थानीय पठारी जंगलों का लगातार दोहन जारी है लगातार प्रयास के बावजूद जंगलों के निजी हित पोषण के लिए दोहन के कार्य पर नियंत्रण नहीं लग पा रहा है।



### उप परिसर अधिकारी ने सीमित कटाई की अनुमति देने का प्रस्ताव दिया

हेसग के उप परिसर अधिकारी राजेंद्र उरांव ने पठारी जंगल में रैयत द्वारा अनुमति की आड़ में अवैध कटाई होने की शिकायत की। कहा कि पहाड़डाडु उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र है। रैयत द्वारा अनुमति प्राप्त कर कटाई की। यहां रैयती भूमि और सुरक्षित जंगल अगल बगल है। पक्के पिलर नहीं होने का लाभ उठाकर रैयत और ठेकेदार सुरक्षित जंगल की लकड़ी भी काट कर रैयती लाट में रख रहे हैं। पेड़ों की कटाई आधुनिक मशीनों द्वारा बहुत तेजी से की जा रही है। उन्होंने जंगल को बचाने के लिए सीमा पर पक्का पिलर बनाने और सीमित संख्या में रैयती भूमि पर कटाई की अनुमति देने का आग्रह विभाग के अधिकारियों से किया है।

### बदनाम करने की साजिश है: डीएफओ

मामले पर वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि, जैसा प्रचारित किया जा रहा है वैसा मामला नहीं है। तीन चार एकड़ वन भूमि पर कब्जा किया गया था, जिसे मुक्त करा लिया गया। बदनाम करने के लिए साजिश की जा रही है, जिसका यह एक हिस्सा है। पठारी जंगल में कई वर्षों से पत्ता साफ करने के दौरान वन भूमि साफ हुई है। जिनका वन अधिकार पट्टा नहीं है उन्हें, मकान बनाने से रोका गया है। वन भूमि पर कब्जा नहीं करने का बांड भी लिखाया गया है।

### वनरक्षी ने मामला का उद्भेदन कर व्यक्तिगत क्षति की आशंका जतायी

मामले पर वनरक्षी आदित्य गोप ने लोहरदगा और तुरियाडीह के वनपाल को विस्तृत रिपोर्ट 12 दिसंबर को प्रेषित की। इस रिपोर्ट में कहा गया कि फतेहपुर टोला गढ़कसमार में गश्ती के दौरान 70 से अधिक सखुआ बोटा काट कर रखा मिला। देर रात ऊपर पठारी जंगल से इसे लाया गया था। इसमें 70 से अधिक वोटा में विभागीय हैमर नहीं लगा था। भारी मात्रा में विशाल और मोटे बोटा को जब्त कर लाना संभव नहीं था। पूरे मामले का वीडियो बनाकर सीनियर अधिकारियों को भेजा गया। दूसरे दिन विभागीय कर्मी हैमर लेकर पहुंचे, जबकि निरीक्षण में हैमर ले जाने की कोई आवश्यकता नहीं थी। घटनास्थल पर छूटे हुए सभी बोटा पर विभागीय हैमर लगा दिया गया, जिसका वीडियो साक्ष्य हमने बना लिया। कहा गया कि उपरोक्त मामले के उद्भेदन के बाद व्यक्तिगत क्षति पहुंचाने की प्रबल संभावना है। मामले पर पुलिस प्रशासन को अवगत कराना उचित होगा।

# कार्यकर्ताओं की ऊर्जा से झारखंड में सभी लोकसभा सीटों को जीतेगी भाजपाः लक्ष्मीकांत वाजपेयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** भाजपा जिलाध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यसमिति की बैठक होटल द ब्लिस में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी थे। कार्यक्रम की शुरुआत महापुरुषों की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पांजलि एवं वंदे मातरम गीत से प्रारंभ हुआ तथा मुख्य अतिथि लक्ष्मीकांत वाजपेयी को पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के द्वारा स्वागत भाषण एवं सांगठनिक विषय प्रवेश किया गया। वहीं श्री वाजपेयी ने कहा कि संगठन को सशक्त एवं मजबूत करने के लिए बूथ स्तर तक सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों को पहुंचाने का कार्य करें। प्रधानमंत्री के द्वारा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचायी जा रही है। उसकी चचाएं आम लोगों में किया जाये। ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू एवं जिला महामंत्री विष्णु देव प्रसाद गुप्ता के द्वारा मुख्य अतिथि को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं मोर्चा के पदाधिकारियों के द्वारा सामूहिक रूप से स्मृति चिह्न एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पंकज सिंह ने किया। धन्यवाद जिला महामंत्री बंसी यादव ने दिया। मनिका में दुर्घटना में दिवंगत तीनों कार्यकर्ताओं की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गयी।




### कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित गणमान्य

झारखंड प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, पूर्व विधायक प्रकाश राम, पूर्व जिला अध्यक्ष लाल कौशल नाथ महादेव पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश सिंह चेरो, पूर्व जिला अध्यक्ष लाल अमित नाथ महादेव, अध्यक्ष जिला परिषद पूनम देवी, अध्यक्ष नगर पंचायत सीतामणि तिर्की, बंसी यादव, सभी जिला के पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश के पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य, सातों मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री, सभी मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, सदस्य उपस्थित थे।

# झारखंड में बढ़े बम मारकर हत्या करने के मामले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में इन दिनों बम मारकर हत्या करने के मामले बढ़ रहे हैं। अपराधी खुलेआम बम का इस्तेमाल कर रहे हैं। 11 जनवरी की सुबह देवघर जिले के नगर थाना क्षेत्र में जमीन कारोबारी लक्ष्मी यादव की बम मारकर सरेआम हत्या कर दी गयी। वैसे यह कोई पहला मामला नहीं है कि झारखंड में हत्या के लिए बम का प्रयोग किया गया है। पश्चिम सिंहभूम जिले के हिंदूवादी फायरब्रांड युवा नेता सह गिरिराज सेना के संरक्षक कमलदेव गिरि की बम मारकर हत्या कर दी गयी थी। यह घटना 12 नवंबर 2022 की शाम 6:40 बजे चक्रधरपुर नगर के भारत भवन चौक स्थित पक्चर दुकान के पास हुई थी। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने घटनास्थल से उठाकर रेलवे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। देवघर में जमीन विवाद में बमबाजी हुई थी। अपराधियों ने बम मारकर सलौनाटांड़ निवासी गणेश महथा उर्फ मंगरु महथा की हत्या कर दी थी। घटना नगर थाना क्षेत्र के सलौनाटांड़ में 14 नवंबर को हुई थी। जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था।

# दुनिया का सबसे लंबा रिवर क्रूज 23 जनवरी को पहुंचेगा साहिबगंज

**साहिबगंज (आजाद सिपाही)।** दुनिया का सबसे लंबा भारतीय क्रूज 23 जनवरी की शाम साहिबगंज पहुंचेगा। यहां पर्यटक रात्रि विश्राम करेंगे और फिर सुबह अपने गंतव्य के लिए रवाना हो जायेंगे। क्रूज के पर्यटकों के लिए साहिबगंज में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। साहिबगंज उपायुक्त रामनिवास यादव ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा बंदोबस्त सहित अन्य तैयारी की गयी हं। इसे लेकर पदाधिकारियों के साथ उन्होंने समदा बंदरगाह के पास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीसी ने बताया कि 23 जनवरी की रात में साहिबगंज में रुकने के बाद क्रूज पर उपस्थित मेहमानों के लिए स्थानीय कल्चरल एक्टिविटीज के कार्यक्रम भारत सरकार से अनुमति मिलने के बाद किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को वाराणसी से हरी झंडी दिखा कर रिवर क्रूज को रवाना करेंगे। वह 51 दिनों में अपनी यात्रा पूरी कर डिब्रूगढ़ पहुंचेगा। एक्सपर्ट का मानना है कि यह क्रूज भारत के लिए रिवर क्रूज पर्यटन के एक नये युग की शुरूआत करेगा। यह बिहार में पटना, झारखंड में साहिबगंज, पश्चिम बंगाल में कोलकाता, बांग्लादेश में ढाका और असम में गुवाहाटी जैसे प्रमुख शहरों सहित 50 पर्यटन स्थलों की यात्रा करेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.0 °c | 9.75 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.21 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.33 बजे |

# 79 के हुए दिशोम गुरु शिबू सोरेन, बाबूलाल मरांडी का 65 वां जन्मदिन

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड की राजनीति के दो दिग्गज नेताओं का जन्मदिन मनाया गया। 11 जनवरी को ही दिशोम गुरु झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन और झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का जन्म हुआ था। शिबू सोरेन 79 साल के हो गये हैं, जबकि बाबूलाल मरांडी 65 के। जन्मदिन पर दोनों नेताओं को सभी पार्टियों के नेताओं और समर्थकों की ओर से फोन, फेसबुक और ट्विटर से शुभकामनाएं मिल रही हैं। समर्थकों ने अपने-अपने तरीके से उनका जन्मदिन सेलिब्रेट किया। दोनों नेताओं ने संघर्ष से राजनीति और राज्य के लोगों के बीच अपनी पहचान बनायी है।

## शिबू सोरेन ने केक काटकर मनाया जन्मदिन

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लिया आशीर्वाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन ने बुधवार को केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिता का आशीर्वाद लिया और पुष्पगुच्छ भेंट कर ईश्वर से उनके दीघार्यु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा को जन्म दिवस की अनेक-अनेक शुभकामनाएं। आपके संघर्ष की उपज है हमारा झारखंड। आपकी क्रांति की शक्ति है हमारा झारखंड।

राज्य के गरीब, वंचित और शोषित को हक-अधिकार मिले और उसी लक्ष्य के साथ मैं आगे बढ़ रहा हूं। आज इस अवसर पर सभी को शुभकमानाएं। इस मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, दिशोम गुरु शिबू सोरेन के छोटे पुत्र विधायक बसंत सोरेन सहित मुख्यमंत्री के अन्य परिजन तथा कई गणमान्य लोगों ने भी पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।



## झारखंड के सर्वमान्य नेता हैं शिबू सोरेन

11 जनवरी 1944 को रामगढ़ के छोटे से गांव नेमरा में जन्मे शिबू सोरेन झारखंड के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। 70 के दशक में महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन कर वे चर्चा में आये थे। 1957 में जमींदारों ने उनके पिता की हत्या कर दी थी। इसके बाद से उन्होंने जमींदारी प्रथा को खत्म करने का संकल्प लिया था। उन्होंने आदिवासी समाज को एकजुट किया। आंदोलन के दौरान उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा। इसके बाद उन्होंने अलग झारखंड राज्य के लिए संघर्ष किया।

पहली बार 1977 में लोकसभा के लिए चुनाव में खड़े हुए, लेकिन चुनाव हार गये। 1980 में वे लोकसभा चुनाव जीते। इसके बाद 1986, 1989, 1991, 1996 में भी चुनाव जीते। 2004 में भी वे दुमका से लोकसभा चुनाव जीते। केंद्र में मंत्री भी बनाये गये। झारखंड गठन के बाद से तीन बार वे राज्य के सीएम भी बने। उम्र के इस पड़ाव में भी उन्होंने राजनीति को अलविदा नहीं कहा है। वे फिलहाल झारखंड से राज्यसभा के सदस्य हैं।

## झारखंड खुशहाल हो और कोई दुखी न हो: शिबू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का 79 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम के नेतृत्व में मोराबादी स्थित शिबू सोरेन के आवास में 79 पौंड का केक काटकर जन्मदिन भव्य तरीके से मनाया गया। सात ढाक और नौ नगाड़ा के साथ गुरुजी से मिलने झामुमो रांची जिला की पूरी टीम पहुंची और पूरा दिन कार्यकर्ता नाचते रहे। केक शिबू सोरेन की पत्नी रूपी सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बसंत सोरेन, सीता सोरेन, कल्पना सोरेन पुत्री अंजली सोरेन ने संयुक्त रूप से केक काटकर उन्हें खिलाया। इस अवसर पर शिबू सोरेन ने कहा कि झारखंड खुशहाल हो और कोई भी जनता दुखी न हो। इसका ध्यान रखा जाये। मौके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता एवं राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू, केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, प्रो अशोक सिंह, नंदकिशोर मेहता, पवन जेडिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## शिक्षक की नौकरी छोड़कर राजनीति में आये थे बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के पहले मुख्यमंत्री और अभी भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का जन्म 11 जनवरी 1958 को गिरिडीह के कोदाइबांक में हुआ था। किसान परिवार में जन्मे बाबूलाल मरांडी ने पढ़ाई पूरी करने के बाद प्राइमरी स्कूल में नौकरी की, लेकिन सरकारी नौकरी उन्हें रास नहीं आयी। नौकरी छोड़कर राजनीति में आ गये। 1990 में बाबूलाल संथाल परगना के भाजपा के संगठन मंत्री बने। उन्होंने एक बार शिबू सोरेन को भी लोकसभा चुनाव में हराया। 2000 में झारखंड बनने के बाद वो राज्य के पहले मुख्यमंत्री बने। 2003 में उन्हें मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देना पड़ा। 2006 में उन्होंने अपनी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा का गठन किया। बाबूलाल ने 2009, 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव झारखंड विकास मोर्चा के सिंबल से लड़ा। 2020 में उन्होंने अपनी पार्टी का बीजेपी में विलय कर दिया। भाजपा ने उन्हें विधायक दल का नेता बनाया है। पार्टी ने उन्हें नेता प्रतिपक्ष भी चुना है, लेकिन विधानसभा में उन्हें नेता प्रतिपक्ष की मान्यता नहीं मिली है।

## बच्चों ने केक कटवा कर मनाया बाबूलाल का जन्मदिन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बुधवार को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का जन्म दिन बच्चों से केक कटवा कर मनाया गया। बच्चों ने इस दौरान उनकी लंबी आयु की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत राजीव रंजन मिश्रा के द्वारा की गयी। कार्यक्रम में ज्योति पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा केक कटवाया गया और राजीव रंजन मिश्रा के द्वारा दर्जनों जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में लंकेश सिंह, गोपाल पारीक, राहुल सिन्हा चंकी, पीयूष आनंद, राकेश सिंह, प्रभात कुमार रथ, टिंकू महतो, सोनू भारद्वाज, ओम प्रकाश शर्मा, इंदर सिंह, मनीष कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मीडियाकर्मियों को ग्रुप मेडिकल और एक्सिडेंट बीमा योजना का लाभ देगी सरकार

**25 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने राज्य में सेवा देने वाले मीडिया प्रतिनिधियों, पत्रकारों को ग्रुप चिकित्सीय और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना का लाभ देने की तैयारी की है। इसके लिए झारखंड राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना का संचालन उसकी ओर से किया जा रहा है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखंड ने इस संबंध में सूचना जारी करते हुए बताया है कि इस योजना का लाभ लेने की आवेदन प्रक्रिया शुरू है। 25 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन करने होंगे। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर विभाग कोई विचार नहीं करेगा। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखंड से बताया गया है कि इच्छुक पत्रकार विभागीय वेबसाइट पीआरडीझारखंड.इन की मदद ले सकेंगे। इस पर दिये गये लिंक झारखंड स्टेट जर्नलिस्ट हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम पर क्लिक करना होगा। आवेदन के साथ विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध क्यूआर कोड के माध्यम से वार्षिक प्रीमियम से राशि का 20 प्रतिशत (3049 रुपये) जमा करने होंगे। शेष वार्षिक प्रीमियम की राशि का 80 फीसदी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के द्वारा भुगतान किया जायेगा। किसी भी परिस्थिति में नगद, चेक और बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से प्रीमियम की राशि स्वीकार नहीं की जायेगी। इस स्कीम से संबंधित किसी मसले पर विभागीय निदेशक का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होगा। बीमा संबंधी विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट से ली जा सकती है।

## मुख्यमंत्री से केंद्रीय कोयला सचिव ने की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को केंद्रीय कोयला सचिव अमृतलाल मीणा, अपर सचिव एम नागाराजू, कोल इंडिया के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल और सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान झारखंड में अवस्थित कोल खनन परियोजनाओं, नये कोल ब्लॉक, कोयला उत्पादन आदि से जुड़े मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ।

## राज्यपाल से मिले बीसीसीएल के सीएमडी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस से बुधवार को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के सीएमडी समीरन दत्ता ने राज भवन में मुलाकात की। राजभवन की ओर से बताया कि यह उनकी शिष्टाचार मुलाकात थी।

## निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन अधिनियम को लेकर कार्यशाला



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से बुधवार को चाणक्या बीएनआर होटल में झारखंड राज्य निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन अधिनियम, 2021 और नियोजन नियमावली 2022 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया। कार्यशाला में विभागीय सचिव, विभाग के विशेष सचिव, श्रमायुक्त सह-निदेशक नियोजन और प्रशिक्षण, संयुक्त सचिव और क्षेत्र के समस्त विभागीय पदाधिकारी उपस्थित हुए। राज्य के विभिन्न प्रतिष्ठानों, श्रम संघों और उपक्रमों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। कार्यशाला में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग के सचिव राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा निर्मित अधिनियम एवं नियमावली का उद्देश्य यह है कि स्थानीय उद्योगों में स्थानीय लोगों की भागीदारी हो। कार्यशाला में सभी नियोक्ता जिनके अंतर्गत 10 या उससे अधिक कर्मी कार्यरत हैं, उन्हें नियोजनालयों में अनिवार्य रूप से निबंधन कराने कि लिए प्रेरित किया गया। 40000 रुपये तक के मासिक वेतन वाले सभी कर्मियों का निबंधन संबंधित नियोजनालयों में कराने का भी निर्देश दिया गया।

## 13 जनवरी को मोरहाबादी में टुसू महोत्सव का होगा भव्य आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तीन साल बाद रांची के मोरहाबादी मैदान में भव्य टुसू महोत्सव का आयोजन होगा। कोरोना संक्रमण की वजह से पिछले तीन साल से महोत्सव का आयोजन नहीं हो रहा था। कुरमाली भाषा परिषद के अध्यक्ष राजाराम महतो ने इसे लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण के कारण विगत तीन साल से रांची में किसी मेले का आयोजन नहीं हो रहा था। मगर इस साल इसका भव्य आयोजन किया जायेगा। पूरे पंचपरगनिया क्षेत्र समेत कुरमी बहुल क्षेत्रों से हजारों की संख्या में स्त्री-पुरुष इसमें शामिल होंगे। माथे पर टुसू (चौड़न) लेकर महिलाएं शामिल होंगी नृत्य एवं संगीत का आयोजन होगा। पारंपरिक पोषाक और ढोल-मांदर के साथ कुरमी समुदाय के लोग इसमें शामिल होंगे।

### तैयारी समिति का गठन

आयोजन की सफलता के लिए तैयारी समिति का गठन किया गया है। एक सलाहकार समिति का भी गठन किया गया है। इस साल कुरमाली पुस्तक का स्टॉल भी लगाया जायेगा। इस महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ टुसू (चौड़न) लाने वाले को परिषद द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

### मोरहाबादी में युवाओं के लिए दौड़ का आयोजन आज

रांची (आजाद सिपाही)। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर रांची ज़िला एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा मोराबादी मैदान में दौड़ का आयोजन किया गया है। इस दौड़ में 16 से 25 वर्ष तक के युवा भाग ले सकते हैं। दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले धावकों को नगद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जायेगा। रांची ज़िला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष मुनचुन राय और सचिव प्रभाकर वर्मा ने बताया कि 12 जनवरी को लगभग 500 युवा विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर इस दौड़ में हिस्सा लेंगे। दौड़ सुबह 8 बजे गांधी वाटिका मोराबादी से प्रारंभ होगा। 2.50 किलोमीटर तक की दूरी युवाओं को तय करनी होगी। विवेकानंद स्वाभिमान संघ के अध्यक्ष निशांत यादव और सह संयोजक प्रह्लाद ने कहा कि एथलेटिक्स एसोसिएशन और विवेकानंद स्वाभिमान संघ के संयुक्त तत्वावधान में रांची के वैसे युवाओं जिन्होंने किसी खेल के क्षेत्र में जिन्होंने समाज में सेवा भावना से कार्य किया है। उन्हें सुबह 9 बजे गांधी वाटिका के पास प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया जायेगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा, सुख-सुविधा के साधन बनेंगे।
- **वृष** लोकप्रियता का विस्तार,अधूरा कार्य पूरा होगामान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।
- **मिथुन** गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।
- **कर्क** गृहपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे, भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।
- **सिंह** परिस्थितियों में सुधार, विगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे, आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।
- **वृश्चिक** चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।
- **धनु** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **मकर** पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि, सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।
- **कुंभ** स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, आमदनी में वृद्धि होगी,नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा
- **मीन** कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर, परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 12 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



# हॉस्टल में फंदे से लटक कर छात्रा ने की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

### बोकारो जिले के ललपनिया की थी छात्रा

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र स्थित श्रेया गर्ल्स हॉस्टल में रह रही एक छात्रा ने अपने कमरे में फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना हॉस्टल प्रबंधन ने बुधवार को पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

जानकारी के अनुसार छात्रा हॉस्टल में रह कर पढ़ाई कर रही थी। छात्रा की पहचान शगुफ्ता परवीन के रूप में हुई है। वह बोकारो जिले के ललपनिया के सेराज आलम की पुत्री थी। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। छात्रा की खुदकुशी की वजह का पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी छात्रा के परिजनों को दे दी गयी है।

# रिम्स में इलाज के दौरान महिला कैदी की मौत

### दहेज हत्या का था आरोप, नामकुम की थी महिला



**रांची।** रिम्स में इलाज के दौरान महिला कैदी की मौत हो गयी। महिला कैदी पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप था। महिला कैदी जिले के नामकुम थाना क्षेत्र के केतारी बागान चुटिया रोड नंबर-3 की रहने वाली थी। उसकी उम्र 71 साल थी। कैदी ललिता देवी की मौत इलाज के दौरान रिम्स में हो गयी।

### ललिता को 22 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया गया था

गौरतलब है कि ललिता को 22 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के वक्त उसकी शारीरिक स्थिति ठीक नहीं थी। गिरफ्तारी के बाद ललिता देवी को सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने जांच के बाद रिम्स रेफर कर दिया था। ललिता पर दहेज के लिए हत्या करने आरोप था।

### रिम्स निदेशक से मांगी गयी स्वास्थ्य की जानकारी

सदर कोर्ट द्वारा प्रासंगिक कांड के प्राथमिकी अभियुक्त ललिता के स्वास्थ्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी रिम्स निदेशक से मांगी गयी है, ताकि न्यायालय में समय पर जानकारी उपलब्ध करायी जा सके।

## जीवन प्रबंधन समूह के संस्थापक पं. विजय शंकर मेहता पहुंचे रांची

# हरमू मैदान में एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम का आयोजन आज

### हनुमान सेवा संस्थान के अध्यक्ष राकेश भास्कर और संरक्षक धर्मेंद्र तिवारी ने कहा- सभी तैयारियां पूरी




आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** जीवन प्रबंधन समूह के संस्थापक और दुनिया में सवा करोड़ हनुमान चालीसा महापाठ के मुख्य प्रेरक पंडित विजय शंकर मेहता बुधवार को रांची पहुंचे। पंडित विजय शंकर मेहता के आगमन पर श्री हनुमान सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर स्वागत किया। मेहता श्रीकृष्ण की आद्या शक्ति राधा के बारे में और अधिक जानने की चाह रखने वालों की मुराद व्याख्यान के जरिये पूरी करेंगे। श्री हनुमान सेवा ट्रस्ट के आमंत्रण पर रांची में पं. मेहता पूर्व भी यहां कई व्याख्यान दे चुके हैं। 12 जनवरी को युवा दिवस के अवसर पर जीवन अध्यात्म और अध्यात्म के जरिये स्वयं, समाज राष्ट्र में अनुशासन विषय पर रांची के हरमू मैदान में पं. मेहता व्याख्यान देंगे। हनुमान सेवा संस्थान के अध्यक्ष राकेश भास्कर और संरक्षक धर्मेंद्र तिवारी, प्रमोद सारस्वत ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं, पंडाल बनकर तैयार है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी कार्यकर्ता लगे हुए हैं। स्वागत करने वालों में श्याम झा, अभिषेक चौबे, मिथिलेश कुमार, सतीश कुमार, अरुण झा सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## असिस्टेंट टाउन प्लानर नियुक्ति मामला

# हाइकोर्ट ने जेपीएससी से पूछा, 186 अभ्यर्थियों का सर्टिफिकेट कब का

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** असिस्टेंट टाउन प्लानर नियुक्ति मामले में झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। बुधवार को प्रार्थी विवेक हर्षिल द्वारा दाखिल एलपीए पर सुनवाई हुई। उक्त याचिकाकर्ता की ओर से हाइकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, सुभाशीष रसिक सोरेन और सौरव अरुण ने पक्ष रखा। वहीं जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जेपीएससी से पूछा कि 186 अभ्यर्थियों में कितने लोगों का सर्टिफिकेट आइटीपीआइ (इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर



ऑफ इंडिया) 10/8/2020 से पहले का है या उसके बाद का। इसके साथ ही अदालत ने प्रतिवादियों के आवेदन पत्र भी दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब इस मामले की सुनवाई 23 जनवरी को होगी।

### विज्ञापन की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर में रजिस्टर्ड डिग्री नहीं थी

बता दें कि एकल पीठ में दायर याचिका में कहा गया था कि जेपीएससी ने वर्ष 2020 में सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था। परीक्षा में 20 ऐसे अभ्यर्थी सफल हुए हैं, जिनके पास विज्ञापन की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर(इंडिया) में रजिस्टर्ड डिग्री नहीं थी। इसलिए इस परीक्षा को रद्द किया जाना चाहिए, लेकिन हाइकोर्ट के सिंगल बेंच ने यह याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद अब डबल बेंच में एलपीए दायर की गयी है।

## हाइकोर्ट में बच्चू यादव की जमानत पर सुनवाई 13 जनवरी को

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट में बुधवार को साहिबगंज फेरी घाट के ऑक्शन के दौरान गोलाबारी मामले में आरोपित बच्चू यादव की जमानत याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने वादी बच्चू यादव एवं प्रतिवादी नीरज यादव को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 13 जनवरी निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में हाइकोर्ट ने मौखिक रूप से प्रतिवादी नीरज यादव को कड़ी फटकार लगायी थी और कहा था कि आप भी गैंग के मेंबर हैं। आपके खिलाफ भी केस हुआ है। उल्लेखनीय है कि साहिबगंज में फेरी घाट के सेटलमेंट को लेकर ऑक्शन चल रहा था। इसी दौरान प्रकाश यादव और बच्चू यादव के लोगों की ओर से आपस में गोलीबारी की घटना हुई थी।

# रांची विवि में हम में हैं विवेकानंद पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

### प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पुतुल फुलमनी सोय को मिला

**रांची।** स्वामी विवेकानंद की जयंती की पूर्व संध्या पर रांची विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग में हम में हैं विवेकानंद कार्यक्रम के तहत बुधवार को पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर और क्राउंड लायंस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गयी। इस अवसर पर युवाओं ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर बनाकर उनके द्वारा बताये हुए रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया। इस कार्यक्रम में एनएसएस जंतु विज्ञान विभाग की सहभागिता रही। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जंतु विज्ञान विभाग के डॉ आनंद कुमार ठाकुर और एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ सीमा केशरी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव रंजन, राहुल कुमार दुबे, शुभम चौधरी, मनप्रीत सिंह छाबड़ा, निशा कुमारी ने संयुक्त रूप से पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पुतुल फुलमनी सोय, द्वितीय पुरस्कार गुलामणि कुमारी और तृतीय पुरस्कार प्रितिमयी पांडा को मिला।

# रोड सेफ्टी को लेकर रांची जिला प्रशासन ने निकाली रैली

आजाद सिपाही संवाददाता

### राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

**रांची।** रांची जिला परिवहन विभाग की तरफ से बुधवार की सुबह रोड सेफ्टी को लेकर रैली निकाली गयी। यह रैली रांची के एएसजी आई हॉस्पिटल से जेल मोड़ होते हुए कचहरी चौक तक पहुंची। इस रैली को राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। वहीं एएसजी आई हॉस्पिटल के डॉक्टर जयंत कुमार (रेटीना सर्जन) ने राज्यसभा सांसद महुआ मांझी को रैली में शामिल होने के लिए धन्यवाद किया और रोड सेफ्टी को लेकर लोगों को जागरूक रहने को कहा।

महुआ मांझी ने वहां मौजूद लोगों से कहा कि रोड सेफ्टी को लेकर जागरूक होने की बहुत जरूरत है। आये दिन सड़क हादसे में लोगों की जान जा रही है। ऐसे में लोगो को सचेत रहने की जरूरत है।

### बच्चों ने नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया

रोड सेफ्टी रैली में एएसजी हॉस्पिटल के डॉक्टर और पूरी टीम शामिल हुई। वहीं एनसीसी के 10 बच्चे और जेवीएम के बच्चों ने हिस्सा लिया। जेवीएम के बच्चो के द्वारा रैली में कचहरी चौक के पास नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागस्क करने का प्रयास किया गया। जिला परिवहन विभाग से सड़क सुरक्षा के डीआर एसएम जमाल अशरफ खान, आर ई गौरव कुमार एवं आइटी असिस्टेंट अभय कुमार और रांची ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन उरांव मौजूद रहे।

## स्मार्ट सिटी की सड़क के लिए मूसाटोली में आदिवासी परिवारों का मकान ध्वस्त कर दिया गया था

# सीएम के आदेश के पांच माह बाद भी 22 आदिवासी परिवारों के लिए जमीन नहीं खोज पाया प्रशासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धुर्वा के मूसाटोली के 22 आदिवासी परिवार के लोगों को बसाने के लिए प्रशासन पांच महीने बाद भी जमीन की तलाश नहीं कर सका है। एक जगह जमीन देखी भी, लेकिन ऊपर से हाइटेंशन तार गुजर रहा है और इलाका जंगली है, जिसके कारण आदिवासी परिवारों ने वहां शिफ्ट होने से मना कर दिया और प्रशासन ने चुप्पी साध ली। इसके बाद उन्हें कोई दूसरी जगह नहीं दिखायी गयी। दरअसल प्रशासन ने कोई और जगह चिह्नित ही नहीं की है। 2 सितंबर 2022 को स्मार्ट सिटी की सड़क के लिए मूसाटोली में दो आदिवासी परिवारों का मकान ध्वस्त कर दिया गया था। 5 सितंबर को सीएम ने तत्काल उन्हें दूसरी जगह बसाने का निर्देश जिला प्रशासन को दिया था। शुरू में प्रशासन ने खूब तेजी दिखायी, लेकिन अब प्रशासन आदिवासी परिवारों को भूल गया है।

### नामकुम के भुलक्कड़ सीओ विनोद प्रजापति

2 सितंबर को जिन दो घरों में बुलडोजर चले थे, वे डेविड आइंद और सोमा सांगा के थे। दोनों ने बताया कि मूसाटोली के 22 परिवारों को बसाने के लिए सीठियो में 32 एकड़ जमीन दिखायी गयी थी। लेकिन वहां हाइटेंशन तार के बीच हम लोग जान जोखिम में डाल कर वहां नहीं रह सकते। दूसरी तरफ जंगली इलाका होने के कारण वहां किसी तरह की कोई सुविधा नहीं है। वहां की बंजर जमीन पर खेती भी नहीं हो पायेगी। इसलिए उन्होंने प्रशासन को दूसरी जगह देखने को कहा। इसके बाद उन्होंने दो बार नामकुम सीओ विनोद प्रजापति को फोन कर पूछा भी कि कहीं और जमीन चिह्नित हुई है या नहीं, जिस पर उन्होंने बताया कि जमीन की तलाश हो रही है। जब सीओ से मामले की जानकारी चाही तो उन्होंने कहा कि तीन जगह जमीन देखी गयी है। जब यह पूछा गया कि वे तीन जगह कौन सी हैं? जवाब में उन्होंने कहा, नाम याद नहीं आ रहा है।

### आश्वासन की घुट्टी पिला कर चलते बने नेताजी

मूसाटोली में जिस जगह पर स्मार्ट सिटी के लिए सड़क बननी है, उस जगह पांच आदिवासियों के मकान हैं। इनमें से दो को 2 सितंबर को तोड़ा गया था। इसके बाद 3 सितंबर को बचे हुए तीन घर तोड़ने थे, लेकिन उससे पहले पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी वहां पहुंच गये और विरोध किया, जिसके बाद बचे हुए घरों को ध्वस्त नहीं किया गया। 4 सितंबर को मामला मुख्यमंत्री के पास पहुंचा। मुख्यमंत्री ने सोमा और डेविड और उनके परिवार के लोगों से मुलाकात की। उन्हें आश्वासन दिया कि जब तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक वहां बचे हुए मकान नहीं तोड़े जायेंगे। 7 सितंबर को मंत्री मिथिलेश ठाकुर पीड़ित परिवारों के लिए राशन-पानी लेकर मूसाटोली पहुंच गये और भरोसा दिलाया कि उन्हें इससे भी अच्छी जगह बसाया जायेगा। इसके बाद विधायक राजेश कच्छप समेत कई नेता मूसाटोली पहुंचे और आश्वासन की घुट्टी पिला कर निकल गये। करीब पांच महीना हो चुका है, लेकिन जमीन का कोई अता-पता नहीं है।

### निराश होने लगे हैं मूसाटोली के आदिवासी परिवार

उधर अतिक्रमण नहीं हटने के कारण रांची स्मार्ट सिटी की सड़क का काम लटक गया है। मंत्रियों के बंगले लगभग कंप्लीट हो चुके हैं। सभी जगहों पर सड़क का भी काम हो चुका है, बस मूसाटोली में सड़क निर्माण नहीं हो पाया है। जब तक प्रशासन 22 परिवारों के लिए अच्छी जगह ढूंढ़ कर उन्हें नहीं बसाता, तब तक मूसाटोली में सड़क निर्माण भी नहीं हो पायेगा। स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने 19 अक्टूबर को आदिवासी परिवारों और जिला प्रशासन के साथ बैठक की थी और जिला प्रशासन को जल्द जमीन ढूंढ़ने को कहा था। लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। मुख्यमंत्री का आश्वासन, मंत्रियों, विधायकों का घर पहुंचने का सिलसिला, अधिकारियों के साथ मीटिंग यह देख कर मूसाटोली के लोगों को उम्मीद जगी थी कि जल्द उन्हें अच्छी जगह पर मकान उपलब्ध कराया जायेगा, लेकिन अफसरों का यह रवैया देख कर वे अब निराश हो चले हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने शिबू सोरेन का जन्मदिन मनाया



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का 79वां जन्मदिन बुधवार को मनाया गया। इस अवसर पर कई नेता और झामुमो कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाईयां दी और उनके अच्छे स्वास्थ की कामना की। इसी कड़ी में रांची के अलबर्ट एक्का चौक के पास जेएमएम नेता जितेंद्र गुप्ता ने गुरूजी का जन्मदिन केक काटकर बड़े धूमधाम से मनाया। सैकड़ों लोगों के बीच केक और नाश्ता का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, समनूर मंसूरी, हेमलाल मेहता, अश्वनी शर्मा, जितेंद्र गुप्ता, अजीत नायक, संजय राय, सीपीआई के सचिव अजय सिंह, आरजेडी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव, गोपाल पांडे, आर्यन कुमार ठाकुर, अजहर मल्लिक, अकबर कुरेशी, फैयाज, यूनुस, पप्पू, संजय सिंह, संजय वर्मा, इम्तियाज, पप्पू, मजहर, बबलू, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विश्व हिंदी दिवस-2023 समारोह का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय, रांची में मंगलवार को विश्व हिंदी दिवस-2023 समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ कार्यक्रम ज्ञान रंजन सारंगी, अंचल प्रमुख रांची, विकास कुमार सिन्हा, उप अंचल प्रमुख, भाष्कर राव, उप महाप्रबंधक, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई, सोनालिका, क्षेत्र प्रमुख रांची, पी रामनाथ दिवाकर, क्षेत्रीय कार्यालय मदुरै, अमरप्पू वी कृष्णमूर्ति, सहायक महाप्रबंधक, डीआइटी, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई एवं उपस्थित सहायक महाप्रबंधक गण मुकेश कुमार सिंह, भाष्कर मण्डल, सुनीता कुमारी यादव, दीपमाला लकड़ा, सुशांत कुमार दास द्वारा केक काटकर किया गया।

### हरमू स्थित चडरी मसना में हड़गड़ी पूजा



रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को चडरी मौजा के हरमू स्थित चडरी मसना में चडरी के मुख्य पहान गुडू पहान के अगुवाई में हड़गड़ी पूजा की गयी। कार्यक्रम के लिए लोगों द्वारा हरमू स्थित चडरी मसना स्थल पर पहूंच कर अपने पूर्वजों की हड़गड़ी पर पारंपारिक विधि विधान, रीति रिवाज से तपावान, पकावान, फूल माला, अरवा चावल, अर्पण, टिका सिंदूर, तेल इत्यादि अर्पित कर आस्था के साथ पूजा किया गया। इस दौरान लोगों ने अपने पूर्वजों से सु:ख शांति के लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से चडरी सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि आदिवासी समुदाय पूस एवं माघ महीने में इस पारंपरिक पूजा का आयोजन कर अपने पूर्वजों के प्रति आस्था एवं सम्मान कर कृतार्थ होते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चडरी सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा, प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा, पूजा समिति अध्यक्ष सबलू मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष आकाश मुंडा, चीकू लिंडा, विक्की मुंडा, राहुल मुंडा, प्रकाश मुंडा, उदय मुंडा, अमनदीप मुंडा, पल्लू मुंडा, बजरंग मुंडा, रंजीत मुंडा, मंगल मुंडा, राजेश मुंडा, रामा मुंडा, छोटू पहान, विक्रम उरांव, शंकर मुंडा, डब्लू मुंडा, आशीष मुंडा, आनंद शंकर मुंडा, जगन्नाथ मुंडा, चडरी ग्राम के महिला और पुरुष लोग उपस्थित थे।

### व्यवसायी सुमित केसरी पर हमला करने वाले अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी करे प्रशासन : संजय पोद्दार

रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय पोद्दार ने पालकोट प्रखंड भाजपा के अध्यक्ष सह व्यापारी सुमित केसरी को उनके पालकोट ईंट-भट्ठा से अगवा कर गोली मारने और पत्थर से सिर कुचलने की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है। सुमित केशरी अभी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं और उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। वहीं इस मामले में 36 घंटे बीत जाने के बावजूद अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हो पायी है। कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्य में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। आये दिन अपराधियों द्वारा व्यापारियों को निशाना बनाया जा रहा है। राज्य में भय का माहौल है। अपराधियों में प्रशासन का भय समाप्त हो चुका है। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन प्रशासन से मांग करती है कि सुमित केशरी पर हमला करने वाले अपराधियों की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार करे।

### टीआरएल : स्नातकोत्तर मीड सेम 3 की परीक्षा हुई



रांची (आजाद सिपाही)। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा केंद्र में मंगलवार को शुरू हुई स्नातकोत्तर मीड सेम थ्री की परीक्षा बुधवार को संपन्न हुई। नागपुरी भाषा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ उमेश नंद तिवारी, डॉ सविता केसरी, डॉ बीरेंद्र कुमार महतो और डॉ रीझू नायक ने बताया कि विभाग द्वारा आयोजित इस परीक्षा में 58 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। सभी छात्रों ने शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने में अपनी महत्ती भूमिका निभाई। डॉ तिवारी ने बताया कि परीक्षा के दौरान कोविड के खतरे को देखते हुए एहतियात के तौर पर सोशल डिस्टेंस का पूरा ख्याल रखा गया। परीक्षार्थियों ने परीक्षा के बाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि प्रश्न काफी आसन थे, जो भी पढ़ाई हुई थी उतने से ही प्रश्न पूछे गये थे। परीक्षा के सफल संचालन में नागपुरी विभाग के शोध छात्र नेहा कुमारी, रवि कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, विक्की मिंज और आलोक कुमार मिश्रा का सहयोग रहा।

## मासिक अपराध समीक्षा बैठक में गोलीबारी रही फोकस

# अपराध पर विशेष फोकस, अपराधी बख्शे नहीं जायेंगे : पियूष पांडेय

बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** एसपी पीयूष पांडेय ने बुधवार को छत्तरमांडू स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस पदाधिकारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में हाल में ही हुए गोलीबारी की घटनाओं पर विशेष रूप से चर्चा किया। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### अधिकारी रहें सतर्क, अपराधियों पर करें कड़ी कार्रवाई

एसपी पियूष पांडेय ने बताया कि रजरप्पा और रामगढ़ में दो बड़ी घटनाएं घटी है। जिस पर मैं खुद नजर रख रहा हूं। एसआईटी की टीम जांच कर रही है। अपराधी जल्द पुलिस के गिरफ्त में होंगे। किसी भी कीमत पर जिले में शांति व्यवस्था भंग होने नहीं दिया जाएगा। टीम में शामिल अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है। बहुत जल्द ही रजरप्पा और रामगढ़ गोलीकांड में शामिल अपराधी गिरफ्त में होंगे।



### रामगढ़ उपचुनाव को लेकर अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश

एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि बूथ वाइज निरीक्षण कर पूरी व्यवस्था को समझें। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों को चिन्हित कर करवाई करें। उपचुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर तैयारी में जुट जाएं। इसके अलावा सड़क सुरक्षा अभियान को भी सफल बनाने का निर्देश दिया है।

### बैठक में थे शामिल

अपराध समीक्षा बैठक में मुख्यालय डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा, रामगढ़ एडीपीओ किशोर कुमार रजक, पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, रामगढ़ थाना प्रभारी विद्याशंकर, मांडू इंस्पेक्टर संजय गुप्ता, गोला इंस्पेक्टर राजेश कुमार, रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन प्रसाद सिंह, गोला थाना प्रभारी सिद्धांत, बरलांगा थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार, कुज्जू ओपी प्रभारी बलवंत दुबे, मांडू थाना प्रभारी अंजनी कुमार सिंह, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी विनय कुमार, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# सरला बिरला विवि में समीक्षा बैठक आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बुधवार को कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक की अध्यक्षता में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा आगामी 16- 17 जनवरी, 2023 को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर भोपाल मध्य प्रदेश में अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम की तैयारी के लिए समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जिसमें झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित राज्य के सभी सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव, चेयरमैन, निदेशक, प्राचार्य तथा प्राध्यापक उपस्थित थे। बैठक में संस्थाओं की आपसी संबद्धता को बढ़ावा और पोषण, सतत विकास व मूल दक्षतायें, शोध और नवाचार, भारतीय ज्ञान परंपरा, सामाजिक विकास, पर्यावरण, नेतृत्व और प्रशासन तथा उच्च शिक्षा और राष्ट्रीय विकास के अंतर्गत वहनीय और सुलभ गुणात्मक शिक्षा तथा शिक्षा में लोकोपकार एवं सामाजिक जुड़ाव तथा उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में अपने विचार रखते हुए रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजीत कुमार सिन्हा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विश्वविद्यालयों को एक साथ मिलकर छात्रों के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए आपसी समन्वय एवं अकादमिक सहयोग तथा संस्थागत तालमेल बनाए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि चाहे सरकारी विश्वविद्यालय हो या निजी विश्वविद्यालय सभी का उद्देश्य एक ही होना चाहिए - अपने छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर योग्य नागरिक बनाना। वहीं रांची विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ राजकुमार शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्णित भारतीय ज्ञान परंपरा के अवधारणाओं की चर्चा करते हुए पाणिनी के सूत्रों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के बदौलत ही भारत ज्ञान के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन के परिणाम स्वरूप अवश्य ही भारत पुनः ज्ञान के क्षेत्र में सिरमौर बनेगा और विश्व का मार्गदर्शन करेगा। बैठक में सभी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने सभी विश्वविद्यालयों की पाठ्यक्रम में एकरूपता पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने सभी विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों को शत प्रतिशत कक्षाएं संचालित कराने एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की अपील की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को बेहतर एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना होगा ताकि समाज को नई दिशा मिल सके। बैठक का संचालन कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने की तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता भी उन्होंने ही पूरी की।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजीत कुमार सिन्हा, वाइबीएन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एस पी यादव, उषा मार्टिन विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ एके मिश्रा, आदित्य प्रकाश जलन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ रामकेश पांडेय, सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ रामकिशोर सिंह, वाईबीएन विश्वविद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ एस तिवारी, रांची विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ राजकुमार शर्मा, साईं नाथ यूनिवर्सिटी के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के डायरेक्टर डॉ वीरेंद्र गोस्वामी, झारखंड टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के प्रो रामजी यादव, प्रवीण कुमार, डॉ संदीप कुमार, डॉ राधा माधव झा, डॉ रिया मुखर्जी, प्रो अमित गुप्ता, डॉ भारद्वाज शुक्ल, ओएसडी अनुभव अंकित, धर्मेंद्र कुमार ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# विवेकानंद महोत्सव, आज दूसरे दिन भी प्रभात फेरी निकाली



**रांची (आजाद सिपाही)।** 10 जनवरी से 12 जनवरी तक चलने वाला विवेकानंद महोत्सव, डोरंडा स्थित विवेकानंद चौक आज दूसरे दिन प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस प्रभात फेरी में रांची को साफ और सुंदर रखने की अपील की गई साथ ही इस मौके पर पेड़ लगाने और जल बचाने की भी अपील की गई। कार्यक्रम में दिव्यम फाउंडेशन और युवा सोच, रांची की संयुक्त भागीदारी रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और दीप जलाकर करते हुए किया गया। प्रभात फेरी को अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो विवेकानंद चौक से हिनू चौक तक चली मौके पर अतिथि के रूप में प्रिंस आजमानी, आशुतोष सिंह, सुमित कुमार, अमित गुप्ता शामिल हुऐ कार्यक्रम के सफल संचालन समिति के अध्यक्ष कृष्णा मिश्रा, सचिव सुमित कुमार, गुड्डू सिंह, नितेश सिंह, राहुल मिश्रा, आकाश सोनी, सलोनी श्रीवास्तव, वाणी कुमारी,सूरज गिरी, अनिकेत सोनी आदि लोग सम्मिलित रहे।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में विजयी प्रतिभागियों का सम्मान समारोह

# यह श्रेष्ठ प्रदर्शन प्रतिभागियों के उत्साह का परिणाम : तपन कुमार शांडिल्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** किट्स, भुवनेश्वर में संपन्न 36वें इंटर यूनिवर्सिटी ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के 49 सदस्यीय टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कई ओवरऑल और व्यक्तिगत पुरस्कार अर्जित किए। संगीत की प्रतियोगिता में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची की टीम को पूरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ इस विधा में युवराज मिश्रा को लाइट वोकल सोलो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार इंस्टालेशन, ट्राइबल ऑर्केस्ट्रा और ऑन स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय को पूरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। कोलाज प्रतियोगिता में यहां के प्रतिभागियों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कई प्रतिभागियों ने एकल प्रदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन उत्कृष्ट प्रदर्शन और उपलब्धियों के लिए पूरे 49 सदस्यीय दल को आज विश्वविद्यालय में विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने इस दल के नेतृत्वकर्ता डॉ गीतांजलि सिंह और डॉ राहुल देव साव सहित सभी प्रतिभागियों से इस पूरी प्रतियोगिता के अनुभवों की जानकारी प्राप्त की। प्रतिभागियों ने अपने अनुभवों को साझा किया। प्रतिभागियों ने अपने मेडल और सर्टिफिकेट को इस अवसर पर काफी उत्साह से दिखाया। इस विशिष्ट अवसर पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि यह इन प्रतिभागियों के साथ समूचे विश्वविद्यालय के लिए गौरवान्वित करने वाला पल है और आने वाले समय के लिए यह संकेत कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची न सिर्फ अकादमिक दिशा में बल्कि अन्य सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में नित नई ऊंचाइयों की प्राप्ति की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि नए वर्ष में विश्वविद्यालय में कई सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाना है जहां इन्हें पुनः अपनी विधा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा। मौके पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने कहा कि अगर पूर्व के प्रदर्शनों पर दृष्टि डाली जाए तो यह स्पष्ट है कि विश्वविद्यालय निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर है और यह एक अति शुभ संकेत प्रदान करता है। इसके उपरांत कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव १ नमिता सिंह ने प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके सकारात्मक प्रयास और मनोयोग के फलस्वरूप समूचा विश्वविद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गौरतलब है कि 49 सदस्यों सहित इस दल का नेतृत्व डॉ गीतांजलि सिंह और डॉ राहुल देव साव ने किया था। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# ट्रिपल टेस्ट के लिए सरकार एक कदम भी नहीं चली: राजेश गुप्ता




**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य की गठबंधन की सरकार ओबीसी के हितों के प्रति असंवेदनशील है एक ओर जहां मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार सरकार ओबीसी का आरक्षण सुनिश्चित कर पंचायत और नगर निगम चुनाव करा ली तो दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश की सरकार ने ट्रिपल टेस्ट के तहत आयोग का गठन पदाधिकारियों का चयन भी कर लिया है। लेकिन झारखंड सरकार उस दिशा में विफल है। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने आज प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में कही श्री गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा विगत मार्च से अब तक ट्रिपल टेस्ट करने की मांग को लेकर कई आंदोलन की है बावजूद सरकार उस दिशा में टस से मस नहीं हो रही है।अर्थात आयोग का भी गठन सरकार ने नहीं की है जबकि इसके लिए सुप्रीम कोर्ट में भी मामले चल रहे हैं सरकार न्यायालय की भी नहीं सुन रही है। प्रेस वार्ता के माध्यम से राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा अन्य मांगों में जातीय जनगणना कराने, स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय गठन करने और राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व अन्य सदस्य के रिक्त पदों को भरने की मांग की है। प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा ने कहा की आगामी बजट में ओबीसी का भी बजट संख्या का अनुपात में वार्षिक बजट बननी चाहिए. जैसे अनुसूचित जाति जनजाति के लिए जनसंख्या अनुपात में बजट का प्रावधान किया जाता है. तथा 27 परसेंट आरक्षण लागू कर ही सरकारी नौकरियों में नियुक्ति निकाली जाए व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा 50% आरक्षण को लागू किया जाए। प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश जयसवाल, सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, महासचिव श्याम सुंदर प्रसाद, शिवप्रसाद साहू, रामलखन साहू, संतोष शर्मा, अभय प्रसाद, रामचरण साहू उपस्थित थे।

# कम्युनिटी आउटरीच कार्यक्रम-शुभेच्छा के अंतर्गत सरला बिरला पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अनगड़ा में कंबल वितरण

**रांची (आजाद सिपाही)।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शुभेच्छा कार्यक्रम के अंतर्गत भीषण ठंड की इस विषम परिस्थिति में कंबल वितरण कर जरूरतमंद लोगों की सहायता की। छात्रों ने अपने शिक्षकों के साथ रांची जिले के अनगड़ा ब्लॉक स्थित पाइका, चतरा, सिरपा और बोंगई बेरा गांव के वृद्ध और अभावग्रस्त लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने विद्यालय द्वारा किए गए प्रयास की प्रशंसा की। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि शैक्षणिक उत्कृष्टता के अलावा स्कूल इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से छात्रों में प्यार, सद्भावना और सेवा भावना जैसे गुणों को जागृत करने का प्रयास करता है।

# शिल्पी मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। विकास भारती बिशुनपुर की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित शिल्पी मेला सह प्रदर्शनी 2023 के दूसरे दिन बुधवार को उद्यमिता संवाद, नुक्कड़ नाटक व्यंजन प्रतियोगिता, सांस्कृतिक संवाद एवं संथाली सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। उद्यमिता संवाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएसएमई के संयुक्त निदेशक इन्द्रजीत यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सिडबी की मैनेजर प्रेमा जुली होरो, एसबीआई के चीफ मैनेजर पुरुषोत्तम कुमार झा, केवीआईसी के जिला समन्वयक अरुण कुमार, आईसीएफएआई के वीसीओआरएस राव मौजूद थे। इन्द्रजीत यादव ने कहा कि विकास भारती ग्रामीण क्षेत्रों में सराहनीय कार्य कर रही है। एमएसएमई लघु उद्योगों को सहयोग करने का कार्य करती है। साथ ही, झारखंड सरकार की एमएसएमई की योजनाओं की जानकारी उद्यमियों को प्रदान की जाती है। केवीआईसी के जिला समन्वयक अरुण कुमार ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। वहीं सिडबी की मैनेजर प्रेमा जुली होरो ने लघु उद्यमियों के लिए ऋण प्राप्त करने के संबंध में जानकारी दी। गुरुवार को युवा शिल्पी मेला का आखिरी दिन है। मेले का समापन समारोह अपराह्न तक चलेगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे राज्यपाल रमेश बैस। यह जानकारी विकास भारती के मीडिया प्रभाग द्वारा दी गयी।

# सचिव ने एमआइएस और इ-वाहन का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मंगलवार को सचिव (कोयला), कोयला मंत्रालय, भारत सरकार,अमृत लाल मीना नेसेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल)के स्वाइस्य्यल संबंधी हॉस्पीटिल मैनेजमेंट सिस्टलम (एमआइएस) एवं इ- वाहन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अध्ययक्ष, कोल इंडिया, प्रमोद अग्रवाल, अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, एम. नागराजू, सीएमडी, सीसीएल पीएम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन) राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), बी. साइराम, निदेशक (वित्तब), पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, हर्ष नाथ मिश्र, सीवीओ, पंकज कुमार, सीएमएस, सीसीएल डॉ. नीता पॉल सहितसीसीएल मुख्यालय के विभिन्नि विभागों के महाप्रबंधक/ विभागाध्यक्ष एवं चिकित्सदकगण उपस्थित थे। सचिव (कोयला), अमृत लाल मीना ने अपने संबोधन में कहा कि इस एमआईएस प्रणाली से सीसीएल के सभी कर्मियों को विशेष लाभ मिलेगा एवं उनका रिकार्ड डिजिटल रूप से व्य वस्थित रहेगा। उन्हों ने कहा कि सीसीएल के गांधीनगर अस्परताल सहित सीसीएल के क्षेत्रीय अस्पीतालों में ऐसी व्यउवस्थां होनी चाहिए कि सीसीएल कर्मी सहित स्टेसकहोल्डकर्स अपनी सुविधानुसार लाभांवित हो सके। अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने कहा कि मुझे गर्व है कि कारोना समय में भी सीसीएल सहित कोल इंडिया के अन्य, अस्पतालों ने अपना उत्कृष्टिग योगदान दिया और मुझे विश्वास है कि आगे भी इसी तरह सराहनीय कार्य हमारे चिकित्ससक एवं पारा मेडिकल स्टीफ करते रहेंगे। सीसीएल के चिकित्सक डॉ शिल्पी ने पीपीटी के माध्यलम से उपस्थित अतिथियों को एमआइएस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ज्ञातव्य हो किसीसीएल के सीएमडी, पीएम. प्रसाद के मार्गदर्शन में सीसीएल में 16 ई-वाहन को किराया पर लिया गया है और सीसीएल में पहली बार ई वाहन का उपयोग किया जायेगा। इसका उद्देश्यर इको फ्रेडली को बढ़ाना है, इस वाहन से प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सकता है। सचिव (कोयला), कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, अमृत लाल मीना अपने पदभार ग्रहण करने के बाद प्रथम दौरा में खेलगांव स्थित खेल अकादमी (जेएसएसपीएस) का दौरा कर स्पोर्टस कैडट्स को प्रोत्सामहित किया। इस अवसर पर अध्यहक्ष, कोल इंडिया, प्रमोद अग्रवाल, अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, एम. नागराजू, सीएमडी, सीसीएल पीएम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन) राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), बी. साइराम, निदेशक (वित्तन), पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, हर्ष नाथ मिश्र, सीवीओ, पंकज कुमारसहित खेल अकादमी के सीईओ (एलएमसी), श्री गिरिश राठौर एवं अन्यी उपस्थित थे।

# वह दस महत्वपूर्ण बातें जो छात्रों को अच्छे अंक लाने में मदद करेगी



**सफदर ईमाम**
सहायक शिक्षक
विषय अंग्रेजी
राजकीय +2 उच्च विद्यालय
कांके रांची

हर स्टूडेंट को आज सफलता हासिल करने के लिए काफी मेहनत करना है क्योंकि आज शिक्षा के क्षेत्र में कंपटीशन बढ़ गया है, हर अभिभावक की इच्छा होती है कि उनका बच्चा अच्छे अंको से परीक्षा में पास करें ।अगर बच्चों से जरा सी भी चूक होती है तो परीक्षा को पास करना आसान नहीं होता है इसलिए इस बढ़ते कंपटीशन के युग में किसी भी छात्र के लिए परीक्षा को पास करने में उसकी तैयारी पहले से करना जरूरी है।आज देखा जाता है कि बहुत से बच्चों को पढ़ने में मन नहीं लगता है और वे सोचते रहते हैं कि कल से पढ़ाई करेंगे तब तक परीक्षा करीब आ जाता है ऐसे में बहुत से बच्चों के पास तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता और फिर उनका परीक्षा अच्छा नहीं हो पाता है। आज हम बच्चों को इस तरह की कई परेशानियों से बचने के लिए कुछ महत्वपूर्ण बातों के साथ-साथ कम समय में अपने परीक्षा की तैयारी करने के लिए कुछ तरीके बताएंगे जिससे समय रहते हुए मेहनत करके अपनी परीक्षा की तैयारी अच्छे से कर सकते हैं।

**1. परीक्षा के सिलेबस की जानकारी रखें:** अगर कोई भी छात्र कम से कम समय में और मेहनत के साथ परीक्षा की तैयारी करना चाहता है तो सबसे पहले परीक्षा का सिलेबस जानना चाहिए ताकि सब तैयारी सिलेबस के अनुसार हो सके।

**2. पिछले वर्षो के प्रश्न पत्र देखें :** यह किसी भी तरह के परीक्षा की तैयारी का सबसे आसान तरीका है। किसी भी परीक्षा के पिछले साल का प्रश्न पत्र देखने से आप यह पता आसानी से लगा सकते हैं कि परीक्षा में प्रश्न पत्र किस तरह के आते हैं और किस चैप्टर से अधिक और किस चैप्टर से कम प्रश्न पूछे जाते हैं आप अच्छी तैयारी करना चाहते हैं यह तरीका अपना सकते हैं।

**3. पढ़ने का टाइम टेबल अवश्य बनाये :** परीक्षा की तैयारी के लिए आपको पढ़ने का टाइम टेबल बनाना चाहिए जिससे आप समय पर आसानी से अपनी पढ़ाई कर सकते हैं। आपको कम से कम 4 से 5 घंटे पढ़ाई घर पर अंतिम दो से तीन महीनों में करनी चाहिए। सुबह के समय पढ़ना काफी फायदेमंद होता है, इसलिए चाहिए कि रात को आप जल्दी सो जाएं और सवेरे उठ कर याद करने वाले प्रश्न पढ़ें सुबह का समय इन प्रश्नों के लिए बेहतर परिणाम देता है।

**4. मोबाइल फोन से दूरी बना कर रखें :** परीक्षा में अच्छा अंक लाना है तो मोबाइल से दूर रहना होगा क्योंकि आज के समय में मस्तिष्क के विकास में मोबाइल काफी हद तक बाधा डालता है। ज्यादा से ज्यादा समय मोबाइल में गेम खेलने और तरह-तरह के एप्स को डाउनलोड करके समय बर्बाद करते हैं। जिससे आपका मन पढाई में नहीं लगता और तैयारी नहीं हो पाती है। लगातार मोबाइल के प्रयोग से सर में दर्द और आंख को काफी नुकसान होता है।

**5. परीक्षा के लिए नोट्स बनाएं :** परीक्षा के लिए सिलेबस के अनुसार आप अपना नोट्स तैयार करें स्वयं का नोट्स तैयार करने से आपको टॉपिक की सभी बातों की जानकारी अपने शब्दों में मिल जाती है और जिस से आप परीक्षा हॉल में आसानी से सभी प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं यह आपके द्वारा जो बनाया गया नोट्स है, आपको परीक्षा के समय काफी हद तक मदद करेगा।

**6. पढ़ाई एकांत और शान्त वातावरण में करें :** पढ़ाई के लिए शांत वातावरण चुने अगर आप शांत वातावरण में पढ़ते हैं तो आपकी याद करने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। एकांत में पढ़ने से आपमें पढ़ाई करने की एकाग्रता बढ़ती है। आपका पूरा फोकस पढ़ाई पर रहता है। इसलिए कोशिश करें कि वैसे जगह को चुने जहां पर आप को कोई भी परेशानी नहीं हो और आप एक अच्छे वातावरण में परीक्षा की तैयारी कर सकें। कम समय में तैयारी के लिए एकांत और शान्त वातावरण का होना बहुत जरूरी है।

**7. पढ़ाई के बीच में छोटे छोटे ब्रेक ले कर पढ़ें :** पढ़ने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप पढ़ते समय छोटे-छोटे ब्रेक लेकर पढ़ें इससे आप का मन पढ़ाई में लगा रहेगा और पढ़ाई उबाऊ नहीं लगेगा। छोटे-छोटे ब्रेक में आप क्रिकेट, बैडमिंटन, खेल सकते हैं। मोबाइल गेम में ध्यान केंद्रित नहीं करना है मोबाइल से आपको और आपके दिमाग को थकावट महसूस होगी । इसलिए आप बाहर जाकर गेम खेलें या अपना हॉबी का कोई भी काम कर सकते हैं। यह आपको फिर से पढ़ाई में मन लगाने में मदद करेगा।

**8. पढ़ाई के साथ लिखने का अभ्यास करें:** परीक्षा की तैयारी में किसी भी टॉपिक को पढ़ना जरूरी होता है, पर पढ़ाई के साथ-साथ जब आप उस टॉपिक को अपने शब्दों में लिखते हैं, अभ्यास करते हैं तो यही अभ्यास आपको परीक्षा हॉल में अच्छे अंक लाने के लिए मदद करता है। इसलिए आपको चाहिए कि पढ़ाई करें और पढ़ाई के साथ-साथ लिखने का अभ्यास भी बहुत करें ताकि परीक्षा हॉल में आपको इसका बहुत फायदा मिल सके।

**9. फास्ट फूड या जंक फूड से बचें:** आपको बाहर का खाना, फास्ट फूड, जंक फूड नुकसान पहुंचा सकता है इसलिए इस समय सबसे जरूरी बात यह है कि आपको घर का बना खाना ही खाना है अगर आप बीमार पड़ जाते हैं या कोई परेशानी बढ़ जाती है, तो आपका पुरा मेहनत बेकार चला जाएगा और आपका एक साल बर्बाद हो जायेगा।

**10. परीक्षा के तनाव से बचने की कोशिश करें:** परीक्षा की तनाव के कारण आप अपना पूरा ध्यान पढ़ाई पर नहीं दे पाते हैं इसलिए तनाव को खुद पर हावी ना होने दें। अगर आप तनाव महसूस कर रहे हैं कि मैंने अपना पुरा समय बर्बाद कर दिया है बहुत कम समय बचा है तैयारी के लिए। ऐसी स्थिति में आप खुद को प्रोत्साहित करें कि आप की तैयारी के लिए जो समय है वह पर्याप्त समय है और इस समय का सही से उपयोग करके आप अच्छे अंक ला सकते हैं और अपना पूरा ध्यान पढ़ाई पर फोकस करने की कोशिश करें। हमेशा सकारात्मक सोचें, नकारात्मक बातों को अपने दिमाग में जगह ना दें। हम उम्मीद ही नहीं आशा करते हैं कि अगर आप इन तरीकों से परीक्षा की तैयारी करते हैं तो आपको परीक्षा में सफलता अवश्य मिलेगी और आप जितना चाहते हैं उतने अच्छे अंक प्राप्त होंगे।

# अव्यवस्था की उड़ान

ताजा घटना पटना की है, जिसमें दो यात्री नशे की हालत में पाए गए। वे नशा करके विमान में चढ़े थे और जब पटना हवाई अड्डे पर उनकी सांस जांची गई तो तथ्य सामने आया कि उन्होंने मदिरापान कर रखा था। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। मगर सवाल है कि जब वे नशा करके या कोई नशीला पदार्थ साथ लेकर दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे, तब वहां के कर्मचारी इस तथ्य की जांच करने से कैसे चूक गए। इसके अलावा, पिछले दिनों दो घटनाएं हुईं, जिनमें मुसाफिरों ने ऐसी अशोभन हरकतें कीं, जिन्हें संचालक दल की सावधानी से रोका जा सकता था। न्यूयार्क से दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के विमान में एक यात्री ने एक महिला सहयात्री से नशे की हालत में अभद्र व्यवहार किया। वह हवाई अड्डे से आसानी से निकल भी गया। फिर दिल्ली से गोवा जा रहे गो फर्स्ट के विमान में एक विदेशी सैलानी ने विमान परिचारिका से छेड़छाड़ करने की कोशिश की। एक विचित्र घटना यह सामने आयी कि सोमवार को बंगलुरु हवाई अड्डे पर विमानन कंपनी गो फर्स्ट के एक विमान ने करीब पचास यात्रियों के सवार होने से पहले ही दिल्ली के लिए उड़ान भर लिया। इस लापरवाही के लिए अब भले ही कंपनी ने यात्रियों से माफी मांगी है, लेकिन इससे हवाई यात्रा में पसर रही अव्यवस्था का ही पता चलता है। इन घटनाओं के मद्देनजर नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए ने नोटिस जारी किया है और सभी विमान सेवाओं को निर्देश जारी किया है कि वे किस तरह मुसाफिरों के साथ पेश आयें, जांच आदि में क्या सावधानियां बरतें। किसी भी विमान में इस तरह की घटना होती है, तो उससे वह पूरी कंपनी बदनाम होती है, इसलिए इन विमान कंपनियों ने निस्संदेह खुद भी कुछ सावधानी बरतने के उपाय किए होंगे। मगर सवाल है कि इस तरह की घटनाओं की नौबत ही क्यों आ रही है। इसकी पहली वजह तो यही है कि प्रतिस्पर्धी कारोबार के चलते तमाम निजी विमानन कंपनियां मुसाफिरों को आकर्षित करने का प्रयास खूब करती हैं और इसमें किराए को लेकर सबसे अधिक बदलाव किये जाते हैं। निजी विमानन कंपनियों को उड़ान के घंटे और अपने बेड़े में विमानों की संख्या बढ़ाने संबंधी नियमों को भी पहले से काफी लचीला बना दिया गया है, जिसके चलते अब छोटे-छोटे शहरों के लिए भी विमान सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। अब यह तथ्य छिपा नहीं है कि हवाई सेवाओं पर यात्रियों का दबाव तो बढ़ा है, मगर उस अनुपात में विमानन कंपनियों ने अपने संसाधन और सुविधाओं में विस्तार नहीं किया है। पिछले दिनों दिल्ली और मुंबई हवाई अड्डों पर सामान और मुसाफिरों की जांच में लगने वाले लंबे वक्त को लेकर बड़ी संख्या में शिकायतें आयीं तो संसदीय समिति और उड्डयन मंत्रालय को इस पर सक्रिय होना पड़ा। जाहिर है, इस तरह भीड़ को जल्दी जांच आदि कामों से निपटाने का प्रयास होगा, तो नशा करके या नशीले पदार्थ साथ लेकर चलने वालों को मौका मिलेगा ही। फिर, विमान के भीतर सुव्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी चालक दल की होती है। अगर कोई मुसाफिर अभद्र व्यवहार करता है, तो जाहिर है, यह चालक दल की भी कमी है। कारोबारी होड़ ठीक बात है, मगर मुसाफिरों की सुरक्षा और सुविधा का ध्यान न रखा जाए, तो सवाल उठेंगे ही।

**पिछले एक-डेढ़ हफ्ते में कई भारतीय उड़ानों में मुसाफिरों के अशिष्ट व्यवहार और विमान संचालक दल की लापरवाही के मामले सामने आये।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**विश्व धरातल पर ज्ञान एवं व्यवहार के नए-नए खुलते क्षितिजों से जन्मी अपेक्षाओं के सन्दर्भ में, आधुनिक हिंदी भाषा ने अर्थवत्ता का एहसास कराया है। हिंदी भाषा की उपादेयता इस बात से प्रमाणित होती है कि यह हमारे बहुसंख्य लोगों की भाषा है, साहित्यकार व कवियों की भाषा है, लोकप्रिय फिल्मों की भाषा है, इसमें विज्ञान और व्यापार की अद्यतन जानकारियां भी हैं। यह वोट मांगने की इकलौती सशक्त भाषा है।**

# राष्ट्रीय क्षितिज पर हिंदी का बहुआयामी स्वरूप



**डॉ तपन कुमार शांडिल्य**

भाषा किसी भी देश की संस्कृति का अक्षय कोष होती है। भाषा परम्परा संस्कृति और आधुनिकता के पथ पर गतिमान होकर परिवर्तनशील होती है। वस्तुतः भाषा समाज और परंपरा को जोड़े रखने का प्रेम बंधन भी है। वह भटकाव में आस्था की अक्षय ज्योर्तिमय मार्गदर्शक स्तम्भ भी है, सौम्य और सर्जनात्मकता का अपराजेय संकल्प हिंदी की बुनियादी प्रकृति है। हिंदी भाषा को भाषा वैज्ञानिकों ने स्थूल रूप से सामान्य और प्रयोजन में विभक्त किया है, सुखद सूचना यह है कि हिंदी की इस नितांत ताजा टटकी और भाषिक संरचना स्वरूप को विश्व स्तर पर सम्मान मिला है।

हिंदी के लिए चीन अब हिमालय पार नहीं रहा। पाकिस्तान में इसने अपने होने का परचम लहरा दिया है, समुद्र पार जाकर अब यह विश्व के अनेकानेक महाद्वीपों में इंटरनेट, ई-मेल एवं कंप्यूटर के माध्यम से अपनी सामर्थ्य का एहसास कराकर अब विश्व ग्लोब पर हिंदी पूरी तरह स्थापित हो चुकी है। अर्थात् विश्व धरातल पर ज्ञान एवं व्यवहार के नए-नए खुलते क्षितिजों से जन्मी अपेक्षाओं के सन्दर्भ में, आधुनिक हिंदी भाषा ने अर्थवत्ता का एहसास कराया है। हिंदी भाषा की उपादेयता इस बात से प्रमाणित होती है कि यह हमारे बहुसंख्य लोगों की भाषा है, साहित्यकार व कवियों की भाषा है, लोकप्रिय फिल्मों की भाषा है, इसमें विज्ञान और व्यापार की अद्यतन जानकारियां भी हैं। यह वोट मांगने की इकलौती सशक्त भाषा है।

**भाषाओं का बने रहना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि वह अभिव्यक्ति को सौ फीसदी तक परिपूर्ण और सहज बनाती हैं।**

गुलामी के बाद पश्चिम के समृद्ध समाज से कदम से कदम मिलाने की चाह ने अंग्रेजी को अपनाया, अंग्रेजीयत को ओढ़ा लेकिन अंग्रेजी से आत्म गौरव और लोगों को प्यार का अनुभव नहीं हुआ। आज दिखावा और आत्म गौरव के बीच द्वंद्व है और इन सब के मध्य हिंदी हमारी अस्मिता हमारे आत्म गौरव की भाषा है।




**हिंदी जन भाषा, राष्ट्रभाषा, राजभाषा के सोपानों को पार करके विश्व भाषा बनने को अग्रसर है। हिंदी की नयी पीढ़ी सक्षम है। उसका फलक बढ़ा है उसे इंटरनेट जैसा सशक्त माध्यम मिला है, जिसने दुनिया को उसकी मुट्ठी में समेट दिया है। हिंदी की ताकत बढ़ रही है।**

भाषाओं का बने रहना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि वह अभिव्यक्ति को सौ फीसदी तक परिपूर्ण और सहज बनाती हैं। ये नहीं होंगी तो वैभवशाली संपर्क भाषाएं कच्चा माल कहां से हासिल करेगी? यानी उन्हें नये शब्द और नई अभिव्यक्तियां कहां से मिलेंगी? यह चिंता और बहस का विषय है। आज हिंदी समाज का व्याकरण बदल रहा है, भाषा का ही व्याकरण नहीं होता अपितु व्याकरण से हमारा तात्पर्य सामाजिक इकाइयों और संरचनाओं से है जो स्थिर नहीं रहती समयानुसार बदलती रहती है।

यूनेस्को की एक रिपोर्ट बताती है कि हर वर्ष संसार से अनेक जैविक प्रजातियों की तरह बीसियों भाषाएं भी सदा के लिए लुप्त होती जा रही हैं, अंततः कुछ बड़ी सक्षम भाषाएं ही शायद बची रह जाएं और जो योग्यतम सिद्ध होगा वही टिकेगा।

यह भी सच है कि हिंदी के उद्भव और विकास का समूचा कालखंड उसके लिए निहायत प्रतिकूल रहा है, स्वाधीनता से पूर्व तक वह प्रायः राज्याश्रय विहिन ही रही। हिंदी मूलतः भारतीय जन की और जन्म प्रतिरोध की ही भाषा रही है लेकिन वर्तमान सांस्कृतिक भूमंडलीकरण ने हिंदी के समक्ष अत्यंत गंभीर तथा अभूतपूर्व चुनौती प्रस्तुत की है। स्वतंत्रता के पूर्व वह कभी राजभाषा या राज्याश्रय प्राप्त भाषा नहीं थी पर वह जन प्रतिरोध की भाषा, जन आकांक्षा का खुला मंच और इस महादेश के संश्लिष्ट, सामासिक, संस्कृति की सशक्त पहचान बनकर जन भाषा बनी। प्रत्येक क्षेत्र में हिंदी की उपस्थिति उसकी विलक्षण क्षमता का परिचायक है।

हिंदी विश्व पटल पर अपने महती अस्तित्व को उजागर कर रही है। बीसवीं सदी के अंतिम वर्षों में सूचना क्रांति के तहत संपूर्ण विश्व में एकीकरण हुआ फलस्वरूप हिंदी, ज्ञान, विज्ञान, अनुसंधान, वाणिज्य, व्यापार, बाजार, संचार और प्रौद्योगिकी की सक्षम भाषा के रूप में विकसित हो जाती है।

हिंदी का सामना आज नये प्रश्नों में स्वरूपों से हो रहा है, हिंदी ने पिछले कुछ दशकों में असंख्य दिशाओं में असंख्य यात्राएं की है, सहसा यह विश्वास नहीं होता है कि यह वही भाषा है जिसके उन्नयन, संवर्धन और परिष्कार के लिए रचनाकारों, संपादकों, व्याकरणों व समाज सुधारकों का एक बड़ा समूह न जाने कितना श्रम करता रहा है। आज वही हिंदी ज्ञान विज्ञान और संप्रेषण की भाषा है। हिंदी के प्रयोजनमूलक अभिनव प्रतिरूप ने भाषा के सत्ता को सर्वथा नये-नये क्षेत्रों से संपृक्त कर दिया है। हिंदी जन भाषा, राष्ट्रभाषा, राजभाषा के सोपानों को पार करके विश्व भाषा बनने को अग्रसर है। हिंदी की नयी पीढ़ी सक्षम है। उसका फलक बढ़ा है उसे इंटरनेट जैसा सशक्त माध्यम मिला है, जिसने दुनिया को उसकी मुट्ठी में समेट दिया है। हिंदी की ताकत बढ़ रही है। हिंदी को विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, कार्यालय संसद तथा अकादमियों में प्रतिष्ठा मिली, तमाम पुरस्कार, योजनाएं, संवर्धन और प्रेरणा के शासकीय प्रयास शुरू हुए। साहित्य सृजन से हटकर भाषा और ज्ञान के तमाम अनुशासनों पर हिंदी में काम शुरू हुआ है। रक्षा, अनुवांशिकी चिकित्सा, जीव विज्ञान, भौतिकी आदि क्षेत्रों में हिंदी की उपस्थिति दर्ज हो चुकी है। प्रत्येक ज्ञान और सूचना को अभिव्यक्ति देने में हिंदी का सामर्थ्य लगातार बढ़ रहा है। हिंदी सत्ता प्रतिष्ठानों के सहारे नहीं फैली बल्कि उसका विस्तार उसकी शक्ति स्वयं उसमें निहित है, अंग्रेजी से उसकी तुलना हमारा मंतव्य नहीं है। अंग्रेजी वर्षों से शासक वर्ग तथा प्रभु वर्गों की भाषा रही है। उसे एक दिन में सिंहासन से हटाया नहीं जा सकता। हिंदी का हस्तक्षेप सर्वथा नया है इसीलिए उसे लंबी और सुदीर्घ तैयारी के साथ विश्व भाषा के सिंहासन पर प्रतिष्ठित होने की प्रतीक्षा करनी चाहिए। हिंदी को 21वीं सदी की भाषा बनाना है, आने वाले समय की चुनौतियों के मद्देनजर उसे ज्ञान, सूचनाओं और अनुसंधान की भाषा के रूप में स्वयं को सक्षम सिद्ध करना है।

हिंदी के पुरस्कर्ताओ, अध्येताओं, आचार्यों और हिंदी भाषा प्रयोक्ता समाज के लिए अद्यतन ही चिंता का विषय है कि अथक प्रयासों के बाद भी हिंदी की अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई है। राष्ट्रभाषा के रूप में उसके उत्तरोत्तर समर्थन और अंतरराष्ट्रीय विस्तार के बावजूद भारत में हिंदी अपनी यथोचित भूमिका अपेक्षित पैमाने पर क्यों नहीं निभा पायी? वस्तुतः हिंदी भाषा को आधुनिक युग में व्यवहारक्षम बनाने के लिए अनेक आयामों में विकसित करना पड़ा है, तथापि लोगों में अंग्रेजी के प्रति मोह का बढ़ना वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति में अवरोध उच्च स्तरों पर हिंदी संबंधी निर्णयों के प्रति अनास्था व उपेक्षा व्यापक विमर्श का विषय है।

सूचना प्रौद्योगिकी के बदलते परिवेश में हिंदी भाषा ने अपना स्थान धीरे-धीरे प्राप्त कर लिया है। आज हमारी मानसिकता में बदलाव लाने की जरूरत है। आज भले ही चीन, जापान, रूस, जर्मनी, अरब आदि अंग्रेजीतर देशों ने अपनी भाषा विकास किया हो लेकिन भारत में अगर राजभाषा, संपर्कभाषा, लोकभाषा को हम विकसित नहीं कर पाए तो यह हमारी पराजय होगी।

**(लेखक डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति हैं।)**

# भारत के वैज्ञानिक कायाकल्प के उत्प्रेरक विवेकानंद





**अमरदीप यादव**

12 जनवरी 2006 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम रामकृष्ण मिशन पोरबंदर में स्वामी विवेकानंद की 143वीं जयंती पर विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ वैल्यू एडुकेशन एंड कल्चर (विवेक) के उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि थे। डॉ कलाम ने अपने संबोधन में कहा कि टाटा फाउंडेशन की एक प्रदर्शनी में उन्होंने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बैंगलोर के निर्माण के लिए जमशेदजी नसरवानजी टाटा और स्वामी विवेकानंद के बीच हुए पत्राचार के पत्रों को देखा और वे एक साधु की दूरदृष्टि और व्यापक सोच का प्रशंसक हो गए।

25 जुलाई 2020 को रामकृष्ण आश्रम राजकोट के अध्यक्ष स्वामी निखिलेश्वरानंद सत्संग की प्रश्नोत्तरी सत्र में इस ऐतिहासिक संस्मरणों को विस्तार से बताते हैं कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेज, बेंगलूरु की स्थापना के पीछे विवेकानंद की प्रेरणा थी।

31 मई 1893 को दो भारतीय जापान के योकोहामा से कनाडा के वैंकूवर तक पानी के जहाज पर एक साथ यात्रा कर रहे थे। दोनों अपने क्षेत्रों में बहुत भिन्न थे, एक संन्यासी शिकागो धर्म सभा में भाग लेने जा रहे थे और उद्योगपति जमशेदजी शिकागो में एक औद्योगिक प्रदर्शनी के लिए जा रहे थे। इस दौरान विवेकानंद ने जमशेदजी को विज्ञान के प्रति अपनी व्यापक सोच को बताया कि विज्ञान का उद्देश्य बाह्य दृश्यमान विविधता के मध्य विद्यमान एकत्व की खोज ही है। रसायनशास्त्र का अंतिम लक्ष्य ऐसे एक मूलतत्व की खोज है जिससे सभी पदार्थों के रहस्य का पता चल सके। भौतिक विज्ञान एकत्व ऊर्जा की खोज में रत है। यह आध्यात्मिक लगनेवाली बात पूर्णतः वैज्ञानिक है। यह भारतीय वैज्ञानिक जीवनदृष्टि है। इसी का प्रयोग जितना भौतिक विज्ञान में हुआ उतना ही धर्म में हुआ। अतः भारत का धर्म वैज्ञानिक है और विज्ञान धार्मिक। इनमें आपस में कोई विरोधाभास नहीं है। इसी कारण 19वीं शताब्दी के प्रारम्भ तक भारत में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केवल उन्नत ही नहीं सर्वव्यापक थी। अंग्रेजों की नीतियों ने इस समृद्ध वैज्ञानिक परम्परा को नष्ट किया। ब्रिटिश शासन उच्च शिक्षा, अंतरराष्ट्रीय तकनीक और शोध प्रवाह भारत में स्थापित करना नहीं चाहते हैं। आपका प्रयास भारत में ऐसी अंतरराष्ट्रीय विज्ञान शोध संस्थान खोलने की होनी चाहिए, जमशेदजी इस विचार से काफी प्रभावित और प्रेरित हुए।

दोनों उसके बाद योकोहामा से वैंकूवर के कनाडाई बंदरगाह के लिए एसएस एम्प्रेस ऑफ इंडिया पर यात्रा शुरू किया। वे 25 जुलाई 1893 तक सहयात्री थे।

यात्रा के पांच वर्षों बाद नवंबर 23, 1898 को जमशेदजी टाटा ने स्वामी विवेकानंद को पत्र लिखकर यह स्मरण करवाया कि उस जहाज यात्रा की उनकी चर्चा अब सार्थक होगी क्योंकि टाटा ने भारतीय विद्यार्थियों के लिए एक विज्ञान शोध संस्था बनाने का निश्चय किया है। टाटा ने उस दौर में 2 लाख स्टर्लिंग पाउंड (30 लाख रुपए) की राशि इस कार्य के लिए समर्पित की है शेष 44 लाख के लिए आपके अपील की जरूरत है।इसके समर्थन में स्वामीजी का अपने द्वारा स्थापित किए 'प्रबुद्ध भारत' इस अंग्रेजी मासिक पत्रिका के अप्रैल 1899 के अंक में इस विषय पर एक संपादकीय प्रसिद्ध हुआ। 'श्री टाटा की योजना' शीर्षक इस लेख का निचोड़ निम्नलिखित है।

**यात्रा के पांच वर्षों बाद नवंबर 23, 1898 को जमशेदजी टाटा ने स्वामी विवेकानंद को पत्र लिखकर यह स्मरण करवाया कि उस जहाज यात्रा की उनकी चर्चा अब सार्थक होगी क्योंकि टाटा ने भारतीय विद्यार्थियों के लिए एक विज्ञान शोध संस्था बनाने का निश्चय किया है। टाटा ने उस दौर में 2 लाख स्टर्लिंग पाउंड (30 लाख रुपये) की राशि इस कार्य के लिए समर्पित की है शेष 44 लाख के लिए आपके अपील की जरूरत है।**

'भारत को अगर प्रगति करनी है अथवा संसार के बड़े-बड़े राष्ट्रों की कतार में अपने आपको बिठाना है, तो पहले हमें अनाज की समस्या हल करनी होगी। आज के इस तीव्र स्पर्धा के युग में खेती और व्यापार इन दो मुख्य क्षेत्रों में आधुनिक विज्ञान का उपयोग करना ही एकमात्र उपाय इस समस्या को सुलझाने का है। आज मनुष्य के हाथ में नए-नए यंत्र आ रहे हैं ऐसी स्थितियों में अपने पुराने साधन और पुराने मार्ग टिक नहीं पायेंगे। जो लोग अपनी बुद्धि के सहारे कम से कम शक्ति का उपयोग कर प्राकृतिक साधन सामग्री का अधिक से अधिक उपयोग नहीं कर सकेंगे उनका विकास रुक जाएगा। उनके भाग्य में पतन और विनाश ही होगा। उनको इससे बचाने के लिए कौन सा भी उपाय नहीं है। प्राकृतिक शक्ति संबंधी ज्ञान प्राप्त करने का भारतीयों का मार्ग और प्रशस्त करना यह टाटा की योजना का ढांचा है। यह योजना कार्यान्वित करने के लिए करीबन 74 लाख रुपए लगेंगे इसलिए कुछ लोगों को लगता है यह योजना एक कल्पनाविलास है। इसका जवाब यह है कि देश के एक उद्योगपति श्री टाटा अगर 30 लाख रुपये दे सकते हैं, तो देश के अन्य नागरिक मिलकर बचे हुए पैसे इकट्ठा नहीं कर सकते? यह योजना कितनी महत्वपूर्ण है यह सभी को मालूम है।'

जमशेदजी के पत्र में वर्णित शोध संस्थान के लिए स्वामीजी ने भगिनी निवेदिता को भेजा था और उन्होंने मिलकर शोध संस्थान की विस्तृत योजना तैयार की। बंगलोर की पश्चिम दिशा में पांच किलोमीटर दूरी पर मैसूर के महाराजा श्री कृष्णराज वोडेयार चतुर्थ ने लगभग 4 एकड़ जमीन दान में दिया। जुलाई 1902 में स्वामी विवेकानंद की मृत्यु हो गई और दो साल बाद जमशेदजी की मृत्यु हो गई, इस बात से अनित्य कि उनकी साझा दृष्टि पांच साल बाद साकार होगी। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस की स्थापना 1909 में हुआ था और फरवरी 1911 में इसका नाम भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) कर दिया गया। आज, यह भारतीय का गौरव है और दुनिया के प्रमुख शोध अध्ययन केंद्रों में से एक है।

**(लेखक भाजपा ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# हेमंत सरकार में महिलाओं को मिल रहा है सम्मान : मंगल कालिंदी

**जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के पंचायत स्तरीय महिला समूह के सम्मेलन में शामिल हुए विधायक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित खकड़ीपाड़ा पंचायत में महिला समूह द्वारा पंचायत स्तरीय महिला समूह सम्मेलन का आयोजन किया। बुधवार को आयोजित महिला समूह के सम्मेलन में मुख्य अतिथि सतारूढ़ दल के सचेतक सह लोकप्रिय विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान आजसू पार्टी की महिला नेत्री बुलबुल दास व जयश्री घोस के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिला समूह के सदस्य शामिल रहे। मौके पर उपस्थित महिलाओं ने राज्य के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत में हो रही विकाश कार्य व विधायक मंगल कालिंदी के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर झामुमो झामुमो का दामन थामने का फैसला कर लिया। उन्होंने वर्तमान हेमंत सरकार में महिलाओं की सम्मान को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर सैकड़ों महिलाओं को विधायक मंगल कालिंदी की उपस्थिति में झामुमो की सदस्यता दिलाई गई। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा हेमंत सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्य में महिलाओं को सशक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बीते दिनों रांची के मोरहाबादी मैदान मे कई योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने महिला सुरक्षा पर बल देते हुए महिला हेल्पलाइन 181 का शुभारंभ किया। सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने महिला सशक्तीकरण को लेकर सखी मंडल की दीदियों को ऋण की राशि दी। 30 हजार सखी मंडलों को 300 करोड़ की राशि बैंक लिंकेज के जरिए दिया गया। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र के महिलाएं आगे आएं। हेमंत सरकार हर हाल में महिलाओं को सम्मान के साथ आगे बढ़ाने का काम करेगी। ताकि महिलाओं का एक मजबूत संगठन बन सके। इस अवसर पर विधायक ने झामुमो में शामिल होने वाले सभी महिलाओं के प्रति हैट जोड़कर आभार प्रकट किया। विधायक मंगल कालिंदी ने सभी महिलाओं को एकजुट होकर ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की सैकड़ों योजनाओं का लाभ पहुंचाने की अपील की। मौके पर उपस्थित मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष पलटन मुर्मू ने कहा विधायक मंगल कालिंदी के नेतृत में जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र में विकास कार्य व क्षेत्र की समस्याओं का समाधान तेजी से हो रहा है। जनता की समस्याओं को पूरा करने का काम हर हाल में झामुमो करेगा। मौके पर मुखिया चांदमनी बारदा, सागर महतो, घासीराम बारदा, पंकज गोप, रवि भक्त, यमुना हो का योगदान रहा। कार्यक्रम में मुखिया संघ जिला अध्यक्ष पलटन मुर्मू, ग्राम प्रधान कृष्ण मांझी, सुभाष कर्मकार, संजय दास, आलोक भगत, अशित गोप सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।

# जमशेदपुर में बैंक कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**देवघर के पीएनबी में तैनात सुरक्षाकर्मी को अविलंब रिहा करने की मांग की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बीते दिनों देवघर के पंजाब नेशनल बैंक में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी अशोक कुमार यादव को पुलिस प्रशासन के द्वारा कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजने के मामले का बैंक कर्मियों ने निंदा की। बुधवार को यूएफबीयू के नेतृत्व में बैंक कर्मियों ने बिस्टुपुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के समीप सुरक्षा कर्मी को रिहा करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लगभग 100 से अधिक बैंक कर्मी शामिल रहे। सभी ने पीएनबी के सुरक्षाकर्मी अशोक कुमार यादव की अविलंब रिहाई की मांग की। साथ ही दोषी पुलिस अधिकारी पर उच्चस्तरीय जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में 7 जनवरी को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम एक पत्र भी सौंपा गया। उन्होंने कहा बैंक ड्यूटी में तैनात सुरक्षाकर्मी का रिहाई जल्द नहीं की गई तो आन्दोलन को तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान एक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीईएफआई के नेतृत्व कामरेड सुजय राय, एनसीबीइ के कामरेड रामजी प्रसाद, एआईबीइए के कामरेड दिव्यांशु गुप्ता, आईएनबीओसी के कामरेड निशीकांत गुप्ता, एआईबीओसी के कामरेड अरुण कुमार सिन्हा,पूर्व सैनिक कामरेड अनिल सिन्हा ने सभा को संबोधित किया। सभा का संचालन संयोजक रींटू कुमार रजक एवं धन्यवाद ज्ञापन कामरेड डी.एन. सिंह ने किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने कंबल वितरण कर मनाया दिशोम गुरु का जन्मदिन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरू शिबु सोरेन की जन्मदिन मनाया गया। झामुमो नेताओ एवं कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एवं मिठाई बांटकर जन्मदिन मनाया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर 500 गरीब एवं असहाय परिवारां के बीच कंबल वितरण किया गया। तत्पश्चात झामुमो कार्यकर्ताओं ने सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर एवं मरीजां के बीच फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। मंदिर में हवन पूजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर झामुमो प्रदेश प्रवक्ता धीरज दुबे, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, जिला सचिव मनोज ठाकुर, परेश तिवारी, कंचन साहु, अनीता दत, सत्यनारायण यादव, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, निर्मल पासवान, शम्भू चन्द्रवंशी, फुजैल अहमद, शरीफ अंसारी, अरविन्द यादव, कामेश्वर चैधरी, विकास सिंह कुशवाहा, आलमगीर आलम, गुड्डू सिद्दीकी, मुमताज अंसारी, विनोद चन्द्रवंशी, फैजुल अंसारी, भीखम चन्द्रवंशी, संजय सिंह उर्फ छोटू, फखरे आलम खां, शीला तिवारी, ओमप्रकाश गुप्ता, अरविन्द पटवा, अमृत शुक्ला, जितेन्द्र दूबे, अभिषेक दूबे, तहजीब खां, जमीला बीबी, मुन्ना तिवारी, राजेन्द्र पाण्डेय, दिनेश दूबे, भोलू अंसारी, जमील अहमद, रजनीगंधा, सोनी देवी, अहमद अली, विवेक सिंह, अमित सिंह, चंदन पासवान, कौस्तुब, सुरज चन्द्रवंशी, सद्दाम अंसारी, नुरूलहोदा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कार्यकर्ताओं ने भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का 65वां जन्मदिन मनाया




**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का 65वां जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया। जन्मदिन समारोह का शुभारंभ केक काटकर किया गया। जन्मदिन समारोह को संबोधित करते हुये वक्ताओं ने कहा कि बाबूलाल मरांडी झारखण्ड के विकास पुरुष के रूप में जाने जाते हैं। शिक्षा ग्रहण करने के बाद वे प्राथमिक शिक्षक के रूप में भी काम किये। ये स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के मंत्रिमंडल में वन व पर्यावरण मंत्री के रूप में शपथ लिये। 15 नवम्बर 2000 को जब झारखण्ड प्रदेश का गठन हुआ तो झारखण्ड प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लिये। इन्होंने रांची को ग्रेटर रांची बनाने, जनकल्याण विभाग से गरीबो के लिये बस योजना, प्राकृतिक संपदा बालू को समस्त झारखंडियों के लिये मुफ्त करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये। वर्ष 2020 में झारखण्ड भाजपा विरोधी दल के नेता चुने गये। सभी वक्ताओं ने उनके दीघार्यु जीवन की कामना किया। जन्मदिन समारोह को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शारदा महेश प्रताप देव,विजय कुमार केसरी, सूरज गुप्ता, रघुराज पांडेय, शिवधारी राम, ओमप्रकाश गुप्ता, रविन्द्र कुमार पासवान, आनन्द कमलापुरी, कुमार कनिष्क सहित अन्य ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत मे गरीब, असहाय, निःशक्तों के बीच ठंड से बचाव के लिये कम्बल का वितरण किया गया. मौके पर विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ,मथुरा पासवान, सीताराम जायसवाल, नंदकिशोर यादव, रामेश्वर राम,सोबराती खां, सेवानिवृत्त शिक्षक शिवशंकर प्रसाद,संतोष चंद्रवंशी, रामेश्वर राम, धीरज जायसवाल, सलीम अंसारी, अरुण कुमार, नंदकिशोर प्रसाद, रमेश प्रसाद, सोबरन चंद्रवंशी, उमाशंकर प्रसाद, कमला सिंह, इस्माइल अंसारी, सुजितलाल अग्रवाल, सरोज सेठ, इंद्रजीत कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क व संचालन मो. नईम खलीफा ने किया।

## प्रेस कॉन्फ्रेंस : जिले के नौ उच्च विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण के लिए छह करोड़ रुपये स्वीकृत

# शिक्षा के विकास से ही विकसित समाज एवं विकसित राष्ट्र की कल्पना संभव : मिथिलेश

**गोवावल उवि डुमरिया में कक्षा एवं चाहरदीवारी का भी होगा निर्माण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले के नौ उच्च विद्यालयों की आधारभूत संरचना का विकास एवं सुदृढ़ीकरण के लिए छह करोड़, 41 लाख, तीन हजार, 137 रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इनमें अत्यंत महत्वपूर्ण योजना गढ़वा सदर प्रखंड के राजकीयकृत गोवावल उच्च विद्यालय डुमरिया की आधारभूत संरचना के साथ-साथ चहारदिवारी का भी निर्माण कार्य शामिल है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले में अन्य सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए झारखंड सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर नौ उच्च विद्यालयों के आधारभूत संरचना का विकास एवं सुदृढ़ीकरण करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें राजकीय कृत उच्च विद्यालय डुमरिया, राजकीय कृत उच्च विद्यालय खरौंधा एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय उदयपुर रमकंडा प्रत्येक का एक करोड़, 38 लाख, 44 हजार 900 रुपए की लागत से उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय भवन का निर्माण कार्य किया जाएगा। जबकि राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोरटा का अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण के लिए 85 लाख, 21 हजार 700, मेराल प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बाना, उच्च विद्यालय पेसका, गढ़वा प्रखंड का गोवावल उच्च विद्यालय डुमरिया का चहारदीवारी निर्माण के लिए एक करोड़, 33 लाख, 89 हजार 858 रुपए, राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी का सुदृढ़ीकरण के लिए चार लाख, 53 हजार, 760 रुपए तथा राजकीय कृत उच्च विद्यालय टाटीदीरी का सुदृढ़ीकरण के लिए दो लाख, तीन हजार, 119 रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इनमें गोवावल उच्च विद्यालय डुमरिया की अत्यंत ही महत्वपूर्ण योजना है। यह विद्यालय लंबे अरसे से उपेक्षित पड़ा हुआ था। यहां न तो बेहतर पढ़ाई के लिए आधारभूत संरचना उपलब्ध थी, और न ही इस विद्यालय की आज तक चहारदीवारी ही हो पाई थी। बताया जाता है कि इस क्षेत्र के पूर्व विधायक ने इसी विद्यालय से पढ़ाई भी की थी। साथ ही उन्हें 10 वर्षों तक इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का भी मौका मिला था। फिर भी यह विद्यालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा था। क्षेत्र के लोग विद्यालय की दयनीय स्थिति से काफी दुखी थे। परंतु अब यहां विद्यालय के विकास एवं निर्माण से क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी है। चहारदीवारी नहीं होने के कारण छात्राएं भी काफी असुरक्षित महसूस कर रही थी। अब छात्र-छात्राओं सहित पूरा विद्यालय परिवार चहारदीवारी में सुरक्षित महसूस करेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड सरकार सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा एवं शिक्षा सहित हर क्षेत्र में चौतरफा विकास कर रही है।

### गांव-गांव में की जा रही है बेहतर शिक्षा की व्यवस्था

आज गढ़वा सहित पूरे राज्य में शिक्षा की बेहतरी के लिए कई कार्य किये जा रहे हैं। गांव-गांव में बेहतर शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है। पहले गांव की छात्राएं नजदीक में व्यवस्था नहीं होने के कारण उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाती थी। यहां तक कि अधिकांश छात्र भी प्राईमरी एवं माध्यमिक के बाद पढ़ाई छोड़ देते थे। परंतु अब छात्र-छात्राओं को अपने गांव, घर के नजदीक ही माध्यमिक एवं प्लस टू तक की बेहतर शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब तक गरीबों के बच्चे पढ़ेंगे नहीं, हर क्षेत्र में शिक्षा का विकास नहीं होगा, तब तक विकसित समाज, विकसित राज्य एवं विकसित राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में अन्य विद्यालयों का भी विकास का कार्य किया जाएगा।

## उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा कर सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का किया उदघाटन




**सड़क दुर्घनाओं को कम करने के उदेश्य से जागरूकता रथ हुआ रवाना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत समाहरणालय से जागरूकता रथ रवाना कर सड़क सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत की। सड़क सुरक्षा के लिए बनाए गए नियमों का पालन कर जीवन को सुरक्षित रखने की बात जन जन तक पहुंचाने के उदेश्य से जागरूकता रथ रवाना किया गया। सभी लोगों से सड़क सुरक्षा के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार वाहन चलाने की अपील की जा रही है।

कार्यक्रम के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने सड़क सुरक्षा सप्ताह एवं सड़क सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी।

### छात्रों ने जनजागरूकता रैली निकालकर दी सड़क सुरक्षा की जानकारी



**सगमा (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा को लेकर सगमा प्रखंड अंतर्गत उत्तकर्मित मध्यविद्यालय दुसैया व राज्यकृत मध्य विद्यालय बैलिया स्कूली बच्चों के द्वारा बुधवार को सड़क सुरक्षा संबंधित बैनर तले जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान उत्क्रमित मध्यविद्यालय दुसैया स्कूली बच्चों के द्वारा जागरूकता अभियान विद्यालय से निकालकर बगीचा होते हुए मुख्य पथ से लेकर दक्षिण टोला तक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। वहीं पर राजकीयकृत मध्य विद्यालय बैलिया स्कूल के बच्चों के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान बैलिया विद्यालय से निकलकर मेन रोड होते हुए चलाया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक पंकज राय ने कहा कि सभी को सड़क पर चलने के नियमों का पालन करना चाहिए। इससे दुर्घटनाओं की आशंका बहुत कम हो जाती है। वाहन का भी समय-समय पर कुशल कारीगरों से परीक्षण कराते रहना चाहिए। इस अभियान के सफल संचालन में विद्यालय के प्रधानाध्यापक गणेश साह, सहायक शिक्षक, ललन सिन्हा, वेदप्रकाश मिश्रा, सुमन मिश्रा, ओमप्रकाश चौबे, रेणु चौबे सहित विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने शिबू सोरेन का जन्मदिन मनाया



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय जलक्रांति भवन परिसर मे बुधवार को झामुमो कार्यकर्ताओं ने झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष व दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 79वां जन्मदिन मनाया। पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव ने केक काटकर तथा लोगो को केक खिलाकर जन्मदिन मनाया। उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वस्थ रहने व दीर्घायु होने की कामना की। मौके पर झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, जिला सह सचिव कामता प्रसाद, झामुमो नेत्री किरण देबी, नेहा कुमारी, मुकेश सिन्हा, अमर नाथ पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, चंदन पांडेय, बाबू लाल दुबे, गणेश राम, सुधीर प्रसाद, राजकुमार राम, रमेश चंद्रवंशी, अजय प्रसाद मुखिया सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## रेड क्रॉस सोसाइटी ने 12 टीबी मरीजों को पोषाहार प्रदान किया

**सदर हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने की रेड क्रॉस के कार्यों की सराहना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** रेड क्रॉस सोसाइटी जिला गढ़वा की ओर से 12 टीवी पीड़ित मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषाहार प्रदान किया गया। गत दिनों रेड क्रॉस की मीटिंग में गढ़वा जिला यक्ष्मा प्रभारी डॉ कमलेश कुमार ने रेड क्रॉस सोसाइटी के लोगों से आग्रह किया था कि कुछ टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें छह महीने तक पौष्टिक पोषाहार दिया जाए, उसी क्रम में आज रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉक्टर एमपी गुप्ता, सचिव डॉक्टर ज्वाला प्रसाद सिंह, वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, सह सचिव नंद कुमार गुप्ता एवं एक्सक्यूटिव कमेटी के सदस्य सर्वश्री मनोज केसरी रूपा गंजी, ज्ञान प्रकाश केसरी, अवधेश कुशवाहा, संतोष मेहता, डॉक्टर पातंजलि केशरी के द्वारा 12 मरीजों को गोद लिया गया और उन्हें पोषाहार प्रदान किया गया।

इस मौके पर गढ़वा सदर हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार सिंह उपस्थित थे। उन्होंने इस कार्य के लिए रेड क्रॉस की सराहना की और उन्होंने कहा कि जो भी टीबी मरीज हैं कृपया अपनी देखरेख स्वयं करें। यदि वे थोड़ी सावधानी बरतें खांसते समय पर कोई कपड़ा अपने मुंह पर रखे, अपना जूठन किसी को ना खाने दें, कुछ और जो सावधानियां हैं समय-समय पर बताई गई जो सभी उपचार करा रहे मरीजों को पता है, उनका पालन करें तो निश्चित तौर पर भारत टीबी मुक्त हो सकता है।

मौके पर रेड क्रॉस के चेयरमैन एम पी गुप्ता, वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, सचिव डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह,सह सचिव नंदकुमार गुप्ता, रघुबीर कश्यप, ज्ञान प्रकाश केशरी, अवधेश कुशवाहा, मनोज केसरी रूपा गंजी, डॉ पातंजलि केशरी, संतोष मेहता आदि सदस्य सहित जिला यक्ष्मा केन्द्र के विश्वास कुमार शर्मा, रौशन कुमार, वीरेन्द्र जायसवाल आदि स्वास्थ्य कर्मी भी उपस्थित थे।

### एक सप्ताह से लापता वृद्ध का तालाब से मिला शव

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला चिनिया थाना क्षेत्र के बंधुआ गांव निवासी 65 वर्षीय देव शरण कोरवा का शव गांव के ही तालाब से बरामद हुआ है। घटना संदेहास्पद बनी हुई है। परिजन सुरेंद्र कोरवा ने बताया कि देव शरण कोरवा बीते सप्ताह बुधवार के रात्रि 12:00 बजे से ही घर से लापता हुए थे। घर से 500 मीटर की दूरी पर एक तालाब के किनारे पर इनका कपड़ा देखा गया जिसके बाद तालाब के चारों ओर छानबीन की गयी, किंतु कुछ भी पता नहीं चला। जिसके बाद घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। किंतु आज उसी तालाब में पहले सुबह देव शरण कोरवा का शव मिला। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया।

### कोस्को क्रिकेट टूर्नामेंट में आरआरसीसी ने जीत दर्ज की

**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में रंकाराज क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित कोस्को क्रिकेट टूर्नामेंट में आज का मैच आरआरसीसी बनाम बिश्रामपुर के बीच खेला गया। जिसमें आरआरसीसी ने पहले बैटिंग करते हुए 118 रनों की पारी खेली। जिसके जवाब में विश्रामपुर की टीम 83 रनों में सिमट गई। इस प्रकार आरआरसीसी ने 35 रनों से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच के रूप में अमित कुमार को समाजसेवी अमरेंद्र कुमार ने मेडल देकर सम्मानित किया। जबकि निर्णायक की भूमिका में शनि मिश्रा, कमल पांडेय एवं कमेंट्री में राकेश चंद्रवंशी ने सराहनीय भूमिका निभाई।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या 38 / 2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिकी की तिथि :– दिनांक 20.01.2023 एवं दिनांक 21.01.2023 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि दिनांक 24.01.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 25.01.2023 को 3.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य मद :– (SCA &PMAAGY) प्रधानमंत्री आदर्ष ग्राम योजना मद
9. कार्यों का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | DUMRI | CONSTRUCTION OF HALL WITH INCLINED ROOF ON BASIS OF TRUSS AND G.C.I. SHEET AT KGBV DUMARI, BLOCK- DUMRI | 24,63,600.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 2 | DUMRI | CONSTRUCTION OF EXTENSION OF HALL WITH INCLINED ROOF ON BASIS OF TRUSS AND G.C.I. SHEET AT KGBV DUMARI, BLOCK- DUMRI | 24,98,800.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 3 | BASIA | RENOVATION OF AWC AND CHABUTRA AT KUMHARI<br>RENOVATION OF AWC AND CHABUTRA AT BOREKERA<br>RENOVATION OF AWC AND CHABUTRA AT GANGRA | 18,11,600.00 | 36,500.00 | 5,000.00 | 01 माह |
| 4 | BASIA | RENOVATION OF AWC AND CHABUTRA AT PHARSAMA<br>RENOVATION OF AWC AND CHABUTRA AT KARALOYA<br>RENOVATION OF OKBA AWC GMS SCHOOL | 19,87,300.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 01 माह |
| 5 | GUMLA | REPAIR OF GOVT SCHOOL CHOTA LORO<br>REPAIR OF GOVT SCHOOL KULHI | 15,12,300.00 | 30,500.00 | 5,000.00 | 01 माह |

**निविदा की शर्तें**:– 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक हीं इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।

2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।

3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक / बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

जो निम्न है:– 1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।
3 निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर संवेदक को कार्य करने का Justification का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 287235 Rural Development (22-23)_D


## कार्यक्रम : सांसद वीडी राम ने कांडी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं की ली जानकारी

# पीएमजीएसवाइ योजना से विशेष मरम्मती के तहत दो सड़क निर्माण का किया शिलान्यास

**कहा- यह आपकी घर की योजना है, इसे खड़ा होकर आप सभी बनवायें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** पलामू सांसद वीडी राम ने बुधवार को कांडी प्रखंड का दौरा किया। सांसद व भाजपा नेता ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से पीएमजीएसवाई योजना से विशेष मरम्मती के तहत दो सड़क निर्माण का शिलान्यास किये। 2.09 करोड़ की लागत से दोनों सड़कों का निर्माण होगा। 84 लाख की लागत से हरीगांवा मोड़ से घोड़दाग 3.30 किलोमीटर व 1.25 करोड़ की लागत राशि से पिपरडीह मोड़ से सुगवादामर 4.200 किलोमीटर लम्बी सड़क शामिल है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि यह आपकी घर की योजना है, इसे खड़ा होकर आप सभी बनवायें।

सांसद आपके पंचायत में कार्यक्रम के तहत सांसद वीडी राम प्रखंड के चार पंचायत चटनियां, लमारी कला, घटहुआं कला व कांडी पंचायत का दौरा कर लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। उनके साथ विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी भी उपस्थित थे।

चटनियां पंचायत के कार्यक्रम में मुन्ना चंद्रवंशी ने कहा कि खेतों की सिंचाई की सुविधा के लिए सोन नदी से पाईप लाइन बिछाकर आपके खेतों तक सिंचाई की सुविधा मिलेगी। साथ ही नल जल योजना के तहत घर घर पेयजल की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस योजना पर काम चल रहा है लेकिन आप लोगों से निवेदन है कि कुछ लोग ट्रैक्टर व जेसीबी लेकर आते हैं। सड़क पर थोड़ी मिट्टी डालकर आपका साथ मांगते हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। ग्रामीणों ने सांसद से कई समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की। बरवाखोली टोला में बिजली पहुंचने की मांग की। अभी तक चटनियां पंचायत के 13 टोला तक बिजली नहीं पहुंची है। उनकी मांगों में बिजली बिल में अनियमितता, चटनियां डैम का जीर्णोद्धार शामिल है।

सांसद वीडी राम ने अपने संबोधन में कहा कि कांडी प्रखंड की तीन सड़कों का निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। जिसमें मरहटिया-बेलहथ, सोहगड़ा-गरदाहा मोड़ व मोखापी मोड़-कांडी सड़क शामिल है। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर योजना के तहत चटनियां, सननी, घोड़दाग, ओलमा, रतनगढ़ में सरोवर का निर्माण होगा। लमारी कला में स्टेट बैंक की शाखा खुल चुकी है। प्रखंड के जिस गांव व टोला में अभी तक बिजली नही पहुंची है वहां पर सरकार की नयी योजना आरडीएसएस के तहत बिजली पहुंचेगी।

लमारिकला पंचायत के कार्यक्रम में मुखिया शशि कुमारी ने सांसद को मांग पत्र सौंपते हुए पूरा करने की मांग की। जिसमें अधूरे पंचायत भवन के निर्माण को पूरा कराने, बिजली की समस्या, मृत लोगों के परिजनों को मुआवजा, ग्रीन कार्डधारियों को राशन नहीं मिलने की बात, पंचायत में खेल मैदान का निर्माण, श्मशान घाट का निर्माण कराने की मांग शामिल है। सांसद ने सभी मांगों को पूरा करने की बात कही। सभी कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने की।

मौके पर सांसद प्रतिनिधि गुड्डू सिंह, मुखिया ललित बैठा, मुखिया पूजा देवी, मुखिया शशि कुमारी, मुखिया कौशल्या देवी, राम लखन प्रसाद, शशि रंजन दुबे, विनोद द्विवेदी, सूर्यदेव सिंह, मुखिया बिजय राम, जिला पार्षद नेहा कुमारी, बरडीहा जिला पार्षद अर्चना प्रकाश, सुजीत रजक, तलसबरिया मुखिया महताब आलम, प्रमोद कुमार चौबे, भोला चंद्रवंशी, बीडीसी कमला देवी, रिंकू सिंह, मुखिया सुबोध कुमार वर्मा, सुरेश राम, भोला मेहता, टिंकू कुमार, कृष्णा बारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बीएसएफ जवान की सड़क दुर्घटना में मौत

राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सताकी पंचायत के भीमटंगरा गांव निवासी बीएसएफ के 29 वर्षीय जवान गोपाल मुंडा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी उसके शव को लेकर बीएसएफ कर्मी गांव पहुंचे। जवानों ने सम्मान के साथ अपने गोपाल मुंडा का अंतिम संस्कार किया। 21 तोपों की अंतिम सलामी दी। बतातें चलें कि जवान गोपाल मुंडा 7 जनवरी की शाम खेल गांव के समीप सड़क दुर्घटना में घायल हुए थे। उनका रिम्स अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां मंगलवार को मौत हो गई। बीएसएफ जवान गोपाल मुंडा 2012 में बीएसएफ 167 बटालियन में ज्वाइन किए थे। वर्तमान में इनकी पोस्टिंग छत्तीसगढ़ में थी। पांच जनवरी को छुट्टी लेकर घर आए थे और 7 को घर के काम से रांची गए थे।

## बिजली के हाई टेंशन तार की चपेट में आकर मिस्त्री की मौत

सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली में 11 हजार वोल्ट के बिजली के हाई टेंशन तार की चपेट में आने से बुधवार को एक बिजली मिस्त्री की मौत हो गई। उसकी पहचान शक्ति महतो (35) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक शक्ति महतो मुरी के संत माइकल स्कूल के नए भवन के नजदीक ट्रांसफर्मर पर काम कर रहा था। तभी 11 हजार वोल्ट के तार के संपर्क में आकर घटनास्थल पर ही गिर गया। उसे गंभीरावस्था में सिंगपुर नर्सिंग होम ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जेई ने बताया कि वह विद्युत विभाग के आउट सोर्सिंग कंपनी जय माता दी का कर्मचारी था। मामले की जांच की जा रही है।

## नये महिला छात्रावास की मांग को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

बुंडू (आजाद सिपाही)। 300 बेड के नए महिला छात्रावास की मांग की लेकर महाविद्यालय छात्रसंघ के छात्र नेता सुरेंद्र लोहरा के नेतृत्व में पांच परगना किसान महाविद्यालय बुंडू के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञात हो कि पांच परगना किसान महाविद्यालय बुंडू इकलौता सरकारी महाविद्यालय है जहां छात्राओं की संख्या लगभग एक हजार से अधिक है। किसान, मजदूर, रिक्शा, चालक, श्रमिक आदि परिवार के बच्चे विशेषकर शिक्षा अध्ययनरत करते है। ऐसी स्थिति में छात्राएं सुरक्षित और उज्जवल भविष्य कैसे देख सकती है। आदिवासी छात्र संघ के नेता सुरेंद्र लोहरा का कहना है कि महाविद्यालय की सभी छात्राओं को हॉस्टल मिले, ताकि छात्राएं सुरक्षित और आसानी से शिक्षा प्राप्त कर सकें।

### खलारी झामुमो ने धूमधाम से मनाया दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 79वां जन्मदिन

# गुरुजी की ही तरह निडर होकर राज्य के विकास का सहभागी बनें झामुमो कार्यकर्ता : राजकिशोर

आजाद सिपाही संवाददाता


कार्यक्रम में उपस्थित झामुमो के पदाधिकारी, कार्यकर्ता-समर्थक व अन्य।

**खलारी।** करकट्टा स्थित झामुमो खलारी प्रखंड कार्यालय में बुधवार को झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 79वां जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी सह पार्टी के पूर्व केंद्रीय सदस्य एवं खलारी कोयलांचल में मास्टर जी के नाम से मशहूर राजकिशोर राम पासवान भी मौजूद थे। वहीं विशिष्ट अतिथि झामुमो वरिष्ठ नेता सह रांची जिला के पूर्व उपाध्यक्ष नंदू मेहता सहित कई गणमान्य झारखण्ड आंदोलनकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा केक काटकर झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन का जन्मदिन मनाया। जिसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं लोगों के बीच केक वितरण किया गया। कार्यक्रम में खलारी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए सैकड़ों बुजुर्ग, लाचार, असहाय गरीब, वृद्ध महिलाओं एवं पुरुषों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया। अपने संबोधन के दौरान राजकिशोर राम पासवान ने कहा कि गुरुजी का सिर्फ जन्मदिन मनाने से हम सफल नहीं होंगे, बल्कि उनके बनाए गए नक्शे कदम पर चलकर ही हम सफल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने झारखंड आंदोलन की लड़ाई से लेकर अब तक कोयलांचल के साथ-साथ पूरे झारखंड में पूरी इमानदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। गरीब-गुर्मा व जरूरतमदों की निःस्वार्थ भाव एवं बिना किसी भेदभाव के सेवा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि पूरी निष्ठा एवं पूरी ईमानदारी के साथ और बिना किसी अधिकारी से डरे लोगों का निःस्वार्थ भाव से काम करे तभी गुरुजी का सपना साकार होगा। पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रखंड सचिव महेंद्र चौहान ने किया। कार्यक्रम में प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद, सुभाष प्रजापति, दिनेश्वर सिंह, कलाम रिजवी, अरुण यादव, संयुक्त सचिव मुकेश यादव, राजकुमार भोगता, चितरंजन सिंह, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष जैनुल खान, संगठन सचिव शितलाल महतो, मीडिया प्रभारी विशाल पासवान, कार्यालय सचिव छोटू राम, शंभू दास, विक्की मुंडा, मनोज यादव, नवीन महतो, गणेश गोप, खड़क सिंह, गुलाम हुसैन, फागुन मुर्तजा अंसारी, मोहम्मद इस्लाम अंसारी, चूरी दक्षिणी पंचायत अध्यक्ष अजय मुंडा, हुटाप पंचायत अध्यक्ष गौतम यादव, मायापुर पंचायत सचिव दिलीप यादव, सुशील कुमार पासवान, रामाश्रय भुइयां, नागेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, हैदर खान, जब्बार अंसारी, रोहित कुमार यादव, महिला नेत्री कल मतिया देवी, पूर्व महिला प्रखंड अध्यक्ष मनीता देवी, अनीता देवी, बीना देवी, हीरामणि देवी, पूनम कुमारी, रूमा देवी, सुशीला देवी, कांता देवी, मालती देवी, जीरा देवी, झाड़ों देवी, श्रीदेवी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एनसीओइए (सीटू) ने एनके एरिया सहित शाखाओं में मनाया झंडा दिवस



**खलारी (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय सीटू के आह्वान पर एनसीओइए (सीटू) की ओर से बुधवार को झंडा दिवस मनाया गया। इसके तहत एनके एरिया में क्षेत्रीय सचिव शैलेश कुमार, रोहिणी शाखा में शाखा सचिव बरून कुमार गोराई, चुरी में शाखा सचिव शिव प्रसाद पासवान एवं मगध शाखा में सीटू का झंडा फहराया गया। इसके बाद यूनियन के लोगों ने सीटू के सिद्धांतो को जन-जन तक पहुंचाने का शपथ लिया। क्षेत्रीय सचिव शैलेश कुमार ने सीटू के सिद्धांतो को बताया और 18 से 22 जनवरी तक बंगलुरु में होने वाले सीटू का अखिल भारतीय सम्मेलन की जानकारी भी दी। एनके एरिया में यूनियन के शैलेन्द्र कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह, रामप्रवेश राम, जय शंकर ठाकुर, कल्लू गंझू, लालजीत गंझू, लक्ष्मण गंझू, रोहिणी में किशुन महतो, किशुन राम, राजेंद्र लोहार, नेपाल रवानी, कुलेष्वर गंझू, सुरेश प्रसाद साव, रामदास मांडी, पिंकू भुइयाँ, करमजीत प्रसाद, संजय प्रसाद, चुरी में मोहन साव, बलिराम मांझी, महंगू महतो, सरिता देवी, निर्मल प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## तुमांग पंचायत को मैकलुस्कीगंज थाना में शामिल किये जाने का मुखिया ने किया विरोध, ग्राम सभा आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** प्रखंड के तुमांग पंचायत मुखिया संतोष कुमार महली ने तुमांग पंचायत को मैकलुस्कीगंज थाना में शामिल किए जाने का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि तुमांग पंचायत से खलारी थाना की दूरी महज 3 से 4 किलोमीटर की है, लेकिन मैकलुस्कीगंज थाना सात किलोमीटर दूर है। पंचायत के आम ग्रामीणों को अपनी समस्या को लेकर वहां आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। साथ ही आवागमन की बेहतर व्यवस्था नहीं होने से लोगों को और भी परेशानी बढ़ सकती हैं। जबकि खलारी थाना क्षेत्र में मुख्य बाजार होने से पंचायत क्षेत्र से वाहनों का आवागमन की सुविधा उपलब्ध है। लोगों का आना जाना भी सुरक्षित रहता है। इन्ही कारणों से किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर ग्रामीण आसानी से खलारी थाना पहुंच सकते हैं। वहीं उन्होंने बताया कि गुरुवार को तुमांग पंचायत की एक विशेष ग्राम सभा पंचायत सचिवालय में सुबह 10 रखी गयी है। वहीं मुखिया संतोश कुमार महली ने तुमांग पंचायत के सभी ग्रामीणों से ग्राम सभा में समय पर पहुंच कर अपने विचारों रखने का आग्रह किया है।

## खलारी में बूथ स्तर पर भाजपा को मजबूत करने की बनी रणनीति



खलारी (आजाद सिपाही)। भाजपा खलारी मंडल कार्यसमिति की बैठक बुधवार को मानकी स्थित सपही नदी के तट पर हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने की। बैठक में लोकसभा चुनाव से जुड़े मिशन 2024 के साथ उसी साल होने वाले विधानसभसा चुनाव को लेकर संगठन मजबूती पर चर्चा की गई। पिछले दिनों पार्टी महासचिव सुनील बंसल द्वारा प्रदेश कमेटी की बैठक में दिए गए दिशानिर्देशों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया। संचालन मंडल महामंत्री अनिल गंझू ने किया। पदाधिकारियों ने बताया कि अब केवल रजिस्टर में नोट कर संगठन का कार्य नहीं होगा, बल्कि सबकुछ ऑनलाइन करना है। जिससे हरेक क्रियाकलाप पार्टी के बड़े पदाधिकारियों के संज्ञान में भी होगा। तय हुआ कि बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाना है। बैठक में मंडल प्रभारी सतीश शाह, मंडल पालक शशिभूषण सिंह, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, एसी मोर्चा प्रदेश मंत्री कमलेश राम, जिला ग्रामीण महामंत्री प्रीतम साहू, प्रदेश किसान मोर्चा मिडिया प्रभारी विकाश दुबे, विधायक प्रतिनिधि श्यामसुन्दर सिंह आदि थे।

**सांसद, विधायक के कार्यों से कार्यकर्ताओं में नाराजगी**

बैठक में भाजपा खलारी मंडल के कार्यकर्ताओं ने खुलकर विधायक समरीलाल व सांसद संजय सेठ के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। कई कार्यकर्ता विधायक व सांसद मद से काम नहीं मिलने से असंतुष्ट दिखे। जिला, प्रदेश के पदाधिकारियों के सामने ही वे मुखर हो गए।

## अदिति राज ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की इंटरमीडियट परीक्षा में सफलता पायी



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी बाजारटांड निवासी छात्रा अदिति राज ने चाटर्ड अकाउंटेंट की इंटरमीडियट परीक्षा में सफलता पायी है। पूरे देश से 37428 छात्रों ने सीए की इंटरमीडियट परीक्षा में भाग लिया था। जिसमें 12 फीसदी 4759 छात्र ही सफल हो पाए। परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित हुआ।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## पिपरवार में त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक में सुरक्षा व्यवस्था पर की गयी चर्चा



पिपरवार (आजाद सिपाही)। बचरा ऑफिसर्स क्लब में बुधवार को त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता श्रमिक प्रतिनिधि भीम सिंह यादव और संचालन कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि निदेशक (माइंस सेफ्टी) आफताब अहमद के अलावा उप निदेशक माइंस सेफ्टी हनुमंत राव, अजेश मोहम्मद, रविंद्र बोंथा, विनित चौरसिया और आइएसओ मनीष मोहन उपस्थित थे। बैठक में पिपरवार जीएम सीबी सहाय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद एजीएम निरंजन सेनापति ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद अशोक परियोजना के खान प्रबंधक सदाला सत्यनारायण ने प्रोजेक्ट स्क्रीन के माध्यम से पिपरवार क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में कोयला खदान और मजदूरों की सुरक्षा से संबंधित कई बातों पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं, बैठक में उपस्थित श्रमिक प्रतिनिधियों ने भी सुरक्षा से संबंधित कई बातों को प्रमुखता के साथ उठाया। इस मौके पर अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, स्टॉफ ऑफिसर सिविल प्रशांत कुमार साहू, स्टॉफ ऑफिसर विद्युत एवं यांत्रिक एके पाठक, स्टॉफ ऑफिसर एक्सानेशन, जीएस शर्मा, स्टॉफ ऑफिसर फाइनेंस पीके साहू, स्टाफ ऑफिसर पीएंडपी डीके शर्मा, स्टॉफ ऑफिसर सेफ्टी मुकेश तोषांग, एरिया मेडिकल ऑफिसर डॉ एफआर साह, सीएमओएआइ के अध्यक्ष डीपी सोय, श्रमिक प्रतिनिधि सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविंद्रनाथ सिंह, इस्लाम अंसारी, ललन प्रसाद सिंह, बिनोद कुमार, संजीव चंद्रा, एसडी राम, बिजेन्द्र सिंह, कार्मिक प्रबधंक राजीव वर्मा, उज्जवल कुमार आदि मौजूद थे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा कोर कमेटी की बैठक में सात सूत्री मांगों को लेकर आहूत बंद को सफल बनाने का निर्णय



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के इको पार्क में बुधवार को रैयत विस्थापित मोर्चा कोर कमेटी की बैठक हुई। जिसमें मोर्चा द्वारा सात सूत्री मांगों को लेकर 16 जनवरी से प्रस्तावित पिपरवार बंद को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। उससे पूर्व बाइक व मशाल जुलूस निकालने पर भी सहमति बनी। बैठक में इकबाल हुसैन, रामचन्द्र उरांव, अर्जुन गंझु, महेंदर भोक्ता, जितेंद्र राम, हाजी जसीम, हाजी शहनवाज, रचित गंझु, सुरेश महरो, रामबालक गंझु, विजय महतो, इदरीश अंसारी, मो जूलफान, रंथु गंझु, सकील अंसारी और पंकज राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## राहे में धान क्रय केंद्र का हुआ शुभारंभ

राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड के लैंम्स परिसर में धान क्रय केंद्र का बुधवार को उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि किसानों के हित को देखते हुए पैक्स के माध्यम से धान अधिप्राप्ति केंद्र में सरकार के निर्धारित 2050 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदारी की जाएगी। कहा कि किसान बिचौलियों से बचे एवं सीधे लैम्स में आकर अपने धान को बिक्री करें। उन्होंने लैम्स के अधिकारियों से कहा कि किसानों के पैसे समय पर उन्हें मिले इस पर ध्यान दें, ताकि अन्य फसलों की खेती वे समय पर कर सकें। मौके पर बीएसओ विष्णु खंडित, द्रोण सिंह मुंडा, अक्षय महतो, जवाहरलाल महतो आदि उपस्थित थे।

## ग्राम प्रधानों के सम्मान, अधिकार व मानदेय वृद्धि को लेकर बीडीओ को सौंपा सात सूत्री मांग पत्र

सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष वासुदेव सिंह मुंडा के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों के मान सम्मान, अधिकार एवं मानदेय वृद्धि को लेकर बीडीओ को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। साथ ही इन समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। अध्यक्ष वासुदेव सिंह मुंडा ने बताया कि सिल्ली बीडीओ को पेशा कानून को पूर्णतः मान्यता लागू करना ग्राम प्रधान का जिला स्तर परिचय पत्र लागू करना, जमीन खरीद बिक्री दाखिल खारिज में ग्रामसभा की भागीदारी सुनिश्चित करने, ग्राम सभा द्वारा आयोजित प्रमाण पत्र जारी करना ग्राम प्रधानों के मानदेय में वृद्धि करने, पंचायत में सरकारी योजना उद्घाटन श्रीनाथ में भागीदारी सुनिश्चित करने और ग्राम प्रधानों का जीवन बीमा पॉलिसी लागू करने समेत कई बिंदुओं पर मांग पत्र सौंपा गया है। इस मौके पर भोलानाथ बड़ाईक, श्रीपद माली, करण चीक बड़ाईक, रामू माझी, परशुराम महतो, सुखराम बेदिया, कार्तिक महतो, अमित कुमार महली, देवानंद सिंह मुंडा, सुरेश मुंडा, रितु पूर्व सिंह मुंडा काशीनाथ बेदिया, राजाराम बेदिया, गौर सुंदर माजी आदि उपस्थित थे।

## भाजपा नेता की पत्नी के निधन पर जताया शोक

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने रांची जिला भाजपा मंत्री कुणाल शाहदेव की पत्नी सुधा शाहदेव के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। भाजपाईयों ने मृतक सुधा शाहदेव की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा एवं शोक संतृप्त परिवार के प्रति गहरा शोक प्रेसित किया है। शोक व्यक्त करने वालों में अंड़की सांसद प्रतिनिधि अनुप साहु, रंजित लाहेरी, लक्ष्मण सिंह मुंडा, विवेक आनंद जायसवाल, आलोक दास, गणेश कुम्हार, सुकुमार घोष, राकेश भगत, सुबोध मुखर्जी, रेखा देवी, सुनीता बड़ाईक, किरण देवी, रूबी प्रवीण, मंजू डे, रेनु राय, पिंकी देवी,राजकुमार महतो, रोहित राम, अरूण पाल, विष्णु लायक, अशोक पाल, दिलीप राय, मुकुंदर महतो शामिल थे।

## अड़की में शिक्षकों का शारीरिक शिक्षा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

अड़की (आजाद सिपाही)। वन जीवन ग्रामीण विकास समिति एवं एलएमएस फाउंडेशन के सयुक्त तत्वावधान में 10 व 11 जनवरी को शारीरिक शिक्षा पर शिक्षकों रे लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। प्रशिक्षक शिक्षकों को शारीरिक शिक्षा के अंतर्गत छात्रों को स्वस्थ रहने के तरीकों को सिखाया गया एवं उसकी महत्ता को दर्शाया गया। इस शिक्षा के अंतर्गत छात्र शरीर की आवश्यकताओं एवं स्वस्थ रहने के लिए विभिन्न कलाओं जैसे गेम्स की जानकारी दी गई। शारीरिक शिक्षकों को प्रशिक्षण संपति के दिन विद्यालय के बच्चों के लिए खेल की सामग्री वितरण किया गया एवं वन जीवन ग्रामीण विकास समिति के निर्देशक महेंद्र सिंह एवं, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, अड़की, प्रखंड शिक्षा सम्व्यक के हाथों से 30 विद्यालय शिक्षकों को 60 फुटबॉल 300 कोण गेम्स, 300 वेट मशीन, 30, इन्चेतेप 60, डॉम 300, स्टॉप वाच 30, विशील 30 फुटबॉल में हववा भरने का पम्प दिया गया. इस मौके थाना प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अड़की, अड़की प्रमुख कृष्णा मुण्डा आदि उपस्थित थे।

### आदिवासियों की परंपरा और रीति-रिवाज नहीं मानने वालों को उनका हक लेने का भी कोई अधिकार नहीं

# धर्मांतरण के खिलाफ जागना होगा, नहीं तो भागना पड़ेगा : कोचे मुंडा

**हिंदू जगारण मंच के सरना सनातन सम्मेलन में उमड़ी लोगों की भीड़**

आजाद सिपाही संवाददाता

## सतर्क नहीं हुए तो चादर और फादर हमारा अस्तित्व खत्म कर देंगे : डॉ सुमन





**हर दिन गांव में पांच लोगों के साथ बैठक कर उन्हें जागरूक करें : ऋषिनाथ शाहदेव**

वहीं, मंच के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिनाथ शाहदेव ने कहा कि सरना और सनातन धर्म को बचाना है तो हमें संगठित होना होगा। समाज के लोग हर दिन गांव के पांच लोगों के साथ बैठक करें और हिंदू जागरण मंच के बारे में जानकारी दें। उन्हें संगठित करें। कार्यक्रम का संचालन आरएसएस के प्रवर्तन प्रमुख संजय वर्मा, युवा वाहिनी के प्रमुख विक्रम शर्मा, अखिल भारतीय सरना समाज कें केंद्रीय अध्यक्ष भीम सिंह मुंडा आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा के वयोवृद्ध नेता मुनीनाथ मिश्रा, जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, मनोज सिंह, रणविजय सिंह, निखिल कंडुलना, नारायण साहू, जितेंद्र कश्यप, सुनील साहू, ज्योतिष भगत, बालमुकुंद कश्यप सहित काफी संख्या में सरना सनातन धर्मावलंबी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संजय वर्मा ने किया। मौके पर विभिन्न गांवों के पाहनों को पगड़ी पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया। टिो1,2

**खूंटी।** हिंदू जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठन प्रमुख डॉ सुमन ने कहा कि भारत में रहकर भारतीय पंरपरा को जानिये। भारत हमारी मातृभूमि, देवभूमि और मोक्ष भूमि है। डॉ सुमन बुधवार को रनिया के डाबंगला मैदान में विश्व हिंदू जागरण मंच के तत्वावधान में आयोजित सरना सनातन सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कहीं न कहीं सरना और सरना समाज सो रहा है। इसे हर हाल में जगाना होगा। यही काम हिंदू जागरण मंच कर रहा है। कहा कि मैं इंडोनेशिया के जकार्ता का रहनेवाला था। मुझे चर्च की ओर से धर्मांतरण कें लिए भारत भेजा गया था। इसके पहले न तो मैं भारतीय परंपरा और चिंतन न ही को जानता था और न मानता था, लेकिन यहां आने पर मुझे भारत के बारे में जानकारी मिली और मैं यहीं का होकर रह गया। उन्होंने कहा कि एक सच्चा सनातनी होने के नाते हमें बताना होगा कि भारतीय चिंतन और दर्शन विश्व का सर्वश्रेष्ठ चिंतन है। डॉ सुमन ने कहा कि जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं है। कहा कि यदि हम सतर्क नहीं रहे, तो ये चादर और फादर हमें निगल जाएंगे। कहा कि धर्मांतरण पाप है और इसे हर हाल में रोकना होगा। हम लड़ाई झगड़ा, दंगा-फसाद नहीं चाहते, पर अपमानित होकर जीना भी नहीं जाहते। उन्होंने कहा कि धर्म परिवर्तन करने वालों को जाति प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाना चाहिए। ग्राम प्रधान बनने का हक भी इसाइयों को नहीं है। कहा कि भारत में रहना है, तो यहां की परंपरा को मानना होगा।

दूसरी ओर, तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि धर्मांतरण के खिलाफ सरना और सनातन समाज को जागना होगा, नहीं तो हमें भागना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हम प्रकृति पर विश्वास करनेवाले प्राणी हैं। हिंदू विचारधारा वालों की संख्या लगातार घटती जा रही है। इसके लिए कई तरह से कुचक्र रचे जा रहे हैं। धार्मांतरण के खिलाफ कानून बना हुआ है। इसके बाद भी लोगों का जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। विधायक ने कहा कि धर्म परिवर्तन के लिए जिले के डीसी से आदेश लेना जरूरी है। कहा कि जो आदिवासियों की रूढ़िवादी परंपरा और रीति-रिवाज को नहीं मानते उन्हें आदिवासियों का हक लेने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और मद्रास हाईकोर्ट ने भी धर्मांतरण को देश के लिए खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि हमें धर्मातरण के खिलाफ लोगों को जागरूक करना जरूरी है।

## एसएसबी व झारखंड पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर अवैध गांजा एवं अफीम की फसल को किया नष्ट



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** नक्सल प्रभावित इलाकों में तैनात सशस्त्र सीमा बल 26वीं वाहिनी लगातार अफीम-गांजा की खेती एवं मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चला रही है। इस क्रम में गुप्त सूचना दी गई कि तमाड़ के कारलौंडा, पात्रा आदि गांवों में गांजे की अवैध खेती की जा रही है। सूचना पाते ही एसएसबी सी समवाय ने तमाड़ पुलिस के साथ मिलकर उक्त गांवों में संयुक्त अभियान चलाया तथा करीब 8 एक-ड़ में फैली गांजा की खेती को विनष्ट किया। अभियान का नेतृत्व 26वीं वाहिनी एसएसबी की 'सी' समवाय के सहायक कमांडेंट भोलानाथ ने किया। इससे पहले सोमवार को एसएसबी 'एफ' समवाय ने अड़की पुलिस के साथ हेमरोम गांव सहित आसपास के जंगलों में संयुक्त अभियान चलाया तथा करीब 18 एकड़ भूमि में लगी अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया। इस अभियान का नेतृत्व एसएसबी के इंस्पेक्टर रवि शंकर प्रसाद एवं अड़की पुलिस के सहायक अवर निरीक्षक अर्जुन कुमार ने किया।

## थाना दिवस पर सात मामलों का किया निपटारा

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस पर सात मामलों का निराकरण किया गया। इसमें दो भूमि विवाद, तीन घरेलू सहित दो अन्य मामले शामिल हैं। मौके पर थाना प्रभारी रजनी रंजन इस एएसआई ऐनुल हक, आजसू जिला सचिव मुर्तजा आलम, मुखिया रमेश महली, सरफूल अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## झिरी कचरा डंप के पास से बाइक की चोरी

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के झिरी कचरा डंप के पास से चोर बाइक चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। मामले को लेकर भुक्तभोगी अख्तर अंसारी ने रातू थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। जानकारी के मुताबिक रातू थाना क्षेत्र के हुरहुरी निवासी अख्तर अंसारी बुधवार की सुबह 10 बजे अपनी ब्लू रंग की पैशन प्रो बाइक जेएच01 बीजेड-4515 में सवार होकर झिरी कचरा डंप के पास शिवम प्रसाद के मकान में वायरिंग का काम करने के लिए गया था। बाइक को बाहर खड़ा कर व मकान के अंदर चला गया। 10 मिनट के बाद जब वह बाहर निकला तो बाइक को गायब पाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मांडर विधायक ने बेड़ो में लेमन ग्रास डिस्टलेशन यूनिट का किया उद्घाटन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के जहानाबाज चेनया टोली में जेएसपीएल के जोहार परियोजना के अंतर्गत स्थापित लेमन ग्रास डिस्टलेशन यूनिट का मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, जिप सदस्य बेरोनिका एक्का व बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। जोहार परियोजना के बीपीओ दीपक कुमार ने बताया कि लेमन ग्रास यूनिट से 38 गांव का उत्पादन समूह से 390 किसान जुड़े हुए हैं और मई 2022 से अभी तक 95 लीटर लेमनग्रास का तेल निकाला जा चुका है। जिसका बाजार मूल्य 1000 से लेकर 1600 रुपया तक प्रति लीटर बिक्री किया जा रहा है। मौके पर उप प्रमुख मोद्दसिर हक, नवल किशोर सिंह, मो. समशाद, मुखिया लक्ष्मी कोया, पूर्व मुखिया सुनिल कच्छप, बुधराम लोहरा, रीना देवी, आशा देवी, मनकु कुजूर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बेड़ो में मुखिया ने नवनिर्मित स्नान घर व सामुदायिक शौचालय का किया उद्घाटन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में बुधवार को नवनिर्मित स्नानागार व शौचालय का पंचायत के मुखिया लक्ष्मी कोया व पूर्व मुखिया सुनील कच्छप ने विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के लिए शौचालय का उपयोग जरूर करें। इसके बन जाने से गांव पूरी तरह स्वच्छ होंगे। इसके लिए सभी लोगों को साफ-सफाई पर ध्यान देने जरूरत है। वहीं पूर्व मुखिया ने कहा कि स्नानघर व शौचालय के बन जाने से महिलाओं के साथ आमजनों को काफी सुविधा होगी। मौके पर ग्राम प्रधान राम प्रसाद लोहरा, झूबा उरांव, महाकाल लोहरा, बंधना लोहरा, लखन लोहरा, बाबू लोहरा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## झामुमो ने शिबू सारेन के जन्मदिन पर जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लालगुटवा स्थित झामुमो प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की की अध्यक्षता में इनके आवास में दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्म दिन के अवसर पर बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के नयासराय कुटे-महुआ टोली करम टोली कुम्हार टोली-तेली टोला-सरना अंखड़ा-मन्दिर टोली- डीयूटोली-लोहरा टोला उरांव टोला सहित कई विभिन्न गांवों के असहाय जरूरतमंद महिला व पुरुष पांच सौ लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष रातू व नगड़ी प्रभारी कलाम आजाद शामिल हुए। मौके पर उपाध्यक्ष धुचु तिर्की, राजेंद्र महतो, प्रमिला देवी सह सचिव पूजा देवी, वरूण महतो, पूर्व महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष राखी देवी, उपाध्यक्ष नीलम देवी, उर्मिला देवी, सचिव सुकरमनी देवी, लाल गुटवा पंचायत अध्यक्ष मनोज तिर्की, उपाध्यक्ष सोनी देवी, सचिव नेहा देवी, स्टेपन तिर्की, वार्ड सदस्य दानी तिर्की, नेहा देवी, दुलारी लकड़ा के साथ अन्य महिला पुरुष शामिल थे।

## नगड़ी के राज इंटरनेशनल स्कूल में मॉडर्न सुविधायुक्त कंम्पयूटर लैब का उदघाटन

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में 20 लाख की लागत से निर्मित मॉडर्न सुविधायुक्त कंम्पयूटर लैब का उदघाटन स्कूल के संस्थापक दुबराज साहू ने किया। मौके पर उन्होंने बताया कि राज इंटरनेशनल स्कूल में स्थापित कंम्पयूटर लैब में बच्चे कंम्पयूटर की दिग्गज कंपनी डेल से भी सीधे मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। डेल कंपनी के सहयोग से नगड़ी क्षेत्र के ग्रामीण बच्चे भी अब कंम्पयूटर की दुनिया में अपना लोहा मनवायेंगे। इस अवसर पर स्कूल परिसर में अभिभावक-शिक्षक संवाद का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी अभिभावकों को वर्ष 2022 में स्कूल द्वारा अर्जित उपलब्धियों की जानकारी दी गई और वर्ष 2023 की कार्ययोजना के बारे में बताया गया। मौके पर स्कूल के एमडी ज्ञान राज ने बताया कि आगामी 26 जनवरी को राज इंटरनेशनल स्कूल के सीटी ब्रांच राज इंटरनेशनल स्कूल एडवांस का उदघाटन किया जायेगा। यह मनोकामना मन्दिर के सामने, पिस्का स्टेशन में शुरू किया जाएगा। यहां प्ले मार्डन स्कूल की सुविधा के साथ 10+2 की शिक्षा दी जाएगी।

### कार्यक्रम : ग्राम प्रधानों ने मांगों को लेकर बीडीओ व सीओ को सौंपा ज्ञापन

# पेसा कानून को पूर्णतः लागू कर ग्रामसभा को सशक्त किया जाये : उमेश बड़ाईक

**सिल्ली में ग्राम प्रधानों की हुई बैठक में विभिन्न मांगों पर हुई चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा/सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड मुख्यालय के समीप बुधवार को ग्रामप्रधानों की एक विशेष बैठक ग्रामप्रधान बासुदेव सिंह मुण्डा की अध्यक्षता में हुई।

मुख्य अतिथि अनगड़ा प्रखंड ग्रामप्रधान संघ के अध्यक्ष उमेश बड़ाईक थे। बैठक में ग्राम प्रधानों को पेसा अधिनियम के तहत पूर्ण अधिकार प्रदान किये जाने सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। बाद में ग्राम प्रधान संघ सिल्ली के नेतृत्व में बीडीओ एवं सीओ को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें पेसा अधिनियम के पांचवीं अनुसूची को पूरी तरह लागू करने, भूहस्तानांतरण संबंधी कार्यों में ग्राम प्रधान की सहमति को अनिवार्य बनाने, ग्राम प्रधान का जिला स्तर से परिचय पत्र निर्गत करने, मानदेय में वृद्धि करने, ग्रामसभा को सशक्त बनाते हुए तमाम विकास योजनाओं और भूराजस्व कार्यों के क्रियान्वयन के पश्चात उपयोगिता प्रमाण पत्र सत्यापित करने का अधिकार देने, सरकारी विकास योजनाओं के शिलान्यास व उदघाटन के दौरान स्थापित शीलापट में ग्राम प्रधान का भी नाम अंकित हो आदि मांग शामिल है।

इस अवसर पर अध्यक्ष उमेश बड़ाईक ने कहा कि पेसा कानून के पांचवीं अनुसूची को पूर्णतः लागू किये बगैर ग्रामसभा सशक्त नहीं हो सकता है। इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं के माध्यम से स्वशासन सुनिश्चित करना है, पर ग्रामसभा की संवैधानिक शक्तियों को एक साजिश के तहत बौना कर दिया गया है। इस अधिनियम के तहत किसी भी क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण, क्रय-विक्रय, भू नामांतरण, विकास योजनाओं की स्वीकृति व क्रियान्वयन आदि कार्यों में ग्रामसभा की सहमति अनिवार्य है पर इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है। परिणामस्वरूप अफसरशाही बढ़ गई है तथा हर तरफ लूट मची है। उन्होंने आदिवासी सीएम से पेसा कानून के तहत आदिवासी समाज को स्वशासन सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

बैठक में मनीष कुमार महली, भोलानाथ बड़ाईक, श्रीपद महली, कर्ण चिक बड़ाईक, रामू मांझी, परशुराम महतो, सुखराम बेदिया, कार्तिक महतो, अमित कुमार महली, श्याम कालिंदी, देवानंद सिंह मुण्डा, सुरेश मुण्डा, रितुपूर्ण सिंह मुण्डा, काशीनाथ बेदिया, राजाराम बेदिया, गौर सुंदर मांझी आदि ग्रामप्रधान उपस्थित थे।

# शिव लिंग खंडित किये जाने के विरोध में हिंदू संगठन ने जताया आक्रोश

**विहिप लापुंग व बजरंग दल के सचिव समीर गुप्ता ने कहा- संगठन हिन्दू मंदिर व देवी देवताओं के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** फतेहपुर लापुंग में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा देवीगुड़ी में स्थापित शिव लिंग को रात में तोड़ दिया गया है। जिससे हिन्दू धर्मावलम्बियों में भारी अक्रोश व्याप्त है। शिव लिंग के खंडित होने की खबर सुबह होते ही खबर आग की तरह फैल गयी। घटना की खबर सुनकर लोग मंदिर परिसर में जुट गए व घटना की निंदा की। लापुंग थाना प्रभारी सकुमार हेमरम सदलबल पहुंचकर मामला की जांच कर रहे हैं व खोजी कुत्ता भी लाया गया है, पर कुछ हाथ नहीं लगा।

घटनास्थल पर पहुंच विहिप लापुंग व बजरंग दल के सचिव समीर गुप्ता ने घटना की कड़ी निंदा की। कहा संगठन हिन्दू मन्दिर व देवी देवताओं के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेगा। इस घटना के दोषी को कड़ी सजा दिलाने की मांग करते हैं। इस घटना के बाद गोबिंदपुर जरियागढ़, लापुंग, ककरिया दाड़ी, करूम के अलावे अन्य गांव के हिन्दू धर्मावलंबी घटनास्थल पर पहुंचे। शाम पांच बजे मन्दिर परिसर में बैठक की गयी। लापुंग थाना प्रभारी घटनास्थल पर कैम्प कर रही है।

मौके पर मुखिया सविता उरांव, प्रमुख कंचन उरांव व पूर्व पंचायत समिति सदस्य नसीम आलम घटनास्थल पर पहुंचे व शिव जी के खंडित होने की निंदा की व दुस्साहस कुकृत्य करने वाले कड़ी सजा दिलाने की मांग की।

# नगड़ी में तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव आज से

आजाद सिपाही संवाददाता

**महोत्सव की तैयारी पूरी, की गयी अतिथियों के नामों की घोषणा**

**पिस्का नगड़ी।** स्वर्णरेखा महोत्सव 2023 को लेकर तैयारी पूरी अतिथियों के नाम की घोषणा की गयी। 12 जनवरी मंगलवार को महोत्सव के प्रथम दिवस पर युवा दिवस का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती सह विश्व युवा दिवस के पर विश्व गुरु की राह में बढ़ता भारत एवं स्वामी विवेकानंद की भूमिका के विषय में क्षेत्र के दर्जनों स्कूल के विद्यार्थियों के बीच संगोष्ठी का आयोजन किया है।

मौके पर मुख्य अतिथि नगड़ी अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला, विशिष्ट अतिथि के रूप में नगड़ी के जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, नगड़ी प्रमुख मधुवा कच्छप, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जालंधर कुमार, सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, प्रदेश भाजपा युवा नेता कुंदन सिंह उपस्थित रहेंगे।

वहीं महोत्सव के दूसरे दिन 13 जनवरी को उद्घाटनकर्ता के रूप में अतिथि के रूप में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह, मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार, नगड़ी प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन कुमारी, जिला 15 सूत्री क्रियान्वयन समिति के सदस्य कलाम आजाद और नगड़ी प्रखंड कृषि सलाहकार समिति के अध्यक्ष बजरंग शामिल हैं। वहीं 14 जनवरी को महोत्सव के समापन समारोह सह मकर संक्रांति मेला के अवसर पर उद्घाटनकर्ता के रूप में झारखंड प्रदेश के केबिनेट मंत्री रामेश्वर उरांव, मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ, विशिष्ट अतिथि के रूप में हटिया विधायक नवीन जयसवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अजय नाथ शाहदेव, जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय कुमार महतो, प्रदेश कार्यसमिति भाजपा की सदस्य शोभा यादव उपस्थित रहेंगी। उन्होंने प्रशासन से तीन दिवसीय मेला में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।

### फिजुलखर्ची : लाखों रुपये खर्च कर सीएचसी कांके व हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पिठोरिया में किया गया रंग रोगन

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के केंद्रीय अधिकारियों का दौरा आज

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी नाराज नहीं हो जायें, इसको लेकर केंद्रों को चमकाया जा रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** झारखंड की राजधानी से मात्र छह किलोमीटर की दूरी पर स्थित है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांके और 15 किलोमीटर की दूरी पर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पिठोरिया है। यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था यहां के ग्रामीणों के अनुसार दिन और रात्रि में आकर समझी जा सकती है कि स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति कितनी अच्छी है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सहित जिला के स्वास्थ्य अधिकारियों का दौरा या निरीक्षण यहां पर नहीं के बराबर होता है। सिर्फ कागजों पर ही आदेश दिया जाता है। लेकिन मरीजों को कितनी सुविधाएं यहां मिल रही है यह देखने वाला कोई नहीं हैं। सरकारी कर्मचारी अपनी इच्छा अनुसार यहां बिना टाइम टेबल के आते हैं और अपनी हाजिरी बजा कर चले जाते हैं। कई कर्मचारी और चिकित्सक अच्छे भी हैं वे अपने नियमित समय पर आकर अपना कार्य करते हैं।

### तीन-चार दिन पूर्व ही यहां का प्रभारी का चार्ज लिये हैं, पहले क्या हुआ इसकी मुझे कोई सूचना नहीं है : डॉ अजीत कुमार

**इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजीत कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों के टीम का दौरा होगा कि नहीं यह निर्धारित नहीं है। लेकिन उच्च अधिकारियों से मिली सूचना अनुसार केंद्र में कुछ कार्य कराया जा रहा है और अभी हम तीन-चार दिन पूर्व ही यहां का प्रभारी का चार्ज लिए हैं। पहले क्या हुआ इसकी मुझे कोई सूचना नहीं है। मैं अपने स्तर से कार्य करवा रहा हूं।**

अस्पताल सूत्रों ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत रोगियों की सभी अच्छी सुविधाएं देने के लिए लाखों रुपये सरकार द्वारा आवंटित की गई है। लेकिन इस आवंटन राशि का मरीजों के इलाज और व्यवस्था के नाम पर वर्षों से लूट मची हुई है।

बताते चलें कि 12 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के केंद्रीय अधिकारियों का टीम इन केंद्रों पर दौरा कर निरीक्षण करेंगे इसके लिए 11 जनवरी को सुबह से ही अधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजीत कुमार सहित कर्मचारियों की टीम पूरे केंद्र परिसर को रंग रोगन कराने, बैनर बोर्ड लगाने, स्वास्थ्य संबंधी स्लोगन लिखने, दीवार लेखन में व्यस्त देखे गए। इसमें लाखों रुपये खर्च किए गए। यह कार्य आवंटित राशि से पहले भी किया जा सकता था। लेकिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी नाराज नहीं हो जायें। इसको लेकर केंद्र को चमकाया जा रहा है और 12 जनवरी को सभी चिकित्सकों, नर्सों, कर्मचारियों को समय पर केंद्र में आकर उपस्थित रहने का आदेश प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा दिया गया है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## युवा कांग्रेस ग्रामीण की बैठक में यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो अभियान चलाने का निर्णय




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधानसभा अंतर्गत नामकुम प्रखंड में युवा कांग्रेस रांची ग्रामीण की बैठक रांची ग्रामीण अध्यक्ष अशोक कुजूर की अध्यक्षता में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम की सफलता को लेकर की गयी। कार्यक्रम में अभिजीत राज के द्वारा संगठन को मजबूत करने के लिये एक नयी ऐप आईवाईसी से युवाओं को जोड़ने पर बल दिया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी है जो सबको साथ लेकर चलती है। आपसी सहयोग बनाकर संगठन को बल प्रदान करें व अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़कर संगठन को मजबूती प्रदान करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, प्रदेश महासचिव सत्यम सिंह, प्रदेश सचिव शादाब खान, जिला प्रभारी फहद खान, ग्रामीण उपाध्यक्ष अमरनाथ मुंडा, ग्रामीण महासचिव अरुणा मिंज, अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष अंकित लकड़ा, मीडिया संयोजक सपन टोप्पो, सुरेश सिंह, रामभजन सिंह मुंडा, रोशन कुजूर के साथ युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जयंती पर याद किये गये पूर्व सांसद सुनील महतो

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** पूर्व सांसद सुनील महतो की जयंती पर नेशनल पीपुल्स पार्टी कार्यालय में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदेश महासचिव अमर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलन में सक्रिय रहे सुनील महतो की हत्या नक्सलियों ने जमशेदपुर के घाटशिला में एक फुटबॉल प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण के दौरान गोली मारकर कर दी थी। स्व. सुनील महतो की जयंती के मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह, प्रदेश सचिव अनथन लकड़ा, जोसेप लकड़ा, मंजूर अंसारी, मीडिया प्रभारी जितेंद्र सिंह, प्रदेश सदस्य मीर यूनुस, विशाल चंद्रा, नीलेश लकड़ा, बाबूलाल महतो, हीरालाल महतो, आरती देवी, सुनीता तिर्की, शांति कुजूर ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जयपाल सिंह की प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त, आक्रोश



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के भुसूर चौक पर स्थापित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुडा की प्रतिमा को असामजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। वहां प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के बाद लाल झंडा लगा दिया गया है। जिसकी जानकारी होने पर बुधवार सुबह स्थानीय एवं आदिवासी समुदाय के लोगों में आक्रोश है। काफी संख्या में आक्रोशित ग्रामीण भुसूर चौक पर जुटे और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इधर, पूर्व मुखिया रितेश उरांव ने बताया कि यह एक सोची समझी राणनीति के तहत किया गया है। जिससे आदिवासी समाज आहत है। ज्ञात हो कि 3 जनवरी 2021 को केंद्रीय मंत्री अर्जून मुंडा, रांची सांसद संजय सेठ सहित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से प्रतिमा का उद्घाटन किया गया था। इस घटना से स्थानीय लोगों ने पुलिस से प्रतिमा क्षतिग्रस्त करनेवाले असामजिक तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## संत जेवियर हाई स्कूल मांडर में वार्षिक खेल का आयोजन

मांडर (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित संत जेवियर हाई स्कूल में बुधवार को वार्षिक खेल का आयोजन किया गया। खेल का शुभारंभ मुख्य अतिथि के मशाल प्रज्वलन, झंडोत्तोलन एवं परेड निरीक्षण के साथ किया गया। वार्षिक खेल महोत्सव में विद्यार्थियों को 4 ग्रुप में बांटा गया। जिनमें लाल, पीला, हरा, एवं नीला दलों का समूह था। खेल महोत्सव में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और 800 मीटर की दौड़, तीन पैर की दौड़, बिच्छू दौड़, बोतल में पानी भरना, बिस्किट रेस, रिले रेस एवं मेंढक रेस का आयोजन किया गया। खेल के बाद फादर विलियम ने विजेताओं को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर फादर नीलम तिड़ू, फादर जॉर्ज लकड़ा उपस्थित समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बीओआई बुढ़मू शाखा ने दो लाभुकों को दिये जीवन ज्योति बीमा योजना के चेक

**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया के बुढ़मू शाखा द्वारा जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत चैनगड़ा निवासी रीता देवी और मुरूपीरी निवासी शांति देवी को दो-दो लाख रुपए का चेक बीओआई के अग्रणी जिला प्रबंधक श्रीकांत सिन्हा और वरिष्ठ शाखा प्रबंधक राजकुमार के द्वारा दिया गया। बताते चलें कि शांति देवी के पति सोमरा मुंडा की मृत्यु करंट लगने से हो गई थी और रीता देवी के पति राम किशोर महतो की मृत्यु बीमारी के कारण हुई थी। दोनों ने बैंक ऑफ इंडिया के बुढ़मू शाखा में जीवन ज्योति बीमा योजना करायी थी। वहीं दूसरी ओर राजीव गांधी उच्च विद्यालय के सभी कक्षाओं के लिए बैंक ऑफ इंडिया के सौजन्य से डस्टबिन का वितरण किया गया। मौके पर जेएसएलपीएस की रेखा पांडे, अंतरा पासवान, विद्यालय के प्रधानाध्यापक मधुसूदन साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष के पिता के निधन पर शोक व्यक्त

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नरकोपी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष इनामुल अंसारी के पिता 100 वर्षीय सिराजुल अंसारी का निधन बुधवार अहले सुबह लगभग तीन बजे हो गया। वे मृदुभाषी सामाजिक एवं मिलनसार व्यक्ति थे गरीब गुरबा को हमेशा मदद करते थे उनके निधन की खबर सुनकर पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, प्रदेश कार्यालय प्रभारी भोगेन सोरेन, महामंत्री राजेश साहू, बलराम सिंह, कुमोद वर्मा सहित बेड़ो व नरकोपी भाजपा मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के अलावे उनके चाहने वाले उनके करीबी एवं उनके आवास के निकट रहने वाले सभी ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## कांके में झामुमो कार्यकर्ताओं ने शिबू सोरेन का जन्मदिन मनाया



**कांके (आजाद सिपाही)।** झामुमो सुप्रीमो सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिवस के अवसर पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने प्रखंड कार्यालय परिसर में केक काटकर 79वां जन्मदिन मनाया। मौके पर राजेंद्र मुंडा राजन, प्रखंड उपाध्यक्ष हनीफ अंसारी, सोनू मुंडा, नवीन तिर्की, नागेश्वरवर महतो, रवि बारला, अनमोल रतन सांचा, सबीबुल रहमान, शहाबुद्दीन अंसारी मोहम्मद चांद मोहम्मद असलम खुर्शीद आलम, सज्जाद अंसारी, रोशन मुंडा, महेन्द्र करमाली सहित कार्यकताओं ने शिबू सोरेन को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही इनके बेहतर स्वास्थ्य और दीघार्यु जीवन की कामना की।

## भ्रष्टाचार का केंद्र बन चुका है बिश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय : राहुल दुबे



**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** आरटीआई सह सामाजिक कार्यकर्ता राहुल दुबे ने कहा कि बिश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय भ्रष्टाचार का केंद्र बन चुका है। केंद्र व राज्य के सभी योजनाओं में लूट मची हुई है। लूट में अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक की संलिप्तता है। श्री दुबे बुधवार को बिश्रामपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी अपना गुनाह छिपाते हुए पीएमओ व सीएमओ को भी गलत जानकारी देते हैं। गहनता से जांच हो तो अधिकारियों कर्मचारियों के झूठ का पदार्फाश हो जायेगा। श्री दुबे ने कहा कि भ्रष्टाचार तो नप कार्यालय में पहले भी था। लेकिन पिछले तीन साल में यह चरम पर पहुंच गया है। जिसे रोकने हेतु सबको आगे आना होगा। जरूरत पड़ी तो चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नप कार्यालय ने पीएमओ को लिखित रूप से बताया है कि नगर परिषद के सभी बीस वार्ड में छः सौ से भी ज्यादा चापानल गड़वाया गया है। जबकि धरातल पर एक सौ चापानल भी नही गड़ा हुआ है। बाकी पांच सौ चापानल कहां है,इसकी जानकारी आरटीआई के माध्यम से मांगी गई है। इसके अलावा पांच और बिंदुओं पर आरटीआई के माध्यम से ही जानकारी मांगी गई है। जैसे ही जानकारी प्राप्त होगी वैसी ही अग्रेतर कार्रवाई शुरू की जायेगी। किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचारियों को चैन से नहीं रहने दिया जायेगा। उनके किए की सजा उन्हे दिलवाया जायेगा।

## बिश्रामपुर मध्य विद्यालय के छात्रों के बीच कॉपी का वितरण



**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर के राजकीय कृत मध्य विद्यालय में बुधवार को छात्र छात्राओं के बीच कॉपी का वितरण किया गया। छात्र छात्राओं के बीच कॉपी का वितरण विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,नगर परिषद प्रतिनिधि राजन पांडेय,निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी,समाजसेवी विजय कुमार रवि व प्राचार्य रामू बाजपेई ने संयुक्त रूप से किया। पंकज कुमार लाल ने कहा कि सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं को वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाना प्रतिनिधियों का दायित्व है। राजन पांडेय ने कहा कि शिक्षा के स्तर मे गुणात्मक सुधार हेतु सभी को आगे आना होगा। सुनील कुमार चौधरी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में कई योजनाएं संचालित कर रही है। जरूरत है उन योजनाओं को धरातल पर उतरने की। प्राचार्य रामू बाजपेई ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बच्चों को कॉपी उपलब्ध कराया गया है। मौके पर विद्यालय के कई शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्रा मौजूद थे।

## केतात की बेटी अलका ने रचा इतिहास, पहले प्रयास में ही सीए परीक्षा में सफल रही



**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला अंतर्गत रेहला थाना क्षेत्र के केतात गांव की बेटी अलका पाठक ने इतिहास रचते हुए गांव का नाम रौशन किया है .अलका ने चार्टेड एकाउंट (सीए) जैसे प्रतिष्ठित परीक्षा में पहली ही प्रयास में सफलता अर्जित कर ली है। अलका अब चार्टेड एकाउंटेंट बन चुकी है। अलका केतात गांव के सेवा निवृत शिक्षक पदमाकर पाठक की पुत्री है। अलका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता पदमाकर पाठक,अपनी मां चिंतामणी पाठक व गुरु सहित अश्वनी चौधरी को दी है। अलका सीए इंटरमीडिएट की पहली परीक्षा में भी पुरे देश में 17 वाँ रैंक हासिल की थी। उसने अपना ट्रेनिग एम.एस अश्विनी चौधरी कंपनी में प्राप्त किया है। वह वर्तमान में दिल्ली में ही रहकर और उच्च शिक्षा हासिल करना चाहती है.इधर अलका के इस सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

## पांकी विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव तक विकास पंहुचाना मेरा लक्ष्य : डां शशिभूषण मेहता



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी विधायक डां शशिभूषण मेहता ने तरहसी अस्पताल के पूर्व दिशा में अमानत नदी के तट पर स्थित किसान भवन सह उत्पादन सह प्रशिक्षण केन्द्र के समीप गार्डवाल निर्माण की एवं तरहसी प्रखंड कार्यालय के पूर्व उत्तर दिशा में गार्डवाल निर्माण,सोनपुरा अमानत नदी पुल के बगल में शिव मंदिर तक गार्डवाल निर्माण, कसमार पंचायत के कसियाडीह में गार्डवाल निर्माण, सीलदिलीया टईया रोड के जमुना नदी के बगल में गार्डवाल निर्माण की एवं विभिन्न गांवों में विभागीय अभियंता के साथ निर्माण कार्य की अनुशंसा किया। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि उपरोक्त स्थानों पर गार्डवाल का निर्माण हो जाने से सड़क टूटने से बचेगी साथ ही लोगो को आवागमन में भी सहूलियत होगी। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अनुरोध करते हुए कहा कि क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों से मुझे अवगत कराकर विकास कार्यो में सहयोग करे। मेरा लक्ष्य है कि क्षेत्र के अंतिम गांव तक विकास कि किरण को पंहुचना है। मौके पर नौगढ़ मुखिया पायनियर पांडे, गोपाल साव, मृत्युंजय सिंह, अनिरुद्ध सिंह, प्रो. बच्चन ठाकुर एवं काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# 11 से 17 जनवरी तक पलामू में मनाया जायेगा सड़क सुरक्षा सप्ताह

### डीसी ने हरी झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बुधवार को पलामू के डीसी आंजनेयुलू दोड्डे, एसपी चंदन कुमार सिन्हा व डीटीओ अनवर हुसैन ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर एलईडी युक्त सड़क जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से रवाना किया। मौके पर सदर एसडीपीओ भी उपस्थित रहे.ज्ञातव्य है कि जिले में 11 से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके तहत यह रथ जिले के सभी प्रखंडों का भ्रमण कर ऑडियो-वीडियो के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा।



### जीवन अनमोल है : एसपी

इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए पलामू एसपी चंदन कुमार सिंहा ने कहा कि जीवन अनमोल है यह हम सबको समझना होगा। सड़क पर वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने से हम खुद को सुरक्षित रख सकते हैं साथ ही बेवजह फाइन से भी छुटकारा पाया जा सकता है। इसी तरह सदर एसडीपीओ ने भी सड़क सुरक्षा संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला।

### वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करें पालन : उपायुक्त

डीसी दोड्डे ने आम लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें। जिला मुख्यालय में जागरूकता वाहन को रवाना करने के बाद उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के पालन से सड़क पर सुरक्षा बनी रहती है। विशेषकर युवा वर्ग से अपील करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जब भी दो पहिया वाहन का प्रयोग करें तो हेलमेट अवश्य पहनें और पूरी सावधानी बरतें।

### रथ के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा पर जागरूक किया जायेगा : डीटीओ

इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से आम जनों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूक किया जायेगा। यह रथ 17 जनवरी तक पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों को विभिन्न माध्यमों से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा। उन्होंने कहा कि इस रथ के माध्यम से जिले के प्रमुख चौक -चौराहों पर यातायात नियमों के पालन हेलमेट और सीट बेल्ट के फायदे से संबंधित ऑडियो क्लिप लोगों को सुनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु कई अन्य तरह के कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।

## बिरसा की विरासत को अग्रणी पंक्ति में शुमार करनेवाले झारखंड नायक दिशोम गुरु का धूमधाम से मना जन्मदिवस: अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंग्रेजों को जाने के बाद बचे काले अंग्रेजो ने शोषण का उत्पात इस कदर मचाया की उसके लिए झारखंडियों को गुरिल्ला युद्ध लड़ना पड़ा। उस शोषण का एक अहम हिस्सा था महाजनी, जिसके खिलाफ 25 साल का एक शिबू नाम का नौजवान तीर कमान उठाया और भरी जवानी में महाजनी के उन्मूलन में अपने आप को झोंक दिया। पूरी जिंदगी जल, जंगल, जमीन के लिए लड़ते अपनी वजूद अपनी स्मिता और अपनी पहचान के लिए अलग झारखंड राज्य बनाये। झारखण्ड अलग राज्य के लिए इन्होंने जो कुबार्नी दी वह कुबार्नी दिशोमगुरु बना दिया। शोषण के खिलाफ आंदोलन के आग में जवानी का होम सूबे के सीएम,उच्च सदन के सांसद और देश का महापुरुष बना दिया। उन्होंने कहा कि वह शिबू से शिबू सोरेन आज आदरणीय गुरूजी हैं जो अपने जीवन के 79 वां बसंत पार किये। उनके अनुनायी आज जन्मोत्सव मना रहे हैं। उनके पार्टी के कार्यकर्ता व पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला कार्यालय पर केक काट कर धूमधाम से जन्मदिन का जश्न मनाया गया। इस मौके पर गरीबों,लाचारों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। अस्पताल में जाकर मरीजों को कम्बल ओढ़ाए सबों ने स्वस्थ व लम्बी उम्र की कामना किये, जन्मदिन का मुबारकवाद दिए,उनके शौर्य उनके पराक्रम को तहे दिल से सलाम किये।



## सुखाड़ का आकलन करने मेदिनीनगर पहुंची केंद्रीय टीम, चैनपुर के कई गांवों का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में सूखे की स्थिति का आकलन करने बुधवार को अंतर मंत्रालयी की केंद्रीय टीम मेदिनीनगर पहुंची। यहां टीम के सदस्यों ने जिला कृषि पदाधिकारी,सहकारिता पदाधिकारी व हॉर्टिकल्चर ऑफिसर के साथ बैठक कर जिले में पड़े सूखे की स्थिति व सूखे से प्रभावित किसानों की जानकारी ली साथ ही सूखे के मद्देनजर किसानों को राज्य सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाओं की पूरी जानकारी ली। मेदिनीनगर पहुंची केंद्रीय टीम में डायरेक्टर सीडब्लूसी प्रमोद नारायण,उप निदेशक महेश कुमार,सहायक निदेशक ब्रिज मोहन सिंह,उप कृषि निदेशक( अभियंत्रण) अशीम रंजन एक्का शामिल थे।



### टीम ने चैनपुर के कई गांवों का किया दौरा,चौपाल लगा ग्रामीणों संग किया संवाद

मेदिनीनगर पहुंची टीम के सदस्यों ने चैनपुर के बांसडीह पंचायत अंतर्गत बजरमरवा व तीन टोलवा का दौरा किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने अलग-अलग किसानों से संवाद किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने लोगों से बारिश की स्थिति,फसलों की बुआई, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष कितना खेती हुआ संबंधी जानकारी ली।

### सूखा के कारण माड़-भात पर संकट है : आदित्य नारायण पांडे

टीम ने महूगांवा में चौपाल लगाकर स्थानीय रैयीतों से सूखे की जानकारी ली। इस दौरान मौजूद सभी किसानों ने एक सुर में टीम के सदस्यों को बताया कि यह सूखा वर्ष 1966 में पड़े सूखे से भी भयावह है। किसानों ने कहा कि अभी फसल नहीं हुआ है तो किसान पलायन कर दूसरे राज्य में जाकर दो पैसा कमा ले रहें हैं। हम लोगों की चिंता भविष्य में पेयजल को लेकर है। गांव के तालाब सुख चुकें हैं चापाकल भी जवाब दे रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि पेयजल को लेकर कोई व्यवस्था नहीं हुई तो लोग पानी बिना कैसे रहेंगे। सभी लोगों ने एक साथ टीम से दीप बोरिंग व पेयजल के अन्य संसाधन उपलब्ध करवाने की मांग की। किसान आदित्य नारायण पांडे ने कहा कि उन्होंने अपने 70 वर्ष के उम्र में ऐसी स्थिति नहीं देखी सुखा के कारण तो माड़-भात पर संकट आ गयी है।

## जेएमएम कार्यकर्ताओं ने मनाया शिबू सोरेन का जन्मदिन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के रूद्रा होटल परिसर में दिशुम गुरू शिबू सोरेन का 79 वॉ जन्मदिन पर झामुमो के केंद्रीय सचिव डॉ एजाज आलम के नेतृत्व में जेएमएम कार्यकताओं ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। साथ ही इस अवसर पर गरीब असहाय व मजदूरों के बीच कंबल का वितरण किया गया ।कार्यकताओं ने एक दुसरे को केक खिलाकर खुशी का इजहार किया ।मौके पर केंद्रीय सचिव डॉ एजाज आलम ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए गुरुजी के संघर्ष की बाते बताई ।उन्होंने बताया कि आदिवासी के हक एवम अलग झारखंड राज्य के लिए संघर्ष किया और आदिवासी व मूलवासी को महाजनी प्रथा से मुक्ति दिलाने का कार्य किया ।उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के चहुमुखी विकास के लिए जो गुरुजी ने सपना देखा है उसे धरातल पर उतारने के लिए हम सब कार्यकताओं को संघर्षशील होंने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज जेएमएम सरकार में है और उनके बताए मार्ग पर चलकर लगातार जनता से जुड़े मुद्दों पर फैसला ले रही है ।साथ ही आदिवासी, गरीब ,दलित व आम अवाम के हितों की रक्षा कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से 15 सुत्री के सदस्य आंदोलनकारी नेहाल असगर, झामुमो मिडीया प्रभारी विवेकानंद सिंह,झामुमो नेता विजय प्रसाद,असरफ खान,इजहार अंसारी,सद्दाम,शाहनवाज हव्वारी,अमिन,हेसाम समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे ।

## हुसैनाबाद विधानसभा स्तरीय राजद का वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन कल



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद के पुरन्दर बीघा स्थित पुर्व विधायक सह राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव के फार्म हाउस परिसर में कल 13 जनवरी दिन शुक्रवार 11 बजे से राजद कार्यकताओं का वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है ।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए राजद के प्रदेश सचिव सह प्रवक्ता जाकिर अली उर्फ राज अली ने बताया कि उक्त वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य रूप से राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव उपस्थित रहेंगे ।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड से हर ग्राम पंचायत से राजद कार्यकर्ता कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के रणनीति पर चर्चा होगी ।साथ ही संगठन विस्तार व नए वर्ष में अधिक से अधिक संख्या में नए सदस्यों को राजद से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा।

## मकर सक्रांति मेला को लेकर एसडीओ ने दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की


**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में लगने वाले मकर संक्रांति मेला को लेकर एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने सभी मेला स्थलों पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है। मेले को लेकर 14 व 15 जनवरी तक दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई है। दंडाधिकारी की नियुक्ति झारखंड सीमा के दंगवार सूर्य मंदिर प्रांगण में कनीय अभियंता अरुण कुमार यादव, अभिषेक कुमार, मणिकांत कुमार, पंकज कुमार की नियुक्ति की गई है। वहीं देवरी कला में पंचायत भवन के समीप कनीय अभियंता आशीष कुमार व नीरज कुमार की प्रतिनियुक्ति की गई है। जबकि हैदरनगर प्रखंड के कबरा कला सोन नदी तट पर कनीय अभियंता रजा अंसारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं मोहम्मदगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित भीम चूल्हा, भीम बराज के पास सहायक अभियंता वसंत कुमार व प्रभारी अंचल निरीक्षक मुकेश कुमार की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी दंडाधिकारी के साथ थाना प्रभारी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करते हुए विधि व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

## 'नई चेतना- पहल बदलाव की' के तहत कार्यशाला का आयोजन



**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार के आलोक में बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण के निर्देश पर 'नई चेतना-पहल बदलाव की' के तहत प्रखण्ड कार्यालय सभागार में बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें वित्तिय संस्थान के प्रमुख एसबीआई, जेआरजी बैंक एवं जेएसएल पीएस के पदाधिकारियों द्वारा सैकड़ो महिलाओं को लिंग पर आधारित भेदभाव को दूर करने, लोगों में जागरूकता बढ़ाने की प्रशिक्षण एवं जागरूक किया गया। इस दौरान महिला उत्पीड़न, महिला हिंसा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक विचारधारा, सामाजिक जागरूकता, परिवारिक, महिलाओं की शिक्षा, सामाजिक भेदभाव आदि विषयों के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि लिंग पर आधारित भेदभाव नहीं होनी चाहिए एवं महिलाओं को सम्मान मिलना चाहिए ।इस मौके पर नगर प्रबंधक अजमल हुसैन, बीपीएम मुकेश कुमार, जेआरजीबी शाखा प्रबंधक नागेन्द्र कुमार,संजय राणा, मो. आलीम, बैगा जी, सामुदायिक संगठनकर्ता बिचीत्रा कुमारी, सामुदायिक संसाधन सेविका साहदा अंजुम, अनीता कुमारी, लालमुनि कुमारी एवं स्वयं सहायता समूह की सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में काजीनगर ने कुदरा को 2 गोल से हराया



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर प्रखंड के युवा फुटबॉल क्लब खरगाड़ा के तत्वधान में फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कुदरा (बिहार) व काजी नगर के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह,विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद प्रत्याशी जवाहर पासवान,भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह आदि ने कबूतर उड़ाकर व फुटबॉल को किक मारकर किया। इस फाइनल महामुकाबला में कुदरा(बिहार) के टीम को काजीनगर ने 2-0 से हराया ।इस मौके पर श्री सिंह ने कहा की फुटबॉल खेल धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहा था लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के युवा इस खेल को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है ।उन्होंने कहा कि आज के समय मे खेल शारीरिक व्यायाम के साथ-साथ रोजगार का भी साधन बन गया है ।उन्होंने खिलाड़ियों से अपील किया कि खेल को खेल भावना से खेलें ।श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के टूनार्मेंट के आयोजन कर्ता धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में जो भी मदद चाहिये हम हर समय सहयोग के लिये तैयार है ।मौके पर मुख्य रूप से रामेश्वर राम उर्फ छठन जी,प्रशान्त सिंह,रंजीत पासवान,मृतुन्जय पाठक, जितेन्द्र पासवान,परता मुखिया कमल जी, शिव मेहता,अरुण मेहता समेत सैकडो की संख्या में खेल प्रेमी दर्शक मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित, टॉड मर्फी नया चेहरा

## तीन-दिवसीय कोल इंडिया अंतर कंपनी ब्रिज टूर्नामेंट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएमपीडीआई के रबीन्द्र भवन में आयोजित तीन-दिवसीय कोल इंडिया अंतर कम्पनी ब्रिज टूनार्मेंट के दूसरे दिन खेल गए मैच में आज राउंड रोबिन लीग में प्रथम- वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल)-नागपुर की टीम 91.46 अंक, द्वितीय-महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल)-सम्बलपुर की टीम 83.91 अंक, तृतीय-मेजबान टीम सीएमपीडीआई-रांची की टीम 77.93 अंक, चतुर्थ-होल्डिंग कम्पनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल)-कोलकाता की टीम 66.05 अंक, पंचम-नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल)-सिंगरौली की टीम 65.34 अंक, षष्ठम-ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल)-संकटोरिया की टीम 61.09 अंक एवं साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल)-बिलासपुर की टीम 58.22 अंक के साथ सप्तम-स्थान पर रही। डब्ल्यूसीएल-नागपुर, एमसीएल- सम्बलपुर, सीएमपीडीआई-रांची एवं कोल इंडिया लिमिटेड-कोलकाता के बीच सुपर लीग मैच जारी है। इस टूर्नामेंट में आईएमपी पेयर में बी0 मंडल- डी0 मल्लिक ने 57 अंक, सुशांतो कुमार साहु, योगेश राय ने 44 अंक, चैन राज नाहर, एसपी राठी ने 35 अंक, एचएल त्रिपाठी, अमित पथरीया ने 28 अंक, एनआर प्रधान, डीआर प्रधान ने 18 अंक, रजनीश गौतम-डॉ शाहिद कुरैशी ने 16 अंक, आर0एस0 वर्मा, सुबेदार ने 14 अंक, सुजीब चटर्जी, जीसी विश्वास ने 13 अंक एवं सुजीत झा एवं सीडीएन सिंह की जोड़ी ने 7 अंक हासिल किया। इसमें कुल 22 टीमें हिस्सा लीं। इस तीन-दिवसय कोल इंडिया अंतर कम्पनी ब्रिज टूर्नामेंट में होल्डिंग कम्पनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल)-कोलकाता, मेजबान टीम सीएमपीडीआई-रांची, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) -संकटोरिया, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल)-नागपुर, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल)-बिलासपुर, नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल)-सिंगरौली एवं महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल)-सम्बलपुर की टीमें भाग ले रही हैं।

## सोलह साल बाद सजेगा लखनऊ में टेनिस का महाकुंभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी के उन्नाद टेनिस अकादमी, आशियाना में डेढ़ दशक के बाद उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन (यूपीटीए) राज्यस्तरीय टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा। यह प्रतियोगिता गुरुवार यानी 12 जनवरी से 15 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर, मेंस और वुमेंस सभी वर्गों में राज्य के टेनिस खिलाड़ियों (बालक-बालिका) को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। यह प्रतियोगिता आखिरी बार 2007 में आयोजित की गयी थी। यूपीटीए सचिव पुनीत अग्रवाल ने बताया कि 16 साल बाद हो रही इस प्रतियोगिता को इस बार पूरे प्रदेश से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग में प्रदेश के सैकड़ों खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में देश के कई प्रतिष्ठित खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें जूनियर और सीनियर वर्ग में देश के टॉप सीडेड खिलाड़ी और हाल में ही अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले रुशिल खोसला, चिनमय देव चौहान, तुनश्री पांडेय, सनीश मणि मिश्रा, आयरा, सानिध्य धर दिवेदी,अरुंधति सिंह डागुर, ओम यादव, प्रणव मिश्रा भी हिस्सा ले रहे हैं।

## पहले दिन 42 पंचायतों की हुई सुनवाई, कर्मियों को फटकार के साथ लगा अर्थदंड




**बाघमारा प्रखंड कार्यालय में दो दिवसीय मनरेगा जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बाघमारा/कतरास।** बाघमारा प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बुधवार को सामाजिक अंकेक्षण के तहत दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय मनरेगा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख गीता देवी, उप प्रमुख रंजीत कुमार सिंह और बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति ने संयुक्त रुप से किया। इसके बाद अंकेक्षण में पहुंचे मनरेगा योजना के जिला लोकपाल की मौजूदगी में प्रखंड के 42 पंचायतों में वित्तिय वर्ष 2020-21 व 2021-22 में मनरेगा के तहत हुए टीवीसी, कुंआ, पीएम आवास और डोभा सहित अन्य योजनाओं का अंकेक्षण किया गया। शेष पंचायतों का अंकेक्षण गुरुवार को होगा। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न पंचायतों के रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, जेई, एई, मुखिया सहित अन्य को आर्थिक दंड लगाते हुए राशि की वसूली की गई। इसकी जानकारी देते हुए मनरेगा योजना के प्रखंड बीपीओ लक्ष्मीकांत ने बताया कि बीते दिनों पंचायत स्तरीय जनसुनवाई हुई थी। उसके बाद प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई किया जा रहा है। इस दौरान मास्टर रोल में मजदूरों का हस्ताक्षर नहीं, एमबी में कमी, अपूर्ण योजना सहित अन्य पहलुओं को देखते हुए मनरेगा लोकपाल के आदेश पर संबंधित कर्मियों को फटकार लगाते हुए आर्थिक दंड भई लगाया गया है।

## जल संकट को लेकर भाजपाइयों ने किया झमाडा कार्यालय का घेराव, फूंका गया एमडी का पुतला



**झरिया (आजाद सिपाही)।** पिछले कुछ दिनों से झरिया क्षेत्र में व्याप्त जलसंकट और आंशिक जलापूर्ति को लेकर बुधवार को झरिया नगर भाजपा की ओर से झरिया धनबाद मुख्य मार्ग स्थित झमाडा कार्यालय का घेराव एवं एमडी का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर अध्यक्ष अरुण साहू ने किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि पिछले एक महीने से झरिया की जनता लगातार पानी के लिए तरस रही है। पार्टी की ओर से कई बार मांग पत्र भी दिए गए, लेकिन अधिकारियों ने पानी के बदले सिर्फ आश्वासन ही दिया। जबकि हमारी सरकार ने 312 करोड़ रुपए खास कर झरिया की जनता के लिए जलापूर्ति योजना को स्वीकृति दी थी, लेकिन आज तक झरिया की जनता पानी के लिए तरस रही है। झरिया विधायक चुनाव जीतने के बाद भूमिगत हो गई है। जनता की समस्याओं से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। जिसका जवाब आने वाले समय में जनता देगी। वहीं ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह ने कहा कि जब सरकार ही निकम्मी है तो अधिकारी और प्रशासन भी तो वैसे ही होंगे। वहीं, झरिया नगर अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा कि आज झरिया में जलापूर्ति की समस्या बद से बदतर हो गई है। कोई सुनने वाला भी नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार की तकनीकी समस्याओं का अभिलंब समाधान किया जाए। आज खुलेआम झमाडा कार्यालय में निजीकरण के नाम पर लूट हो रही है इसे तुरंत रोका जाए अन्यथा पार्टी चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होगी। चेतावनी दी कि अगर इससे भी बात नहीं बनी तो झमाडा कार्यालय में तालाबंदी भी की जाएगी। मौके पर सुमन अग्रवाल, स्वरूप भट्टाचार्य, सरवन राम, सुनील साहू, संजय वर्मा, अखिलेश सिंह, दिलीप भारती, कल्लू गुप्ता, जितेंद्र सिंह, राम प्रकाश सिंह, अरुण गोस्वामी, अशोक बरनवाल, राज माली, जितेंद्र राम, भोला सेन मोदक, अजय वर्मा, विजय चंद्रवंशी, मुन्ना खान, राजा राम चौहान, अमित चौहान, मनोज प्रसाद, हरिनारायण प्रसाद सिंह, राहुल बाल्मीकि, लीला बावरी, राधा देवी देवकी बाल्मीकि, अनीता बाल्मीकि, कुंती देवी, सुनीता देवी, मंजू देवी, सुमन देवी और राधा साहू आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में जागरूकता को लेकर बीएसएल की ओर से हुई पहल

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** पांच से 28 जनवरी तक की अवधि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तौर पर मनाई जा रही है। नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए बीएसएल के सुरक्षा अभियंत्रण विभाग की ओर से विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जा रहें हैं। इस क्रम में बुधवार को पूर्वाहन इस्पात भवन परिसर में निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश द्वारा इस्पात कर्मियों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इस मौके पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) और अतिरिक्त प्रभार (कार्मिक एवं प्रशासन) अमिताभ श्रीवास्तव, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) एस रंगानी, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) सीआर महापात्रा, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्नि शमन सेवाएं) अमरेंद्र झा आदि उपस्थित थे। शपथ ग्रहण के बाद निदेशक प्रभारी ने इस्पात भवन परिसर से सड़क सुरक्षा पर जागरूकता के लिए एक सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली नगर के प्रमुख हिस्सों से होकर गुजरते हुए नागरिकों को सड़क सुरक्षा का संदेश देती गई। इसी क्रम में आगामी 12-13 जनवरी को प्लांट परिसर में सड़क सुरक्षा पर सुरक्षा रथ के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम, क्रैश हेलमेट की जांच, सेक्टर 2 सी सेफ्टी ट्रेनिंग सेंटर में सिमुलेटर के माध्यम से वाहन चालकों की ट्रेनिंग, 16-19 जनवरी को सडक सुरक्षा पर ऑन लाइन क्विज का आयोजन, प्लांट परिसर में भारी वाहनों की चेकिंग, 16 एवं 17 जनवरी को मिनी ऑडिटोरियम में सड़क सुरक्षा पर आधारित निबंध, ड्राइंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता एवं डिबेट कम्पीटीशन का आयोजन किया जाएगा। 14 जनवरी को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग का संदेश दिया जाएगा। साथ ही नगर के प्रमुख चौक-चौराहों में लोगों को दो-पहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट के उपयोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। 19 जनवरी को सेक्टर-2 सी उच्च विद्यालय में सड़क सुरक्षा पर आधारित निबंध, ड्राइंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन किया जाएगा। 20 जनवरी को एचआरडी के मुख्य प्रेक्षागृह में अंतर विभागीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 28 जनवरी को समापन समारोह एचआरडी के मुख्य प्रेक्षागृह में आयोजित होगा।

## स्वदेशी मेले के आयोजन को लेकर हुआ भूमि पूजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्वदेशी जागरण मंच की ओर से 18 जनवरी से शुरू होने वाले 21वां इसप्तांचल स्वदेशी मेले को लेकर बुधवार को भूमि पूजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बोकारो इस्पात संयंत्र के सीजीएम भूपेंद्र सिंह पोपली ने विधिवत पूजा व हवन कर मेला की सफलता की कामना की।

झारखण्ड सरकार
राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अर्जन निदेशालय) या
समाहर्त्ता या समुचित सरकार

## प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **मौजा–झालजमीरा, थाना–सेन्हा, थाना न0–173, अंचल–सेन्हा, जिला–लोहरदगा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **"लोहरदगा जिलान्तर्गत "भण्डरा (MDR-001 पर)–सेन्हा (SH-08 पर) पथ (कुल लम्बाई 23.518 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य (पुलों के निर्माण एवं भू–अर्जन सहित)" परियोजना** अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी प्रशासन के रूप में नियुक्ति किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **मौजा–झालजमीरा, थाना–सेन्हा, थाना न0–173, अंचल–सेन्हा, जिला–लोहरदगा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **12.616** एकड़ यानि **5.105** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है.........................

**खण्ड ख**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 36 | 106 | 786 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.142 | जोरा पाहन, पिता–दुन्दिया पाहन दो अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो मुस्मात बाजो उराईन, पति–बुधु पाहन दो अंश, जाति–—, निवासी– व वो सोमा पाहन,वो विरसु पाहन,वो बुधराम पाहन, पिता–सनी पाहन दो अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो सधवा पाहन, पिता–जौरा पाहन तीन अंश, जाति–—, निवास | उ0–रास्ता द0–787 पु0–रास्ता प0–785, 399 |
| 37 | 351 | 396 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.074 | सोमरा उराँव वो विरसा उराँव वो भोला उराँव, पिता–तुरिया उराँव 6 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो मोस्मात लोहरु, पति–भौरा उराँव 2 अंश, जाति–—, निवास | उ0–395 द0–रास्ता पु0–478 प0–रास्ता |
| 38 | 351 | 395 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.057 | सोमरा उराँव वो विरसा उराँव वो भोला उराँव, पिता–तुरिया उराँव 6 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो मोस्मात लोहरु, पति–भौरा उराँव 2 अंश, जाति–—, निवासी– | उ0–रास्ता द0–396 पु0–2478 प0–रास्ता |
| 39 | 9 | 356 | रैयती | दोन दो 0 | 0.120 | शेख आदम,वो शेख राजमन,वो शेख रहमान,वो शेख गुदीन,वो शेख रीझु, पिता–शेख रामधन 180 अंश समान, जाति–—, निवासी– व शेख आदम,वो शेख राजमन,वो शेख रहमान,वो शेख गुदीन,वो शेख रीझु, पिता–शेख रामधन 180 अंश समान | उ0–352 द0–357 पु0–2552 प0–354, 355 |
| 40 | 351 | 352 | रैयती | अज्ञात 0 | 0.407 | सोमरा उराँव वो विरसा उराँव वो भोला उराँव, पिता–तुरिया उराँव 6 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो मोस्मात लोहरु, पति–भौरा उराँव 2 अंश, जाति–—, निवास | उ0–कोयेल नदी द0–353 पु0–रास्ता प0–2833 |
| 41 | 165 | 2851 | रैयती | दोन दो 0 | 0.187 | वलिया उराँव, पिता–गन्दुरा उराँव एक अंश, जाति–—, निवासी– व वो चरवा उराँव, पिता–दोगो उराँव एक अंश, जाति–—, निवासी– व वो गोन्दला उराँव, पिता–सोमा उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला टागो टोली | उ0–2852 द0–2850 पु0–2854 प0–रास्ता |
| 42 | 166 | 2653 | रैयती | दोन एक 0 | 0.005 | वलिया उराँव, पिता–गन्दुरा उराँव एक अंश, जाति–—, निवासी– व वो चरका उराँव, पिता–दोगो उराँव एक अंश, जाति–—, निवासी– व वो गोन्दला उराँव, पिता–सोमा उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला टागो टोली | उ0–2652 द0–2654 पु0–2731 प0–22651 |
| 43 | 166 | 2654 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.030 | वलिया उराँव, पिता–गन्दुरा उराँव एक अंश, जाति–—, निवासी– व वो चरवा उराँव, पिता–दोगो उराँव एक अंश, जाति–—, निवासी– व वो गोन्दला उराँव, पिता–सोमा उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला टागो टोली | उ0–2653 द0–2658 पु0–2730 प0–2631 |
| 44 | 166 | 2727 | रैयती | दोन दो 0 | 0.050 | वलिया उराँव, पिता–गन्दुरा उराँव एक अंश, जाति–—, निवासी– व वो चरवा उराँव, पिता–दोगो उराँव एक अंश, जाति–—, निवासी– व वो गोन्दला उराँव, पिता–सोमा उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला टागो टोली | उ0–2728 द0–2669 पु0–2726 प0–2658 |
| 45 | 257 | 2582 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.344 | मंगल अहीर वो गोरो अहीर वो अधनु अहीर वो पोको देवी वो सुगन देवी, पिता–किशुन अहीर 1 अंश समान, जाति–ग्वाला, निवासी–निजग्राम टोला बड़की टोली | उ0–2593 द0–2676 पु0–2665 प0–2581 |
| 46 | 15 | 2393 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.414 | इमना महतो, पिता–शंभुआ महतो एक अंश, जाति–—, निवासी– व वो एतवा महतो,वो मागे महतो, पिता–करमा महतो एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला बडकी टोला पत्रालय मसमानो | उ0–2392 द0–रास्ता पु0–2394 प0–रास्ता |
| 47 | 78 | 2425 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.056 | चीटुआ उराँव,वो शनि उराँव, पिता–शोमरो उराँव दो अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो बुधु उराँव,वो बन्धना उराँव, पिता–मंगरू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला वडकी टोली पत्रालया मसमानो | उ0–2423 द0–2426 पु0–2418 प0–2428 |
| 48 | 78 | 2426 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.073 | चीटुआ उराँव,वो शनि उराँव, पिता–शोमरो उराँव दो अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो बुधु उराँव,वो बन्धना उराँव, पिता–मंगरू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला वडकी टोली पत्रालया मसमानो | उ0–2425 द0–2081 पु0–2427 प0–2417 |
| 49 | 14 | 2457 | रैयती | दोन दो 0 | 0.002 | इन्द्रदेव अहीर, पिता–पुरन अहीर , जाति–अहीर, निवासी–निजग्राम व इन्द्रदेव अहीर, पिता–पुरन अहीर, जाति–अहीर, निवासी–निजग्राम व इन्द्रदेव अहीर, पिता–पुरन अहीर, जाति–अहीर, निवासी–निजग्राम | उ0–2456 द0–3153 पु0–रास्ता प0–2446 |
| 50 | 362 | 2427 | रैयती | स्कूल मकान 0 | 0.079 | शिक्षा विभग बिहार सरकार, ––––––..... , जाति–—, निवासी–..... | उ0–2428 द0–2081 पु0–2426 प0–2428 |
| 51 | 211 | 2481 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.068 | बुधु उराँव,वो बन्धे उराँव,वो वसु उराँव, पिता–चकंडा उराँव अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला पीपर टोली | द0–2480 उ0–2482 प0–रास्ता पु0–2467 |
| 52 | 160 | 2482 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.310 | बन्धे उराँव,वो वासु उराँव, पिता–चकन्दा उराँव अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम | द0–2481 उ0–2485 पु0–3154 प0–रास्ता |
| 53 | 351 | 2489 | रैयती | दोन दो 0 | 0.024 | सोमरा उराँव वो विरसा उराँव वो भोला उराँव, पिता–तुरिया उराँव 6 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो मोस्मात लोहरु, पति–भौरा उराँव 2 अंश, जाति–—, निवासी– व वो लुरपा उराँव वो सोमरा उराँव, पिता–सुखिया उराँव 4 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो शुकरा उराँव, पिता–मंगरु उराँव 4 अंश, जाति–—, निवासी– व वो बिरसु उराँव वो कालु उराँव, पिता–कहरु उराँव 2 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो सोवरन उराँव वो करमा उराँव वो सुर्यप्रकाश उराँव, पिता–बन्दे उराँव 2 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो माडवारी उराँव, पिता–झीरु उराँव 2 अंश, जाति–—, निवासी– व वो लादेन उराँव वो मांगा उराँव, पिता–टुज उराँव एक अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो मंगरी, पिता–ललुवा उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम | उ0–2490 द0–2488 पु0–2491 प0–रास्ता |
| 54 | 133 | 2490 | रैयती | दोन दो 0 | 0.183 | दशई उराँव,वो शकलू उराँव,वो मागे उराँव, पिता–धुरा उराँव एक अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो बन्धना उराँव,वो सोमा उराँव, पिता–लुटुवा उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला बडकी टोली पत्रालय मसमानो | उ0–2504 द0–2489 पु0–2492 प0–रास्ता |
| 55 | 351 | 2504 | रैयती | दोन दो 0 | 0.202 | सोमरा उराँव वो विरसा उराँव वो भोला उराँव, पिता–तुरिया उराँव 6 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो मोस्मात लोहरु, पति–भौरा उराँव 2 अंश, जाति–—, निवासी– व वो लुरपा उराँव वो सोमरा उराँव, पिता–सुखिया उराँव 4 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो शुकरा उराँव, पिता–मंगरु उराँव 4 अंश, जाति–—, निवासी– व वो बिरसु उराँव वो कालु उराँव, पिता–कहरु उराँव 2 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो सोवरन उराँव वो करमा उराँव वो सुर्यप्रकाश उराँव, पिता–बन्दे उराँव 2 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो माडवारी उराँव, पिता–झीरु उराँव 2 अंश, जाति–—, निवासी– व वो लादेन उराँव वो मांगा उराँव, पिता–टुज उराँव एक अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो मंगरी, पिता–ललुवा उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम | उ0–2508 द0–2490 पु0–2505, 2503 प0–रास्ता |
| 56 | 351 | 2508 | रैयती | टाँड एक 0 | 0.193 | सोमरा उराँव वो विरसा उराँव वो भोला उराँव, पिता–तुरिया उराँव 6 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो मोस्मात लोहरु, पति–भौरा उराँव 2 अंश, जाति–—, निवासी– व वो लुरपा उराँव वो सोमरा उराँव, पिता–सुखिया उराँव 4 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो शुकरा उराँव, पिता–मंगरु उराँव 4 अंश, जाति–—, निवासी– व वो बिरसु उराँव वो कालु उराँव, पिता–कहरु उराँव 2 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो सोवरन उराँव वो करमा उराँव वो सुर्यप्रकाश उराँव, पिता–बन्दे उराँव 2 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो माडवारी उराँव, पिता–झीरु उराँव 2 अंश, जाति–—, निवासी– व वो लादेन उराँव वो मांगा उराँव, पिता–टुज उराँव एक अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो मंगरी, पिता–ललुवा उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम | उ0–2509 द0–2504 पु0–2505 प0–रास्ता |
| 57 | 21 | 2509 | रैयती | टाँड एक 0 | 0.337 | एतामत अली, पिता–शेख मौसखवस , जाति–मुसलमान, निवासी–ग्राम डांडु व एतामत अली, पिता–शेख मौसखवस , जाति–मुसलमान, निवासी–ग्राम डांडु व एतामत अली, पिता–शेख मौसखवस , जाति–मुसलमान, निवासी–ग्राम डांडु व एतामत अली, पिता–शेख मौसखवस , जाति–मुसलमान, निवासी–ग्राम डांडु | उ0–2510 द0–2508 पु0–2510, 2507 प0–रास्ता |
| 58 | 9 | 2510 | रैयती | टाँड एक 0 | 0.377 | शेख आदम,वो शेख राजमन,वो शेख रहमान,वो शेख गुदीन,वो शेख रीझु, पिता–शेख रामधन 180 अंश समान, जाति–—, निवासी– व शेख आदम,वो शेख राजमन,वो शेख रहमान,वो शेख गुदीन,वो शेख रीझु, पिता–शेख रामधन 180 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो शेख वकारन,वो शेख मेराज,वो शेख देवराज, पिता–शेख वामीन 27 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो शेख वकारन,वो शेख मेराज,वो शेख देवराज,वो विशज खातुन,वो सुलतान खातुन, पिता–शेख वामीन अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो शेख जाफर,वो शेख ऊन्मोल,वो शेख सफदर,वो शेख अफदर, पिता–शेख जमारख 32 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो शेख जाफर,वो शेख ऊन्मोल,वो शेख सफदर,वो शेख अफदर,वो दिलारमैन खातुन, पिता–शेख जमारख 4 अंश समान, जाति–—, निवासी– व शेख आदम,वो शेख राजमन,वो शेख रहमान,वो शेख गुदीन,वो शेख रीझु, पिता–शेख रामधन 180 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो शेख वकारन,वो शेख मेराज,वो शेख देवराज, पिता–शेख वामीन 27 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो शेख वकारन,वो शेख मेराज,वो शेख देवराज,वो विशज खातुन,वो सुलतान खातुन, पिता–शेख वामीन अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो शेख जाफर,वो शेख ऊन्मोल,वो शेख सफदर,वो शेख अफद | उ0–2550 द0–2509 पु0–2514 प0–रास्ता |
| 59 | 351 | 2550 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.225 | सोमरा उराँव वो विरसा उराँव वो भोला उराँव, पिता–तुरिया उराँव 6 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो मोस्मात लोहरु, पति–भौरा उराँव 2 अंश, जाति–—, निवासी– व वो लुरपा उराँव वो सोमरा उराँव, पिता–सुखिया उराँव 4 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो शुकरा उराँव, पिता–मंगरु उराँव 4 अंश, जाति–—, निवासी– व वो बिरसु उराँव वो कालु उराँव, पिता–कहरु उराँव 2 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो सोवरन उराँव वो करमा उराँव वो सुर्यप्रकाश उराँव, पिता–बन्दे उराँव 2 अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो माडवारी उराँव, पिता–झीरु उराँव 2 अंश, जाति–—, निवासी– व वो लादेन उराँव वो मांगा उराँव, पिता–टुज उराँव एक अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो मंगरी, पिता–ललुवा उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम | उ0–2551 द0–2510 पु0–2548 प0–रास्ता |
| 60 | 340 | 357 | रैयती | दोन दो 0 | 0.180 | चंदला महतो वो जयराम महतो वगै0 | उ0–356, 355, 348 द0–358 पु0–2551 प0–347 |
| 61 | 340 | 2551 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.036 | सुखी महतो वो रुपना महतो वो राया, पिता–बुधुवा महतो एक अंश समान, जाति–—, निवासी– व वो चेढला महतो, पिता–शुकरा एक अंश, जाति–—, निवासी– व वो सिताराम महतो,वो जयराम महतो, पिता–धोआ महतो दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय गंगेया | उ0–2552 द0–2550 पु0–2548 प0–रास्ता |
| 62 | 189 | 2552 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.114 | विरसु पाहन,वो कालू पाहन, पिता–कहरू पाहन एक अंश समान, जाति–, निवासी–व वो धुड पाहन,वो ललूआ पाहन, पिता–बचुआ पाहन एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम बडकी टोली | उ0–2553 द0–2551 पु0–2557 प0–356 |
| 63 | 351 | 2553 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.017 | सोमरा उराँव वो विरसा उराँव वो भोला उराँव, पिता–तुरिया उराँव 6 अंश समान, जाति–, निवासी– व वो मोस्मात लोहरु, पति–भौरा उराँव 2 अंश, जाति–, निवासी– व वो लुरपा उराँव वो सोमरा उराँव, पिता–सुखिया उराँव 4 अंश समान, जाति–, निवासी– व वो शुकरा उराँव, पिता–मंगरु उराँव 4 अंश, जाति–, निवासी– व वो बिरसु उराँव वो कालु उराँव, पिता–कहरु उराँव 2 अंश समान, जाति–, निवासी– व वो सोवरन उराँव वो करमा उराँव वो सुर्यप्रकाश उराँव, पिता–बन्दे उराँव 2 अंश समान, जाति–, निवासी– व वो माडवारी उराँव, पिता–झीरु उराँव 2 अंश, जाति–, निवासी– व वो लादेन उराँव वो मांगा उराँव, पिता–टुज उराँव एक अंश समान, जाति–, निवासी– व वो मंगरी, पिता–ललुवा उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम | उ0–कोयल नदी द0–2552 पु0–2554 प0–352 |
| 64 | 115 | 2077 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.128 | जोखन उराँव , वो बोदे उराँव , पिता–मटु उराँव, जाति– उराँव | उ0–2080 द0–2076 पु0–रास्ता प0–2078 |
| 65 | 17 | 2072 | रैयती | टाँड दो 2 | 0.032 | एतवा उराँव , वो विरसु उराँव , वो अगव उराँव , पिता–पति उराँव, जाति–— एवं वो शुकरू उराँव , पिता–कैला उराँव, जाति– उराँव | उ0–2074 द0–रास्ता पु0–2073 प0–2071 |
| 66 | 269 | 2073 | रैयती | टाँड दो 1 | 0.041 | मु.ठकुराईन रसराज कुवारी, पति–शंकरसन नाथ सहदेव, जाति–— एवं वो लाल सुर्यनरायण साहदेव , वो आदीत नरायण सहादेव , वो लाल सुरेन्द्र नाथ सहादेव , पिता–लाल श्यामनरायण सहदेव, जाति– | उ0–2076 द0–2072 पु0–1849 प0–2074, 2072 |
| 67 | 41 | 787 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.010 | खदिया अहीर, पिता–हन्दरू अहीर, जाति–एवं वो राम अहीर, पिता–भुखला अहीर, जाति– एवं वो भाकु अहीर, वो तोता अहीर, वो शुकरा अहीर, वो दवा अहीर, वो पचु अहीर, वो अर्जुन अहीर, पिता–लक्षन अहीर, जाति– | उ0–786 द0–788 पु0–रास्ता प0–रास्ता |
| 68 | 163 | 2658 | रैयती | दोन दो 0 | 0.227 | बनचन महली, वो चन्दन महली, वो खदी महली , वो सुना महली, पिता–गुनराम महली, जाति–— एवं वो महेश महली , वो बैजू महली, पिता–बुशा महली, जाति–— | उ0–2654 द0–2659 पु0–2728 प0–2657 |
| 69 | 299 | 2485 | रैयती | टाँड दो 2 | 0.003 | वो लोहरा उराँव वो बुधु उराँव वो विरसु उराँव , पिता–गोन्देया उराँव, जाति– उराँव | उ0–2476 द0–2482 पु0–2484 प0–2488 |
| 70 | 266 | 2507 | रैयती | टाँड एक 0 | 0.052 | बीबी रमीजन वो बीवी जैतुन वो बीबी जंगुन वो बीबी महेरुन , पिता–शेख जफरली, जाति–— एवं वो शेख रसुल , वो शेख रोजामत , पिता–शेख गन्दुर, जाति–— | उ0–2510 द0–2508 पु0–2506 प0–2509 |
| 71 | 268 | 2475 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.06 | ठकुराईन रसराज कुवारी , पति–ठाकुर शंकरसन नाथ साहदेव, जाति–— एवं वो लाल सुयंनरायण नाथ सहदेव , वो लाल आदीत नरायण नाथ सहदेव , वो लाल सुरेन्द्र नाथ सहदेव , पिता–लालश्याम नरायण नाथ साहदेव, जाति–— | उ0–2476 द0–2474 पु0–2473 प0–रास्ता |
| 72 | 351 | 2476 | रैयती | टाँड एक 0 | 0.191 | सोमरा उराँव वो विरसा उराँव वो भोला उराँव , पिता–तुरिया उराँव, जाति–— एवं वो मोस्मात लोहरु , पति–भौरा उराँव, जाति–— एवं वो लुरपा उराँव वो सोमरा उराँव , पिता–सुखिया उराँव, जाति–— एवं वो शुकरा उराँव , पिता–मंगरु उराँव, जाति–— एवं वो बिरसु उराँव वो कालु उराँव , पिता–कहरु उराँव, जाति–— एवं वो सोवरन उराँव वो करमा उराँव वो सुर्यप्रकाश उराँव , पिता–बन्दे उराँव, जाति–— एवं वो माडवारी उराँव , पिता–झीरु उराँव, जाति–— एवं वो लादेन उराँव वो मांगा उराँव , पिता–टुज उराँव, जाति–— एवं वो मंगरी , पिता–ललुवा उराँव, जाति–उराँव | उ0–रास्ता द0–2475 पु0–2477 प0–रास्ता |
| 73 | 69 | 2478 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.208 | मुस्मात चम्पु उराईन , पति–डिवरू उराँव, जाति–— एवं वो मिरायल बखला , वो अमृत बखला , पिता–कैला क्रिस्तान, जाति–— | उ0–2481 द0–2476 पु0–2479 प0–रास्ता |
| 74 | 269 | 2066 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.036 | ठकुराईन रसराज कुवारी , पति–ठाकुर शंकरसन नाथ साहदेव, जाति–— एवं वो लाल सुयंनरायण नाथ सहदेव , वो लाल आदीत नरायण नाथ सहदेव , वो लाल सुरेन्द्र नाथ सहदेव , पिता–लालश्याम नरायण नाथ साहदेव, जाति–— | उ0–2062 द0–2065 पु0–2068 प0–2069 |
| 75 | 259 | 2843 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.323 | मंगरा उराँव , पिता–जितु उराँव, जाति–— एवं वो मोस्मात जितनी उराईन , पिता–जितरई उराँव, जाति– उराँव | उ0–2835 द0–2845 पु0–2844 प0–2833 |
| 76 | 112 | 2474 | रैयती | टाँड दो 0 | 0.064 | देवनाथ उराँव , पिता–गंदुरा उराँव, जाति– उराँव एवं वो वसीय उराँव , पिता–उदय उराँव, जाति– उराँव एवं वो जोखना उराँव , जुरू उराँव , वो शानिया उराँव , वो मनिया उराँव , पिता–जुगुआ उराँव, जाति– उराँव एवं वो गुडुआ उराँव , पिता–वोधना उराँव, जाति– उराँव एवं वो मगरा उराँव , पिता–पूना उराँव, जाति– उराँव | उ0–2475 द0–2055 पु0–2438 प0–रास्ता |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यवधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

**जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,**
**लोहरदगा।**

PR 287287 (Lohardaga) 22-23 (D)


## बारबाटी स्टेडियम में हॉकी विश्व कप 2023 का उद्घाटन

# रणबीर सिंह और दिशा पटानी ने बढ़ायी शोभा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कटक बारबाटी स्टेडियम में रंगारंग कार्यक्रमों और भव्य समारोहों के बीच बहुप्रतीक्षित हॉकी विश्व कप का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, केंद्रीय खेल एवं युवा व्यापार मंत्री अनुराग ठाकुर, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की, राज्य के खेल मंत्री तुषारकांति बेहेरा और अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तयब इक्राम उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में ओड़िशा के आदिवासी लोक नृत्य के साथ सुरूहुआ। बाद में ओडिशी नृत्यांगना द्वारा नृत्य परिवेशन किया गया। प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रदर्शन पर बारबाटी में दर्शक झूम उठे। जाने-माने संगीत निर्देशक प्रीतम के म्यूजिक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कटक में पहली बार अत्याधुनिक ड्रोन शो देखने को मिला है। कटक के आसमान में एक साथ 500 ड्रोन उड़ने के साथ चिकमिल लाइट में हॉकी वर्ल्ड कप से जुड़ी तस्वीरें दिखाई गई हैं। प्रमुख बॉलीवुड अभिनेता रणबीर सिंह और अभिनेत्री दिशा पटानी ओपनिंग नाइट की शोभा बढ़ायें। कानून व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए बारबाटी स्टेडियम को त्रिस्तरीय सुरक्षा में रखा गया है। 50 प्लाटून पुलिस बल और 200 सुरक्षा अधिकारियों को तैनात किया गया है।





## 5000 हॉकी बॉल से बनी हॉकी स्टिक



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** आज हॉकी महाकुंभ की ओपनिंग नाइट है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक आज महाकुंभ का अनुष्ठानिक रूप से उद्घाटन करेंगे। इसीलिए कटक, भुवनेश्वर और राउरकेला शहरों को नयी दुल्हन की तरह सजाया गया है। शहर के चारों तरफ पेंटिंग्स के साथ खूबसूरत तोरण से सजाया गया। कलिंग स्टेडियम को भी नया रूप दिया गया है। राउरकेला में नए हॉकी स्टेडियम का उद्घाटन भी हो चुका है। अब चारों ओर हॉकी हॉकी और हॉकी है। ऐसे माहौल में अंतरराष्ट्रीय बालुका शिल्पी सुदर्शन पटनायक ने अपना जलवा भी दिखाया है। उन्होंने कटक बालियात्रा मैदान में एक अनूठी कला का निर्माण किया है। जो देखता है वह देखता ही रहता है। सुदर्शन पटनायक ने सैंड आर्ट में निर्माण किये हॉकी स्टिक। उन्होंने इस रेत में अलग-अलग रंगों की हॉकी बॉल बनाया हैं। उन्होंने करीब 5000 हॉकी बॉल से इस हॉकी स्टिक को बनाया। उन्होंने इसे इस तरह से डिजाइन किया है कि उन्होंने इसमें हॉकी ट्राफी, हॉकी स्टिक, स्टेडियम, हॉकी बॉल और विभिन्न देशों के राष्ट्रीय झंडे रखे। यह हॉकी स्टिक 105 फुट लंबी, 45 फुट चौड़ी और 22 फुट ऊंची है। इसमें सुदर्शन पटनायक ने स्थापत्य कला में 68 टन बालू का प्रयोग किया है। सुदर्शन पटनायक के पंद्रह छात्रों ने इसमें सहयोग किया है। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें इस्तेमाल होने वाली हॉकी की गेंदों को अलग-अलग हॉकी खिलाड़ियों से इकट्ठा किया गया है। उम्मीद की जा रही है कि यह बालूका कला जल्द ही एक नया रिकॉर्ड कायम करेगी।

## विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए दो नयी विशेष ट्रेनें



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भुवनेश्वर और राउरकेला में जनवरी 2023 के दौरान आयोजित होने वाले एफआइएच पुरुष विश्व कप हॉकी चैंपियनशिप के दौरान यात्रियों की मांग और अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए, विशेषकर हॉकी प्रेमियों की सुविधा के लिए दो नयी विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। 02834 भुवनेश्वर-राउरकेला स्पेशल 14 से 30 जनवरी 2023 तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शनिवार को भुवनेश्वर से 2025 बजे (रात 8.25 बजे) प्रस्थान करेगी। वापसी में, 02833 राउरकेला-भुवनेश्वर स्पेशल 15 से 31 जनवरी 2023 तक प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को राउरकेला से 2325 बजे (रात 11.25 बजे) प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन में एक एसी-2 टीयर, तीन एसी-3 टीयर, आठ स्लीपर क्लास, चार सेकेंड क्लास सीटिंग और दो गार्ड सह सामान वैन होंगे, जो दोनों दिशाओं से भुवनेश्वर-राउरकेला के बीच कटक, ढेंकनाल, तालचेर रोड, अंगुल, रेढाखोल, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा और राजगंगपुर स्टेशन में रुकेंगी। 02836/02835 पुरी-राउरकेला-पुरी हॉकी स्पेशल 14 से 31 जनवरी 2023 तक प्रतिदिन चलेगी। यह ट्रेन पुरी से 0515 बजे (05.15 बजे) प्रस्थान करेगी और 1245 बजे (12.45 बजे) राउरकेला पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन राउरकेला से 1330 बजे (01.30 बजे) प्रस्थान करेगी और 2230 बजे (10.30 बजे) पुरी पहुंचेगी। इस ट्रेन में दो एसी-3 टीयर, तीन स्लीपर क्लास, छह सेकंड क्लास सीटिंग और दो गार्ड सह सामान और जेनरेटर कार होगी, जो पुरी और राउरकेला के बीच खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नारज माथापुर, ढेंकनाल, तालचेर रोड, अंगुल, रेढाखोल, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा और राजगंगपुर स्टेशन में रुकेगी। इसके अलावा, 02832/02831 भुवनेश्वर-धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल भी प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार और रविवार को भुवनेश्वर से और प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शनिवार को धनबाद से राउरकेला होते हुए रवाना होती है। इसी तरह, राउरकेला-गुनुपुर-राउरकेला राज्यरानी एक्सप्रेस, पुरी-योग नगरी ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस, पुरी-हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस, भुवनेश्वर-राउरकेला-भुवनेश्वर इंटर सिटी एक्सप्रेस, पुरी-राउरकेला-पुरी एक्सप्रेस ट्रेनें भी रोजाना भुवनेश्वर और राउरकेला को जोड़ती हैं। उपरोक्त के अलावा, भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर-आनंद विहार एक्सप्रेस ट्रेनों की सेवा भी साप्ताहिक आधार पर भुवनेश्वर और राउरकेला के बीच उपलब्ध है।

## बिहार में पुलिस पर हमला, 13 गाड़ियां फूंकीं

**बक्सर (आजाद सिपाही)।** बिहार के बक्सर जिले में थर्मल पावर प्लांट के लिए जमीन अधिग्रहण के मुआवजे पर किसानों का प्रदर्शन उग्र हो गया। ग्रामीण बुधवार सुबह लाठी-डंडे लेकर पुलिस और पावर प्लांट पर टूट पड़े। पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ कर उनमें आग लगा दी। एंबुलेंस, फायरब्रिगेड समेत 13 गाड़ियां फूंक दीं। प्लांट के गेट पर भी आगजनी की गयी। पुलिस ने हवाई फायरिंग करके भीड़ को खदेड़ने की कोशिश की। दोनों तरफ से बीच-बीच में पत्थरबाजी भी हुई। इसमें चार पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। किसान 85 दिन से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों ने मंगलवार को प्लांट के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया और धरने पर बैठ गये। उस समय पुलिस ने कुछ नहीं किया, लेकिन रात को पुलिस ने बनारपुर गांव में घुसकर मारपीट की। चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

## भाजपा नेता ने किया कंबल का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जनपद में हाड कपाउ शीतलहर के चलते लोगों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह ने बुधवार को खिजूरसोता दुर्गा मंदिर के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों, महिलाओं को कंबल वितरित किये। जनपद में धीरे-धीरे बढ़ रही कड़ाके की ठंड एवं सर्दी के मौसम को देखते हुए श्री सिंह ने गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से बचाव के लिए परसन पंचायत व कैलाढ़ब पंचायत के पंदनाटांड, खिजूरसोता, महुआटांड, परसन, पुररेख, पुररेख कला, पुररेख खुर्द, प्रयासों, पूर्णपताली आदि गावों के दर्जनों लोगो के बीच सैकड़ों जरुरत मंद असहाय, जरुरतमंद, गरीब, कमजोर एवं दिव्यांग लोगो को कम्बल दिया गया। कंबल वितरण ढालो राणा, देवकी देवी , भवानी राम, द्वारिका राय, लीलो राय, गणपत पासवान, मेराहनी देवी, सीमा देवी, निर्मला देवी, बिशनी देवी, दुलारी देवी, पूना राम, लक्ष्मण महतो, शांति देवी, टेकनी देवी, गौरी देवी, ढलिया देवी शिवलाल पासवान आदि सैकड़ों लोग शामिल है। इस बाबत श्री सिंह ने कहा की जनपद में धीरे-धीरे बढ़ रही कड़ाके की ठंड एवं सर्दी के मौसम को देखते हुए मेरे निजी खर्च से गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से बचाव के लिए परसन एवं कैलाढ़ब पंचायत क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आये लोगों को सेकड़ो कंबलों का वितरण किया। कहा कि ठंड से कोई भी जन हानि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अत्याधिक ठंड व शीतलहर से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के ध्ष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबलों का वितरण कराया जा रहा है। कहा की प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष भी जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया है।



### मौके पर इनकी रही मौजूदगी

मौके पर सांसद प्रतिनिधि उदय सिंह, अशोक कुमार राय, बिनोद शर्मा, मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, युवा नेता उपेंद्र सिंह,मुंसी राम, श्याम कुमार सिंह, नकुल राय, सुधीर सिन्हा, जयदेव पाण्डेय, सोभा महतो, सुकर महतो, नाथो राम, मनोज सिन्हा, राजकुमार यादव आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## अमेरिका में सभी उड़ानें ठप, कंप्यूटर सिस्टम में बड़ी खराबी

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में बुधवार को नोटिस टू एयर मिशन्स (एनओटीएएम) सिस्टम में खराबी के चलते सभी फ्लाइट्स ठप हो गयी हैं। अब तक 3,578 फ्लाइट्स लेट हो चुकी हैं। 450 डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गयी हैं। सिविल एविएशन की वेबसाइट पर इस बात की पुष्टि की गयी है। अमेरिकी इतिहास में इस तरह की यह पहली घटना है। इस पूरे मामले पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रिपोर्ट मांगी है।

### रेलवे ने की त्वरित कार्रवाई

## रेल मंत्रालय और रेल मंत्री को ट्वीट के बाद यात्री को अपना खोया बैग मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बरपाली से केसिंगा जाने वाली संबलपुर-रायगड़ा इंटर सिटी एक्सप्रेस में सफर कर रहे बिमल कुमार विद्याधर नाम के एक यात्री ने आज रेल मदद में अपने बैग के छूट जाने की शिकायत दर्ज करायी। रेलवे ने इस शिकायत पर तत्काल कार्रवाई शुरू की और श्री बिद्याधर को आश्वासन दिया कि उनके बैग को बरामद करने के लिए सभी प्रयास किए जायेंगे। इसके बाद मुनिगुड़ा और संबलपुर में आरपीएफ अधिकारियों को इस संबंध में सूचित किया गया। बाद में, मुनिगुडा में आरपीएफ टीम ने खोये हुए बैग को बरामद किया और उचित सत्यापन के साथ शिकायतकर्ता को सौंप दिया। यात्री ने अपना बैग पाकर रेल मंत्रालय की त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना की और यात्रियों के हित में इस तरह की प्रणाली विकसित करने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद दिया।



## आज राजधानी एक्सप्रेस रद्द

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** 22823 भुवनेश्वर-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस भुवनेश्वर से 12/01/2023 (गुरुवार) को भारत के उत्तरी भागों में कोहरे को देखते हुए दिल्ली से राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों के देर से चलने के कारण रद्द रहेगी। यह निर्णय समय और समयबद्ध संचालन में समायोजन के लिए लिया गया है।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now !
+91-7903149721
www.universityfly.com

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS ZOOM PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

रत्न विक्रेता | जय माता दी | रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compluments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**